e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 60

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
01.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
सफलता की शुरुआत तब हो जाती है, जब आप उसके लिए कार्य करने जाते हैं।

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती, झारखण्ड पर

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

का हार्दिक अभिनंदन और जोहार




सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-320978 (IPRD) 23-24

## संक्षिप्त खबरें

### गुवादाग आज भी वेबुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** पलामू जिले के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती खैरादोहर पंचायत के करीब 5किमी दूरी पर जंगल मे बसे आदिवासी गाँव गुवादाग आज भी 75 वर्ष गुजर जाने के बाद भी वेबुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर है।गुवादाग गाँव मे आज भी न बिजली, न सड़क, न पक्की छत और आज भी उस गाँव के चुवाडी खोद कर पानी पीने के विवश है वहाँ के ग्रामीण। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग 100 वर्ष पूर्व से इस गाँव मे निवास करते आ रहे है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली, सड़क, पीने के लिए स्वच्छ पानी की मुहैय आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं करा सके। आज तक उस गाँव मे आंगनबाड़ी केंद्र भी नहीं है 2 किमी दूरी पार कर के गर्भवती एवं धात्री महिलाये सहित छोटे छोटे बच्चें को जाना पड़ता है और गर्भावती, बीमार लोगों की खाट पर टांग कर 5 किमी दूर सड़क लाना पड़ता है।

# खनन नियमों का उल्लंघन करने पर एक क्रशर सील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने नौडीहा बाजार क्षेत्र में संचालित कई क्रशरों की जांच की.इस दौरान खनन नियमों का उल्लंघन करने पर मां भगवती स्टोन क्रशर को सील कर दिया गया.विदित है कि इसके पूर्व बुधवार को भी छतरपुर में संचालित विभिन्न क्रशरों का अपर समाहर्ता, खनन पदाधिकारी व छतरपुर एसडीएम ने निरीक्षण किया था.उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की गयी है। डीएमओ के द्वारा अवैध खनन से जुड़े 10 वाहनों को जब्त किया गया एवं आठ वाहनों से 5 लाख 72 हजार 5 सौ की वसूली की गयी है।

## जीसीपीए कॉलेज में संचालित परीक्षा का डॉ. मृत्युंजय कुमार ने किया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज सड़मा छतरपुर में स्नातक सेमेस्टर 4 कि परीक्षाएं हो रहीं हैं। परीक्षा के दौरान एपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार एवं डॉक्टर मिथलेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराई जाने का निर्देश दिया। उन्होंने पाया की जीसीपीए कॉलेज में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। ज्ञात हो कि जीसीपीए कॉलेज छतरपुर में ए.के.सिंह डिग्री कॉलेज, जपला के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जीसीपीए कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो जितेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा से पहले केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की जांच की जा रही है। साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की समुचित व्यवस्था की गई है। कॉलेज के द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सीट प्लान एवं रूम न0 की जानकारी दी जा रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सीय व्यवस्था की उपलब्ध है।

## झारखंड सरकार ने हर वर्ग को दी है बजट में सौगात : अजीमा खातून



**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर केतार प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने न्यू वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का आभार जताया हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा 2024-25 के लिए पेश किए गए बजट स्वागत योग्य है। उक्त सरकार ने हर वर्ग को सौगात दी है। यह बजट मध्यवर्गी, किसान, मजदूर, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है और सभी वर्ग की उत्थान के लिए विकास पर जोर दिया गया है। बजट में 19 महाविद्यालय नए स्थापित होंगे वही 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना सरकार का सुखद पहल है उच्च शिक्षा के लिए सरकार का यह प्रभावशाली कदम होगा। इस घोषणा से ग्रामीण परिवेश से निकलकर उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को लाभ मिलेगा। उक्त सरकार कृषि, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, सड़क, पेयजल, औद्योगिक विकास सहित महिला के उत्थान के लिए जोर दिया है। इस बजट से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का अर्थव्यवस्था मजबूत होगा।

## रानीदेवा बनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच की विजेता



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर प्रखंड के कबरा कलां पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय के मैदान में नव युवक संघ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एक महीने से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच रानी देवा बनाम पंचपोखरी के बीच खेला गया। जिसमें पंचपोखरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में 136 रन बनाए जबकि रानीदेवा ने 17 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। फाइनल मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह विशिष्ट अतिथि पारता पंचायत के मुखिया कमल कुमार कौशल उप मुखिया प्रवेज आलम तथा समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि खेल खेल भावना से खेले जाते है जिससे आपसी भाईचारा निर्मित होता है एक टीम हारती है और एक टीम जीतती है तो इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है हारने वाली टीम के खिलाडियों को सबक लेना चाहिये कि उनसे कहा गलती हुई है और उस गलती को सुधारकर आगे अपने खेल का जौहर दिखाना चाहिए। उन्होंने विजेता उपविजेता व कमिटी के सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर समाजसेवी अवध नारायण सिंह शिव नारायण सिंह सुग्रीव प्रसाद विश्वनाथ पाल डॉ सुनेश पाल राजेश राम शालिग्राम चौधरी सुरेन्द्र चौधरी सोनु विरेम पासवान ललन राम विशाल पटेल उज्जवल, मोहित, अमरकांत, बजरंगी, हिमेश, रमेश, हिमेश, रौशन निखिल सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

# राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को उच्च विद्यालय की मिली स्वीकृति




प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत कुपा पंचायत के ग्राम चौरिया में अवस्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने की स्वीकृति मिली है। राजकिय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को उच्च विद्यालय की स्वीकृति मिलने से यहां के रहने वाले क्षेत्रवासियों में काफी खुशी की लहर है। वही मुखिया संघ अध्यक्ष खरौंधी सह कुपा पंचायत मुखिया प्रमोद राम ने बताया की माननीय बिधायक भानू प्रताप शाही के काफी मेहनत के द्वारा ग्राम चौरिया में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को उच्च विद्यालय का दर्जा मिला है। इसके लिए विधायक भानू प्रताप शाही को कुपा पंचायत के जानता की तरफ से बहुत बहुत बधाई। विधायक के इस नेक कार्यो को कुपा पंचायत की जानता आजीवन कभी नहीं भूलेगी साथ ही मुखिया प्रमोद राम ने बताया की राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया को उच्च विद्यालय का स्वीकृति मिलने से कुपा पंचायत सहित आस पास के पंचायत के छात्र -छात्राओं को काफ़ी सुविधा होगी। खासकर यहां के छात्राओं को जो 3-4 किलोमीटर दूर पढ़ने के लिए जाती थी कुछ लड़कियां तो आठ तक ही पढ़ कर अपनी पढ़ाई छोड़ देते थी उनकी माता पिता को यह चिंता सताती रहती थी की कही हमारे बेटी को कुछ न हो जाए। अब वो निर्भय होकर अपनी पढ़ाई पूरी करेगी।

# अवैध शराब निर्माण के खिलाफ पलामू पुलिस की बड़ी कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत ग्राम कुकही अंतर्गत टोला खीलपर विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब व जावा महुआ को किया गया नष्ट। शराब भट्ठी को ध्वस्त कर शराब निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों को जब्त किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रिष्मा रामेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में की गई। प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ पलामू पुलिस लगातार अभियान चला रही है। उन्होंने अवैध शराब निर्माण व बिक्री करने वाले लोगों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के खीलपर टोला के समीप से छापामारी में लगभग 2000 किलो जावा महुआ, शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, उपकरण व लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को आने की भनक लगते ही शराब निर्माण में लगे लोग फरार हो गए। डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में भारी संख्या में सशस्त्र बल शामिल था।

## सीसीएल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में उप प्रबन्धक(खनन) के पद पर कार्यरत तपन कुमार रूईदास सेवानिवृत्त हो जाने पर परियोजना कार्यालय में विदाई सह-सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर परियोजना पदाधिकारी एस सत्यनारायण,खान प्रबंधक मो0अकरम समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर विदाई देते हुए तपन कुमार को शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई ।मौके पर तपन कुमार रूईदास ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छु रही है और हम इसके उत्तरोतर विकास कि कामना करते है। यहॉ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कार्य के प्रति बहुत ही निष्ठा है तथा यहाँ के अधिकारी-कर्मचारी कंधे से कंधा मिलाकर साथ में कार्य करते हैं।वही परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यानारायणा ने मगध परिवार कि ओर से सेवानिवृत्त अधिकारी तपन कुमार रूईदास का अभिनंदन एवं स्वागत कर कंपनी के प्रति उनकी अथक सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि तपन कुमार रूईदास का योगदान अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होने उनके सपरिवार सुखी, स्वास्थ्य जीवन कि कामना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कंपनी दिनानुदिन उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है।मौके पर सीसीएल के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी,ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में खेल का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र गढ़वा के तत्वाधान में रोहनिया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण मे प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत सहायक शिक्षक अमित रंजन यादव, सहायक शिक्षिका कुमारी पृथ्वी, बीडीसी नीरा देवी एवं नेहरू युवा केंद्र स्वयंसेवक बबीता कुमारी भारती ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वयंसेवक बबीता कुमार भारती ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र खेल के माध्यम से खिलाड़ियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। खिलाड़ियों को प्रखंड से जिला स्तर एवं राज्य स्तर तक ले जाने के कार्य करती है, वही कुमारी पृथ्वी के द्वारा युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया गया। प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, रेस, दौड़ का आयोजन किया गया। विजेता टीम को मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया गया, साथ ही उपविजेता टीम का भी मनोबल बढ़ाया गया। इस मौके पर टिंकल कुमारी, सोनी कुमारी, आभा कुमारी, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, विकास कुमार, सुजीत कुमार, धनंजय कुमार, अर्पणा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## होली ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल ने मनाया सातवां वार्षिकोत्सव


# छात्रों के एक से बढ़कर एक मनमोहक डांस और गीत संगीत से झूम उठे लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत हेसला रोड स्थित होली ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल अपना सातवां का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जय कुमार मिश्रा, किशोरी मोहन सिंह, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य सह-बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, रबीन्द्र राम मुखिया, उमेश मुखिया ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वहीं सभी अतिथियो ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मिश्रा ने और संचालन शिक्षक यासीन अंसारी ने किया। समारोह में बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थी ही देश के कर्णधार हैं आज बच्चों को सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए बल्कि उनमें व्यवहारिक ज्ञान का होना भी आवश्यक है। वहीं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि होली ब्राइट स्कूल इलाके में क्वालिटी एजुकेशन देने की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ा रहा है, आज बच्चों को बेहतर शिक्षा देने की जरूरत है । स्कूल के हेडमास्टर पंकज मिश्रा ने कहा कि स्कूल बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल के निदेशक राजेश मिश्रा ने कहा कि स्कूल प्रबंधन बच्चों और अभिभावकों के हितों का पूरा ख्याल रखता है और आगे भी बेहतर व्यस्वस्था देने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। अन्य वक्ताओं ने भी विद्यालय के शिक्षण व्यवस्था की सराहना की। बच्चों के आकर्षक नृत्य और गीतों से विद्यालय में उपस्थित लोग झूम उठे। छात्रों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किए। मौके पर स्कूल की निदेशीका अंजना मिश्रा, सुनील कुमार, मंटू यादव, मनोज भास्कर, धनंजय यादव, अमरेश मिश्रा, कृष्णा चंद्रवंशी, स्कूल के शिक्षकों में मनोज वर्मा, अंजली कुमारी, चंदन देवगोदिया , संयुक्ता कुमारी, अनिशा कुमारी, चंचल गुप्ता , सुरेंद्र चंद्रवंशी ,मोनू सिंह, सोनू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## बरवाडीह मंडल सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति जल्द : रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा सत्र के तीसरे दिन शून्यकाल के दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लाइफ लाइन कहे जाने वाली बरवाडीह, मंडल सड़क जिसके निर्माण कार्य की मांग आदिकाल से चला आ रहा है । जहां मंडल डैम से विख्यात जिसका चर्चा देश के प्रधानमंत्री ने किया, जिसपर देश के राजनीतिक दलों ने खूब राजनीति की, वहां तक पहुंचने के लिए प्रखंड मुख्यालय से महज 25 किलोमीटर सड़क जिसपर यात्रा करने के नाम से पसीने आ जाते हैं। जहां उक्त सड़क निर्माण कार्य की आस में वर्षों लग गए।इस बीच 29 फरवरी 2023 को उक्त सड़क निर्माण कार्य को लेकर मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय व सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विनम्रता पूर्वक सरकार को ध्यान आकर्षित करते हुए सड़क निर्माण कार्य की मांग की है। उन्होंने सदन को अपनी बात रखते हुए कहा कि सड़क की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है जो पुरी तरह से जर्जर हो चुका है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र, सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैंकड़ों परिवारों के आवागमन होता है यह सड़क पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ को जोड़ता है उक्त सड़क निर्माण कार्य की मांग वर्षों से हमारी जनता कर रही है। सबसे बड़ी बात है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य का पथ निर्माण विभाग द्वारा डीपीआर तैयार कर तकनीकी स्वीकृति भी दे दी गई है। इसलिए हमारी जनता के परेशानियों को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाए। ऐसे में क्षेत्र की जनता को एकबार फिर आस की किरण दूर से ही सही दिखाई देने लगा है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री से मिले हुसैनाबाद के प्रगतिशील किसान प्रियरंजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** पलामू जिला के प्रगतिशील किसान प्रियरंजन सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा से खूंटी में मिले। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद क्षेत्र के किसानों द्वारा हाईटेक खेती पीपरमेन्ट, पामारोजा, तुलसी, लेमनग्रास, शुगर फ्री काला धान, लाल धान, मैजिक राईस, शुगर फ्री चावल, काला गेहूँ, ब्लू गेहूँ, शुगर फ्री आलु, काला आलु, मछ्ली पालन, चियां सीड, बीज उत्पादन, गाय पालन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं जैविक खेती का कार्य एवं प्रशिक्षण का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। सभी फसल कम समय एवं कम लागत में अधिक आय वाली फसल है।उन्होंने कहा कि कृषि को उद्योग के रूप में विकसित करने एवं किसानों को रोजगार सृजन के उद्देश्य से सरकारी राईस मील, चिनी मील, इथेनॉल प्लांट लगाने एवं कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने की अत्यंत आवश्यकता है। क्योंकि हुसैनाबाद क्षेत्र में कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। परन्तु कच्चा माल से बाजार के लिए तैयार होने वाले सामग्री तयार करने वाले उद्योग की कमी है। हुसैनाबाद क्षेत्र के किसान काला धान, काला नमक, किरण धान की खेती कर रहें है, जिसे राईस मील में प्रोसेसिंग कर अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में उतारा जा सकता है। इस क्षेत्र में राईस मील नहीं होने के कारण बिहार के व्यापारी औने-पौने दाम में धान की खरीदगी कर रहें है। यहाँ राईस मील होता तो यहाँ के किसानों का चावल 100 -200 रूपये प्रतिकिलो तक बिक सकता एवं हजारो किसानों नौजवानो को रोजगार मिलता। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के हुसैनाबाद, हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखण्ड में हजारों एकड़ भूमि में गन्ना की खेती होती है, अगर इस क्षेत्र में चिनी मील लगा दिया जाय तो किसानों को नगदी फसल के रूप में अच्छा आमदनी हो सकती है। इस क्षेत्र में चीनी मील की अत्यंत आवश्यकता है एवं गन्ना की खेती हेतु सरकारी अनुदान की भी जरूरत है। चीनी मील लग जाने से यहाँ के हजारों किसानों नौजवानों को रोजगार उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने कहा कि चावल एवं गन्ना से निकलने वाले अवशेष से इथेनॉल उत्पादन किया जा सकेगा। जिससे इस क्षेत्र के हजारों नौजवानों को रोजगार मिल सकता है।उन्होंने एक आवेदन देकर केंद्रीय कृषि मंत्री से अनुरोध किया है कि किसानों के हित को देखते हुए कृषि को उद्योग के रूप में विकसित करने के लिए सरकारी राईस मील, चिनी मील, इथेनॉल प्लांट लगाने एवं कृषि विष्वविद्यालय की स्थापना किया जाए।

# लाखो की लागत से बना अनुसूचित जाति छात्रावास बना खंडहर, विभागीय उपेक्षा का शिकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धुरकी :** धुरकी उच्च विद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए बनाया गया छात्रावास जर्जर स्थिति में है।धुरकी उच्च विद्यालय के छात्रों को रहकर पढ़ाई करने के उद्देश्य से 50 बेड के छात्रावास का निर्माण कल्याण विभाग की ओर से 15 साल पुर्व कराया गया था।कुछ दिनों तक इस छात्रावास में रहकर छात्रों ने पढ़ाई भी किया। लेकिन करीब पांच सालो से छात्रावास में कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं होने से अब वह वीरान हो गया है। वे घर से ही उच्च विद्यालय अब आना जाना करते है। इस वजह से वैसे बिधार्थी जो रोज घर से आने जाने में सक्षम नहीं है उनकी पढ़ाई नही हो पा रहा है। उल्लेखनीय है की वर्तमान में उच्च विद्यालय में अनुसूचित जाति के 70 छात्र पढ़ाई करते है।वे अपने घर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करके विद्यालय आते है। अगर छात्रावास ठीक रहता तो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे दूर से आने जाने की परेशानी नहीं झेलते। जल्द ही इसका मरम्मत नही किया गया तो यह खंडहर में तब्दील होकर गिर जायेगा।इस संबंध में उच्च विद्यालय के प्राचार्य दिनेश पाठक ने बताया की पांच साल पुर्व बच्चे इस छात्रावास में रहते थे। लेकिन छात्रवास की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण बच्चे अब छात्रवास में नही रह रहे है। रख रखाव के अभाव में भवन की छत की ढलाई भी टूट कर गिरने लगी है। छात्रावास में पानी व बिजली की असुविधा होने के कारण भी विद्यार्थी रहना नही चाहते है।वही वर्तमान में छात्रावास के आस पास काफी झाड़ी होने से विषैल जीव जंतु भी छात्रवास में घूमने लगे है। उन्होंने यह भी बताया की दो साल पुर्व इसकी मरम्मत के लिए उन्होंने जिला स्तरीय पदाधिकारियों से पत्रचार किया था। मरम्मत के लिए आवंटन भी प्रखंड को प्राप्त हुआ था। लेकिन किसी कारणवश मरम्मत नहीं हो सका और पैसा वापस चल गया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 60

**सुविचार**
सफलता की शुरुआत तब हो जाती है, जब आप उसके लिए कार्य करने जाते हैं।

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
01.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी सिंदरी हर्ल फैक्ट्री का आज करेंगे उद्घाटन

**रांची :** आज 1 मार्च को पीएम मोदी सिंदरी हर्ल फैक्ट्री का उद्घाटन करेंगे. पीएम मोदी के आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है. हटा दें कि सिंदरी हर्ल फैक्ट्री से वर्ष 2021 से उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य था, लेकिन कोरोना के कारण दिक्कतें आईं. इसके बाद शुरुआत की तारीख 17 नवंबर 2021, मार्च 2022 और फिर अप्रैल 2022 तय की गई. लेकिन इस तारीख पर भी उत्पादन शुरू नहीं हो सका. इंतजार के बाद ही सही लेकिन अप्रैल 2023 से यूरिया का उत्पादन शुरू हुआ. इस साल 10 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन हुआ है और आने वाले साल में 12 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है. फैक्ट्री का निर्माण 9000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है. करीब 4 साल में काम पूरा हुआ और अब यूरिया का उत्पादन हो रहा है.

### तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी ग्रोथ 8.4 प्रतिशत

**नई दिल्ली :** सरकार ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में जीडीपी के आंकड़े जारी कर दिए हैं. जो इस बात की गवाही दे रहे है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तूफानी तेजी से आगे बढ़ रही है. दरअसल, सरकार ने बताया है कि तीसरी तिमाही में देश की जीडीपी ग्रोथ 8.4% की दर से हुई है. इकोनॉमी के ये आंकड़े पूर्वानुमान से कहीं ज्यादा है. देश में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटीज और सरकारी खर्च में तेजी के चलते जीडीपी की रफ्तार और तेज हुई है. इससे पिछली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.6 फीसदी रही थी.गौरतलब है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसकी सराहना वर्ल्ड बैंक से लेकर आईएमएफ तक ने की है. अब तीसरी तिमाही के जो शानदार आंकड़े सामने आए हैं वो भी इकोनॉमी की तेज रफ्तार पर अपनी मुहर लगा रहे है.

### सीरियल बम ब्लास्ट केस में करीम टुंडा बरी

**नई दिल्ली :** सीरियल बम ब्लास्ट केस में अजमेर की टाडा कोर्ट ने आतंकी अब्दुल करीम टुंडा को बरी कर दिया है। जबकि, इरफान और हमीमुद्दीन को दोषी माना गया है। सीरियल बम ब्लास्ट केस में करीब 30 साल बाद कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अजमेर की टाडा कोर्ट के जज महावीर प्रसाद गुप्ता ने सैकड़ों गवाहों, सबूतों और सालों चली बहस के बाद आतंकी अब्दुल करीम टुंडा पर फैसला सुनाते हुए उसे बरी कर दिया। अब्दुल करीम टुंडा के एडवोकेट शफकत सुल्तानी ने बताया कि सीबीआई कोर्ट द्वारा लगाए गए आरोप कोर्ट ने नहीं माने और करीम को बरी कर दिया। वहीं, अन्य दो आरोपी इरफान और हमीमुद्दीन को न्यायालय ने दोषी माना है, उन्हें उम्र कैद की सजा सुनाई है।

### संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय लोगों ने मनाया जश्न

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संकटग्रस्त संदेशखाली में स्थानीय लोगों ने गुरुवार को आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जश्न मनाया। शाहजहां पर महिलाओं के साथ यौन शोषण और जमीन पर कब्जा करने का आरोप था। सभी ने इलाके में खूब मिठाइयां बांटीं। बता दें कि टीएमसी नेता शेख शाहजहां को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज गया है। आरोपी को पश्चिम बंगाल पुलिस निदेशालय, कोलकाता में भवानी भवन लाया गया है।

### यूसीसी बिल राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया

**देहरादून :** उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता कानून अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शन का काम कर रहा है। मंत्रिमंडल और सदन से पारित होने के बाद इस बिल को उत्तराखंड के राज्यपाल की ओर से राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजभवन ने इस पर विचार करने के बाद विधायी विभाग को भेजा था। विधायी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। चूंकि यह संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्ट्रपति को भेजा गया।विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद इसे राजभवन भेजा गया। इस पर राष्ट्रपति भवन को फैसला लेना है। वहां से मुहर लगने के बाद राज्य में कानून लागू हो जाएगा। उत्तराखंड के बाद असम की भाजपा सरकार यूसीसी बिल विधानसभा में सबसे पहले पेश कर सकती है। राजस्थान सरकार भी यूसीसी लाने का एलान कर चुकी है।

### अपहृत डॉक्टर बरामद

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू से अपहृत डॉक्टर को पुलिस ने मुक्त करा लिया है. इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है. वहीं पुलिस डॉक्टर रहमान से पूछताछ कर रही है. डॉक्टर के परिजनों से दो करोड़ की फिरौती मांगी गई थी.जानकारी के अनुसार डॉक्टर रहमान से पुलिस को कई जानकारी मिली है जिसके बाद अनुसंधान को आगे बढ़ाया जा रहा है. जिस वक्त डॉक्टर रहमान का अपहरण हुआ था वह अपने क्लीनिक में बैठे हुए थे इसी दौरान तीन अपराधी पहुंचे थे और हथियार के बल पर उनका अपहरण कर लिया था.

### रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

---

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र, सरकार ने की घोषणा

# 8 हजार उर्दू शिक्षकों की होगी बहाली

*** उर्दू अकादमी, हज कमिटी व अल्पसंख्यक वित्त आयोग का जल्द होगा गठन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बजट सत्र के पांचवें दिन झारखंड विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक प्रदीप यादव के द्वारा शिक्षकों के खाली पदों पर उठाए गए सवाल पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा कि उर्दू शिक्षकों के खाली पदों को शीघ्र भरा जाएगा. प्रदीप यादव ने सदन में सरकार से यह पूछा कि संयुक्त बिहार के समय से उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद हैं। जिसमें से 689 पदों पर नियुक्ति हुई है। ऐसे में उर्दू शिक्षकों की भारी कमी राज्य में है और एक बड़ा तबका उर्दू जैसे विषय पढ़ने से वंचित हो रहे हैं. प्रदीप यादव के सवाल पर जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन को बताया कि राज्य में उर्दू शिक्षकों की बहाली के नये नियमावली के तहत की जाएगी जिसमें स्वीकृत पद के दो गुणा यानी करीब 8000 उर्दू शिक्षकों की बहाली राज्य सरकार करेगी. प्रभारी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने यह भी आश्वासन दिया कि लोकसभा चुनाव से पहले उर्दू अकादमी, हज कमिटी, अल्पसंख्यक वित्त आयोग जैसी कमेटी का गठन शीघ्र किया जायेगा. प्रभारी मंत्री के सदन में दिए गए जवाब पर संतोष जाहिर करते हुए विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि इसके अलावा मदरसा बोर्ड के द्वारा दिए जाने वाले आलीम फाजिल की डिग्री की अन्य राज्यों में मान्यता नहीं दिए जाने पर सरकार ने आश्वासन देते हुए कहा है कि इस दिशा में भी कदम उठाया जाएगा.उन्होंने कहा कि राज्य में उर्दू विश्वविद्यालय सहित अन्य मुद्दों पर पिछले दिनों मैंने मुख्यमंत्री से भी मिलकर आग्रह किया था और मुझे सकारात्मक आश्वासन भी मिला है ऐसे में यदि यह काम हो जाते हैं तो राज्य का 15 फीसदी आबादी के लिए हितकारी काम होगा जिसकी मांग लंबे समय से की जा रही है.



### 5.57 लाख किसानों को सरकार तीन माह में देगी सीएम सुखाड़ राहत योजना की राशि : बादल पत्रलेख



**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को 11 बजकर 10 मिनट पर सदन की कार्यवाही शुरू हुई। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष बने छह महीने हो गये, लेकिन अब तक सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं हुई है। हजारों अपील पेंडिंग हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जल्द आयोग का पुनर्गठन किया जाये। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने जामताड़ा रेल हादसे का मामला सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि रेलवे की लापरवाही से हादसा हुआ है। मृतकों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाये।

**कुरमी,कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर लंबोदर महतो ने सदन के बाहर दिया धरना:** आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी,कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। महतो ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी,कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया।उन्होंने कहा कि आठ जनवरी 2013 को कैबिनेट में यह निर्णय लिया गया था कि बेरमो को नया प्रखंड बनाया जायेगा। इस पर भी अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाईक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करे। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनाने पर भी सरकार जल्द निर्णय ले।

---

### केंद्रीय कैबिनेट ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को दी मंजूरी

## एक करोड़ घरों पर लगेंगे सोलर पैनल

**नई दिल्ली.** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई है. इस योजना के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट को मुफ्त बिजली मिलने के साथ ही सालाना 15000 हजार रुपये की बचत होगी. 13 फरवरी को पीएम मोदी ने इस योजना को लॉन्च किया था. इसमें हर परिवार के लिए दो किलोवॉट तक के रूफ टॉप सोलर प्लॉन्ट की लागत 145000 रुपये आएगी. उसमें 78000 रुपये की सब्सिडी सरकार देगी.इसको लेकर नेशनल पोर्टल लॉन्च किया गया है और घरों के मालिक इस पर वेंडर को चुन सकेंगे. इसके लिए आसान किस्तों में बैंक से लोन भी मिलेगा. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर गांव में मॉडल सोलर विलेज बनाया जाएगा. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट ने 75,021 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए पीएम-सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी है. इस योजना केंद्र सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करती है. इसके तहत 1 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000 रुपये की सब्सिडी, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए 60,000 रुपये व 3 किलोवाट या इससे अधिक क्षमता वाले सिस्टम के लिए 78,000 रुपये सब्सिडी मिलेगा।ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य करने के लिए हर जिले में मॉडल सोलर विलेज विकसित किया जाएगा.

---

### रैयती जमीन पर जबरन सरकारी भवन बनाने पर हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी, कहा

## भूमि माफिया की तरह काम कर रहे हैं अधिकारी




**गुरुवार को इस याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए, जबकि राज्य के भू-राजस्व एवं भवन निर्माण सचिव ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराई.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने सरायकेला जिला निवासी एक व्यक्ति की रैयती जमीन पर सरकारी भवन बनाने की शिकायत वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त आदेश जारी किया है. कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार के अफसर भूमि माफिया की तरह काम कर रहे हैं. अदालत ने जमीन के बदले मुआवजा भुगतान के साथ-साथ जबरन निर्माण कराने वाले जिम्मेदार अफसर के वेतन या पेंशन से पांच लाख रुपए वसूलकर जमीन के मालिक को भुगतान करने को कहा है. याचिका दुर्गा हेंब्रम नामक शख्स ने दायर की थी. इसमें उन्होंने शिकायत की थी कि उनकी 9 डिसमिल जमीन पर सरकार के अफसरों ने जबरदस्ती भवन निर्माण करा दिया. इसके लिए उन्हें कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया. गुरुवार को इस याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए, जबकि राज्य के भू-राजस्व एवं भवन निर्माण सचिव ने ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराई.कोर्ट ने सरकार के अफसरों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस गरीब आदमी के पास अपनी आवाज सक्षम अधिकारी तक पहुंचाने का कोई तरीका नहीं है, उसकी जमीन पर अधिकारी कब्जा कर भवन निर्माण करा ले रहे हैं. ऐसे में सरकार के अफसरों और लैंड माफिया में क्या फर्क रह गया है ? कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि तीन महीने के भीतर दुर्गा हेंब्रम को जमीन के बदले मुआवजे का भुगतान करें और जबरन निर्माण करने वाले अफसर या एजेंसी को चिन्हित कर उनसे पांच लाख जुर्माना वसूलकर प्रार्थी को दें. कोर्ट ने दोषी अफसर को चिन्हित करने के लिए सेवानिवृत्त ज्यूडिशियल ऑफिसर की वन मैन कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया. इस कमेटी की फीस भी जिम्मेदार अफसर या एजेंसी से वसूलने का निर्देश दिया गया है.

---

## सुक्खू बने रहेंगे हिमाचल के सीएम : डीके शिवकुमार



**एजेंसी**

**शिमला :** हिमाचल में जारी सियासी उथलपुथल का पटाक्षेप होता नजर आ रहा है.पार्टी आलाकमान की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में भेजे गए कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ये बहुत दुखद है कि हमने हिमाचल की राज्यसभा सीट खो दी है. पूरे देश ने हिमाचल के राज्यसभा का चुनाव देखा. उन्होंने कहा कि हमने एक कोर्डिनेशन कमेटी बना दी है, जो सरकार और पार्टी के बीच कॉर्डिनेशन का काम करेगी. उन्होंने कहा कि हम यूनाइटेड हैं, हमारे पास पूरे नंबर हैं. इस दौरान उन्होंने पार्टी का बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि सुक्खू ही हिमाचल के मुख्यमंत्री बने रहेंगे.कांग्रेस पर्यवेक्षक डीके शिवकुमार ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार है और सुक्खू सीएम हैं.

सभी विधायक 5 साल तक कांग्रेस सरकार चाहते हैं...यहां कोई ऑपरेशन लोटस नहीं है. उन्होंने कहा कि हमारे सीएम ने स्वीकार किया कि कुछ विफलता हुई है, लेकिन यह आगे जारी नहीं रहेगा. हमने सभी विधायकों से व्यक्तिगत रूप से बात की है. हमने पीसीसी अध्यक्ष, सीएम से बात की है. एक दौर की चर्चा बाद में होगी. सभी ने अपने मतभेद सुलझा लिए हैं. अब सब मिलकर काम करेंगे हम पार्टी और सरकार के बीच 5 से 6 सदस्यों के साथ एक समन्वय समिति बना रहे हैं. वे पार्टी को बचाने और सरकार को बचाने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे. पर्यवेक्षक भूपिंदर हुड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमने राज्यसभा सीट क्यों खोई, इस पर चर्चा हुई है. हमने सबके मतभेद दूर कर दिए हैं. अब लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे. कोर्डिनेशन कमेटी में सीएम और दिल्ली से एक नाम दिया जाएगा. इनका काम आपस में सहमति बनाना होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार 5 साल चलेगी. सुक्खू ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे. हुड्डा ने कहा कि सीएम, पीसीसी, डिप्टी सीएम और तीन सदस्यों वाली 6 सदस्यीय कोर्डिनेशन कमेटी का गठन किया जाएगा. इन तीन सदस्यों के नामों की घोषणा बाद में की जाएगी.

---

## सिविल और क्रिमिनल मामलों में लगा स्टे खुद नहीं होगा रद्द : सुप्रीम कोर्ट

**पांच जजों की बेंच सुप्रीम कोर्ट के 2018 के उस फैसले से सहमत नहीं हुई जिसमें कहा गया था कि निचली अदालत व हाई कोर्ट के स्थगन आदेश यानी स्टे ऑर्डर छह महीने बाद अपने आप ही रद्द हो जाने चाहिए अगर उस स्टे ऑर्डर को विशेष तौर पर बढ़ाया न गया हो।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि सिविल और क्रिमिनल मामलों में निचली अदालत या हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक (स्टे ऑर्डर) स्टे खुद ब खुद रद्द नहीं हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली वाली पांच जजों की बेंच सुप्रीम कोर्ट के 2018 के उस फैसले से सहमत नहीं हुई जिसमें कहा गया था कि निचली अदालत व हाई कोर्ट के स्थगन आदेश यानी स्टे ऑर्डर छह महीने बाद अपने आप ही रद्द हो जाने चाहिए अगर उस स्टे ऑर्डर को विशेष तौर पर बढ़ाया न गया हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संवैधानिक अदालतों सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट को आमतौर पर निचली अदालत के लिए केस की सुनवाई और निपटारे के लिए टाइम फिक्स नहीं करना चाहिए। संवैधानिक कोर्ट को साधारण स्थिति में टाइम लाइन फिक्स करने से संवैधानिक कोर्ट को बचना चाहिए। ऊपरी अदालत द्वारा अति विशेष परिस्थितियों में केस के निपटारे के लिए टाइम लाइन फिक्स करने का निर्देश देना चाहिए साधारण तौर पर नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में गुरुवार को दिए फैसले में कहा कि संवैधानिक अदालतों यानी सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट को मामलों के निपटारे के लिए टाइमलाइन तय करने से बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असाधारण स्थिति में ही टाइमलाइन हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने एक मत से फैसला दिया हालांकि दो अलग अलग फैसले लिखे गए। जस्टिस एएस ओका ने फैसले में कहा कि संवैधानिक अदालतों को मामले में फैसला के लिए कोई समयसीमा तय नहीं करना चाहिए क्योंकि संबंधित अदालत को ही पता होता है कि ग्राउंड रियलिटी क्या है। ऐसे में इस तरह का आदेश सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही पारित हो सकते हैं। उन्होंने फैसले में लिखा कि स्टे ऑर्डर अपने आप रद्द नहीं हो सकते हैं।



---

### झारखंड कैबिनेट में 40 प्रस्ताव पर लगी मुहर

## आंगनबाड़ी चलो अभियान की होगी शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में 40 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि रांची में स्थित संबंधता प्राप्त उप शास्त्री इंटर और संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षक कर्मी को भविष्य निधि सह उपादान का लाभ देने की स्वीकृति दी गई।राज्य के विश्वविद्यालय की तर्ज पर किया लाभ दिया जायेगा। टाना भगतों के परिवारों को 200 यूनिट मासिक निःशुल्क बिजली प्रदान की जायेगी।राज्य सरकार के वैसे कर्मी जिनका जिनका नियुक्ति विज्ञापन एक बार 2004 के पहले हुआ था पर वह योगदान 01-12-2004 के बाद किए थे, उनकी नियुक्ति के पहले जो कंट्रीब्यूशन था वह उन्हें अब लौटना नहीं होगा। ओल्ड पेंशन का भी लाभ होगा। वहीं राज्यकर्मियों के पोशाक भत्ते में वृद्धि की गई है। अब 2500 के बदले 5000 रुपये उन्हें पोशाक भत्ता मिलेगा। केंद्र सरकार के राशि देने से इनकार करने के बाद अब राज्य सरकार अपने फंड से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण कराएगी। इसके लिए राशि का आवंटन किया गया है।रामरेखा जलाशय योजना के लिए 130 करोड़ की स्वीकृति दी गई। राज्य सरकार के विभिन्न सेवा के कार्य को पांच लाख का जो हेल्थ इंश्योरेंस जो बीमा कंपनी के माध्यम से दिया जाना है, पांच लाख से ऊपर के खर्चे पर सूचीबद्ध अस्पताल के अलावा अन्य अस्पताल यानी सीजीए के तहत भुगतान होगा। राशि अधिक मिलेगी। एयर एंबुलेंस और अंग प्रत्यारोपण के लिए भी पैसा मिलेगा। ग्लाइडर पायलट और प्रभावित पायलट को 37,500 का भत्ता, 166 स्कूलों को प्लस टू स्कूल में उत्क्रमित किया गया।केंद्रीय योजनाओं के लिए कोषागार से राशि के निकासी और सारी व्यवस्था पेपरलेस होगी। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण के लिए भारत सरकार का राशि का हिस्सा अभियान झारखंड सरकार वहन करेगी। 19 करोड़ रुपये झारखंड सरकार देगी। भारत सरकार ने राशि देने से मना कर दिया था अब पूरी राशि 47 करोड़ राज्य सरकार देगी। नेताजी आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय खाने के खर्च को 1400 से बढ़कर 2290 रुपये प्रति छात्र प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके अलावा बिजली और अन्य खर्चों में भी राशि बढ़ाई गई है। इसमें विविध अनुदान 2.50 लाख और बिजली के लिए 3.50 लाख रुपये दिए जाएंगे।स्वास्थ्य विभाग के अधीन आयुष निदेशालय में खाद्य सुरक्षा आयुक्त के कार्यालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया।




दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

## पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय मे सेवानिवृत्ति सीसीएल कर्मियो को दी गई विदाई




**पिपरवार** (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय मे विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा ने किया।समारोह मे पिपरवार के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए सीसीएल कर्मचारियों को विदाई दी गई,जिसमे लोडिगं इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह,डम्पर ऑपरेटर अनिल कुमार गोप, डोजर ऑपरेटर,समसुद्दीन अंसारी,झरी गंझु के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हे विदाई दी गई।जीएम सीबी सहाय सहित अन्य अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों के द्वारा श्रीफल अंगवस्त्र एवं अन्य उपहार देकर सभी को सम्मान के साथ विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि सेवानिवृत सीसीएल कर्मी नौकरी में योगदान देकर सकुशल सेवानिवृत्त हुए हैं। नौकरी में सेवानिवृत्ति भी एक प्रक्रिया है जो सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को इससे गुजरना पड़ता है। उन्होंने सेवानिवृत सीसीएल कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना की।इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति, कार्मिक एंव प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, स्टाफ ऑफीसर ईएंडएम जेएन दत्ता,स्टाफ ऑफिसर एक्शवेशन जीएसपी शर्मा, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक हेमचंद महतो,रवि बाड़ा एवं यूनियन प्रतिनिधियों में जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,एनसीओईए सीटु के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी सहित दर्जनों सीसीएल कर्मी मौजूद थे।

## पुल निर्माण कार्य में बरजी जा रही अनियमितता

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**:कुच्चू पंचायत अंतर्गत डीमरा नाला में बहुप्रतीक्षित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का गुरूवार को कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया एवं ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया जनप्रतिनिधियों ने जांच करने डीमरा नाला पहुंचे उच्च स्तरीय पुल निर्माण का कार्य ए के कंस्ट्रक्शन राची के द्वारा 5.80 करोड़ के लागत से किया जा रहा है जांच के दौरान पाया गया कि पुल निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती गयी है घटिया निर्माण किया जा रहा है पुल की पीलर की गड्ढा की खोदाई कम की गयी है और पिलर की गड्ढा में मिट्टी को हटाये बिना दलदल में ही पीसीसी ढलाई किया गया है सभी मानकों को अनदेखी करते हुए जैसे जैसे निर्माण कार्य किया जा रहा है घटिया निर्माण कार्य से जनप्रतिनिधियों में काफी नाराजगी है पुल निर्माण कार्य में देखरेख करने वाले साईड इंचार्ज सुबोध सिहंऔर ठेकेदार मनोज सिंह से बातचीत करने पर वे संतुष्ट जनक जबाब नही दे पाये ओर निर्माण कार्य स्थल से खिसक गये है पुल निर्माण कार्य में लगे मजदुरो ने साईड इंचार्ज सुबोध सिहं पर आरोप लगाया कि सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक कार्य कराया जाता है और ओवर टाईम का मजदूरी राशि भी नहीं देता है ।

# आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से चलाया गया स्टीकर अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, श्री लोकेश मिश्रा के नेतृत्व में ढ्ढह्लष्टरु खूंटी के परिसर में ÷मतदाता जागरूकता स्टीकर कैंपेन÷ चलाया गया। इसके लिए सभी कर्मियों को जागरूक मतदाता बन अपने मत का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान श्वक्क्रष्ट दिखाने पर कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा सम्मानित कर उन्हें प्रेरित किया गया। इस क्रम में लोगों को मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के दौरान बताया गया कि स्वस्थ



लोकतंत्र निर्माण के लिए भयमुक्त होकर मतदान करें। लोगों को बताया गया कि लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत देश के प्रत्येक व्यस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार है। संविधान द्वारा प्रदत सभी अधिकारों में यह सबसे बड़ा अधिकार है। इसके साथ ही इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में बताया गया कि मतदान एकमात्र ऐसा साधन है जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है।

**उपायुक्त द्वारा दिलाई गई मतदाता प्रतिज्ञा :** हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।%%

अभियान के दौरान उपरोक्त के अलावा परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, महाप्रबंधक, आईओसीएल टर्मिनल, खूंटी एवं आईओसीएल के प्रतिनिधि आनंद वर्धन उपस्थित थे।

# टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन ने बचरा के धार्मिक स्थलो का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने गुरूवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित धार्मिक स्थलो का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाने वाले पिपरवार क्षेत्र के बचरा काली मंदिर,बचरा जामा मस्जिद, बचरा गुरुद्वारा और बचरा गिरजा घर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।एसडीपीओ श्री बरवार ने संबंधित धार्मिक स्थल के समिति



सदस्यो से मुलाकात कर धार्मिक स्थलो के बारे मे जानकारी ली।वही उन्होंने समिति के सभी सदस्यो से धार्मिक स्थलो मे सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिया।समिति के सदस्यों ने भी जल्द ही धार्मिक स्थलों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का भरोसा दिया।एसडीपीओ श्री बरवार ने कई बातों पर चर्चा करते हुए संबंधित समिति के सदस्यों को कई सुझाव दिया। इस संबंध में एसडीपीओ श्री बरवार ने कहा कि पिपरवार के बचरा में एक ही जगह पर चारों धार्मिक स्थल अनेकता में एकता का प्रतीक है।यहां सभी धर्म और समुदाय के लोग आपसी भाईचारगी के साथ सभी प्रकार के त्यौहार मनाते आ रहे हैं,जो एक मिसाल है और यह परंपरा आगे भी कायम रहेगी।इस मौके पर सरदार बक्शी सिंह, इस्लाम अंसारी,इरफान शेख, बल्लु सिंह,अब्दुल कुदूस,रिंकु खान,जितेन्द्र कुमार,सकील अंसारी,शोऐब आलम,मनोज कुमार,शहनवाज अंसारी, दिलिप कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# कर्रा में अवैध जमीन खरीद-बिक्री सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** अबुआ झारखंड पार्टी एवं संयुक्त पड़हा महासभा के बैनर तले गुरूवार को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 के मूल अधिकारों का उल्लघंन कर किसानों की खतियानी एवं जमाबन्दी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री एवं लूट के विरोध में अंचल सह प्रखंड कार्यालय के समझ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन फ्रेंकलिन धान कि अध्यक्षता पर किया गया.वही जुलूस के दौरान रांची सदर थाना के दरोगा लक्ष्मी कांत के द्वारा आदिवासी भाई बहनों के साथ दुर्व्यवहार करने के आक्रोस में पुतला दहन किया गया. धरना प्रदर्शन के पूर्व अबुआ झारखंड पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ झारखंड आन्दोलन कारियों एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने कर्रा ब्लॉक चौक जुलूस निकाला गया. जुलूस ब्लॉक चौक से कर्रा थाना चौक, मस्जिद चौक पहुंचा. जुलूस के दौरान अफसरशाही बंद करों बंद करों, कर्रा अंचल सीओ, सीआई व कर्मचारी होश में आओ होश में आओ, जमीन की अवैध खरीद बिक्री बंद करों बंद करों. जमीन



दलाल होश में आओ होश में आओ के नारे लगाते जुलूस प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर पहुंचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गया और सभी घंटों तक धरना प्रदर्शन के रूप करते हुए देखे गयें. जिसके बाद माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम 14 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन कर्रा बीडीओ व कर्रा सीओ के कार्यालय में सौपा गया. जिसमें मुख्यता जमीन ऑनलाईन में गड़बड़ी, ऑनलाईन रसीद कटाने में हो रही परेशानी, जाति आधारित जन गणना, समान नागरिक कानून को रद्द करने, जमीन का अवैध रूप से खरीद-बिक्री, झारखंड आन्दोलन कारियों को चिन्हित करके सम्मानित करने, सरना कोड व स्थानीय नीति को लागू करने, वन संरक्षण अधिनियम 2023 को रद्द करने, वन क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को वन पट्टा देने, इभीएम मशीन को हटाने, जन वितरण प्रणाली में गड़बड़ी, अबुआ आवास में गड़बड़ी, जैसे मुद्दों विशेष रूप बल दिया गया. धरना प्रदर्शन के दौरान के मुख्य रूप से फ्रेंकलिन धान, ऐदल संगा पड़हा राजा सोमा मुंडा, लौरेंस बाखला, दिलीप होरो, बेनेदिक धान, सुलेमान धान, फागू हेरेंज, लोहोर बाखला, अरविन्द संगा, देवकी हेरेंज, सुशांति धान, रोयलेन धान, ग्लेक्शन होरो, अल्बर्ट होरो, जागेश्वर महतो, बिरसा होरो, फुलमनी हेरेंज, भाईलेट बारला, ग्लोरियस बाखला के अलावे हजारों लोग उपस्थित रहे।

# बचरा में कलशयात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हुआ प्रारंभ



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित श्री श्री बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण मे गुरूवार से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है।गुरुवार को बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद पंडित दयानंद शास्त्री जी के सानिध्य में कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा बचरा नंबर चौक आईआरबी कैंप रोड होते हुए सपही नदी पहुंचा जहां पर वैदिक मंत्रोच्चारण विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के बाद कलश में जल भरकर यात्रा बिशुझपा कालोनी, बचरा बाजारटांड़,हॉस्पिटल रोड,थाना चौक होते हुए पुनः सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचा।मंदिर प्रांगण के यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के पश्चात् कलश लिए महिलाओं ने कलश को यज्ञशाला के चारों ओर रखा।कलश यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य पुरुष महिलाएं बालक बालिकाएं सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालु भक्त शामिल हुए।वही कलश यात्रा एवं कलश स्थापना अनुष्ठान के बाद संध्या 6 बजे से कथाकार पंडित दयानंद शास्त्री श्री अयोध्या धाम ने भागवत कथा का प्रसंग सुनाया।कथा सुनने के लिए पूरे मंदिर प्रांगण में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।इस मौके पर मंदिर समिति के सभी सदस्यों के अलावा काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।


## जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा
सदर अस्पताल परिसर, गढ़वा

National Rural Health Mission | स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

**राज्य योजना अंतर्गत गढ़वा जिला के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायकों की अनुबन्ध नियुक्ति हेतु चयन–सूची का प्रकाशन**

विज्ञापन संख्या:– 03/2023 साक्षात्कार की तिथि **20.0124**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, गढ़वा के पत्रांक– 5/पी0–16/2023–33 (5)ब, योजना, स्वा0, गढ़वा दिनांक–25.05.2023 के द्वारा राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निमित **"चलंत ग्राम क्लिनिक"** के संचालन हेतु आयुष चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक की अनुबंध आधारित सेवाएं प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर बैकलॉग अनुबन्ध नियुक्ति हेतु आयुष चिकित्सक तथा चिकित्सा सहायक का दिनांक **20.01.24** को **Walk In Interview** आयोजित की गई थी। जिसके आलोक में आयुश चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों के बैकलॉग अनुबन्ध चयन निम्नवत है :–

1. **चयनित आयुष चिकित्सक (बैकलॉग) की सूची :–**

| Roll No | Name | Date of Birth | Category St/SC/OBC | Total Marks-50 | Result |
|---|---|---|---|---|---|
| Selection list Under EWS | | | | | |
| 14 | SUBHASH SINGH | 28.09.1997 | EWS | 43.69 | Selected |
| 9 | BRAJESH KUMAR DHAR DUBEY | 17.01.1959 | EWS | 43.45 | Selected |
| Selection list Under BC-I | | | | | |
| 13 | NITISH PARMATHI | 21.06.1999 | BC-I | 38.74 | Selected |
| 3 | SANDEEP KUMAR GUPTA | 15.01.1997 | BC-I | 33.76 | Selected |

2. **चयनित मेडिकल असिस्टेंट / चिकित्सक सहायक (बैकलॉग) की सूची :–**

| Roll No | Name | Date of Birth | Category EWS/SC/OBC.... | Total Marks-50 | Result |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | BIBHUTI KUMAR TIWARI | 30.04.1993 | EWS | 37.13 | Selected |
| 3 | RITESH RAJ | 11.12.1992 | EWS | 36.12 | Selected |

उपरोक्त सूची गढ़वा जिला के बेवसाईट www.garhwa.nic.in एवं जिला स्वास्थ्य समिति कार्यालय गढ़वा के सूचना–पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है।

चयनित सभी आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक, दिनांक 05.03.24 से पूर्व अनुबन्ध प्रकिया को पूर्ण करने हेतु कार्यालय–जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के कार्यावधि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि अनुबन्ध चयनोपरांतयोगदान संबंधित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समयावधि में योगदान नहीं करने पर उनका अनुबन्ध चयन स्वतः समाप्त समझा जायेगा।

संबंधित चयनित अभ्यर्थी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देगें ताकि ससमय चलन्त ग्रामीण क्लिनिक गढ़वा जिला में सुनिश्चित किया जा सके।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, DHS गढ़वा

PR 320918 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D



## झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग)

कार्यालय– जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची Email Id- dcoranchi12@gmail.com

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) अन्तर्गत प्राथमिक बुनकर सहयोग समितियाँ जो झारखण्ड सहकारी समिति अधिनियम 1935 के अन्तर्गत निबंधित है, को अनुदान स्वरुप वित्तीय सहायता उपलब्ध कराया जाना है। विभागीय संकल्प संख्या– 2636, दिनांक– 27.12.2010 में उल्लेखित मापदण्डों के अनुसार, प्राथमिक बुनकर सहयोग समितियाँ का चयन किया जाएगा। प्राथमिक बुनकर सहयोग समितियों को उनके ग्रेडिंग Grade A, Grade B, Grade C, Grade D, Grade E के आधार पर क्रमशः 6.00 लाख, 3.75 लाख, 2.50 लाख, 01.00 लाख, 50,000 रु0 के दर से उपलब्ध कराया जाना है, जिसका चयन निम्नांकित मापदण्डों के अनुरुप किया जाएगा।

1. समिति का निर्वाचन अद्यतन हो।
2. समिति का अंकेक्षण अद्यतन हो।
3. समिति द्वारा बकाया अंकेक्षण शुल्क की राशि जमा कर दी गई हो।
4. समिति में पर्याप्त आधारभूत संरचना यथा–कार्यालय/गोदाम/फर्नीचर की स्थिति अच्छी/संतोषजनक हो।
5. समिति में वाहन के आवागमन की सुविधा हो।
6. समिति पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंक डिफॉल्टर नहीं रहा हो।
7. समिति का व्यवसाय पिछले दो वर्षों से लगातार धाटे में नहीं हो।
8. समिति में पर्याप्त मानव संसाधन की व्यवस्था हो।
9. समिति में नियमित रुप से प्रबंधकारिणी समिति एवं वार्षिक आमसभा की बैठक आयोजित होती रही हो।
10. चयनित विशेष प्रकार की सहकारी समितियों के पास उनके कार्य की प्रकृति के अनुरुप लाईसेंस हो।
11. समितियों के चयन में प्राप्तांक के आधार पर वर्गीकरण (Audit Classification) A ,B,C, D , E Category में की जाएगी। रांची जिलान्तर्गत सभी इच्छुक एवं आवश्यकताधारी समितियों का चयन निर्धारित मापदण्ड के अनुरुप किया जाएगा। प्राथमिक बुनकर सहयोग समितियों को निम्न विहित प्रपत्र में आवेदन आवश्यक कागजात एवं अभिलेख के साथ संबंधित प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/ सहकारिता प्रसार पदाधिकारी द्वारा अनुशंसित प्रस्ताव दिनांक–10.03.2024 तक कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची में जमा करना होग

विहित प्रपत्र

| प्रखण्ड का नाम | समिति का नाम/पता एवं निबंधन संख्या | गत निर्वाचन की तिथि | आधारभूत संरचना | | | वित्तीय प्रतिवेदन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कर्मी की संख्या | कार्यालय (हा/नही) | फर्निचर फिक्सचर | गत अंकेक्षण का वर्ष | अंकेक्षण शुल्क भुगतान की स्थिति | लाभ/हानि 2022–23 सहित के पूर्व तीन वर्षो से | वार्षिक कारोबार (रुपए में) |
| | | | | | | | | | |

प्रपत्र के साथ जमा किए जाने वाले अभिलेखः–

1. अंकेक्षण प्रतिवेदन (2022–23 सहित पूर्व तीन वर्षों में)
2. निर्वाचन प्रमाण–पत्र
3. व्यवसाय कार्य योजना
4. कारोबार संबंधित लाईसेंस
5. शपथ–पत्र

2021–22 एवं 2022–23 तक बैंक डिफालटर नहीं रहा है।

विशेष जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/ सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का नाम– जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची।

द्वितीय तल्ला, विकास भवन, कचहरी रोड रांची।

जिला सहकारिता पदाधिकारी, रांची

PR 320974 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम– ज्ञान प्रकाश कुमार उम्र–24 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट , पहनावा–काला पैंट,भूरा रंग का जेकेट, एवं नाक में काला दाग है।**

उपरोक्त लापता लड़का ज्ञान प्रकाश कुमार पे0–प्रबोध कुमार, सा0–देदौर बख्तियारपुर, थाना– बख्तियारपुर, जिला–पटना (बिहार), जो घर से दिनांक–07.02.24 को बंधुवा पंचायत, थाना–नामकुम राँची, में रह कर के ठिकेदार के अंदर मे ठिकेदारी करता था उसका कोई खबर नहीं है और वह शाम तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में नामकुम थाना– सनहा संख्या–16/24, दिनांक–08.02.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक प्रथम राँची। –9431706141

थाना प्रभारी नामकुम, राँची। –9431706173

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 320902 Police(23-24).D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना



**उपरोक्त पुरूष का शव, जिसका नाम–मोहन साव उम्र–लगभग 58 वर्ष,उंचाई–लगभग 5 फिट, रंग–सांवला दाढ़ी बड़ा, पहनावा–उजला चकदार रंग का सर्ट काला रंग का स्वेटर एवं ब्राउन रंग का जैकेट।**

उपरोक्त पुरूष का शव जिसका नाम–मोहन साव सदर अस्पताल राँची के द्वारा सूचना मिला की स्ट्रेचर पर मृत पड़ा है, थाना–लोअर बाजार जिला–राँची से बरामद किया गया है जिसके संबंध में लोअर बाजार थाना यु0डी काण्ड सं0–29/23,दिनांक–29.12.23, दर्ज किया गया है। इसकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त पुरूष का शव के बारे में कोई जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय, राँची में अथवा संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सिटी राँची। –9431706139

थाना प्रभारी, लोअर बाजार राँची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 320892 (Police)23-24*D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
सर्वसाधारण के लिए सूचना



**नाम– राम वृक्का लोहरा उम्र–47 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट 5 ईंच लगभग ,पहनावा–लाल टीशर्ट एवं काला फुल पेंट एवं पैर में ब्लू रंग का चप्पल।**

उपरोक्त लापता पुरुष पुरुष राम वृक्का लोहरा पे0–स्व0 खेदवा लोहरा, सा0–हेसाडीह पंचायत–गोड़ाडीह, पी0ओ0–लोटा, थाना–सिल्ली जिला–राँची, जो घर से दिनांक–20.01.24 को अपने घर से बैंगलोर काम करने ट्रेन से जाने के लिए गॉव के लोगो के साथ निकले थे परन्तु दिनांक–21.01.24 को बैंगलोर पहुंचने से पहले ही ट्रेन से कहीं उतर जाने की बात बताया गया है, जो अभी तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में सिल्ली थाना सनहा संख्या–12/24, दिनांक–09.02.24, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरुष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली, राँची। –9431770066

थाना प्रभारी सिल्ली, राँची। –9431706153

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 320884 Police(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– **WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-20/2023-24**

पत्रांक –175 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सुपारानी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 58.943 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– **https://jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 320789 (District) 23-24 (D)

## विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल को जेनिथ ऑर्डर से बीस लैपटॉप का अनुदान मिला



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनईपी के तहत शिक्षा के आधुनिकीकरण एवं सहज करने के क्रम में मानगो स्थित विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को लैपटॉप प्रदान किया गया जिससे वे प्रोजेक्ट बेस्ड शैक्षणिक गतिविधियों को आसानी से कर पाएंगे। स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ निधि श्रीवास्तव, एडमिन सौम्य दीप सहित सभी शिक्षकों ने जेनिथ ऑर्डर के युवा चेयर पर्सन चैतन्य कवि ध्रुव एवम उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया, उनके युवाओं के हित में काम करते रहने की प्रशंसा की तथा उनकी उन्नति के लिए हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की।

## डोनियर ग्रुप का म्यूज़िकल कैंपेन 'फ़्रीडम टू मूव' लॉन्च



**जमशेदपुर/रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत का सबसे बड़ा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस डोनियर ग्रुप का म्यूज़िकल कैंपेन 'फ़्रीडम टू मूव' लॉन्च किया गया। इस म्यूज़िकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकड़ी का गीत 'नियो स्ट्रेच फैब्रिक' को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढ़िया फैब्रिक है जो चार तरफ़ स्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज़्यादा आजादी। इस संबंध में डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा कि नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफ़र्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक 'नियो स्ट्रेच' के साथ मैच होती है। 'फ्रीडम टू मूव' कैंपेन के बारे में बात करते हुए डोनियर ग्रुप के एवीपी ब्रांड मार्केटिंग आकाश मिश्रा ने कहा कि फ्रीडम टू मूव कैंपेन के पीछे अलग तरह के फैब्रिक के लिए जगह बनाना और इससे जुड़ा अनुभव को सभी तक पहुंचाने का विचार है ।

## विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने चलाया अभियान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में इंडियन नेशनल कांग्रेस साथी डॉट कॉम बी एल ए-2 अभियान को मानगो क्षेत्र में जोर-जोर से चलाया। अभियान के अंतर्गत जिला उपाध्यक्ष अंसार खान ने कांग्रेस के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों के घरों तक पहुंच कर आईएनसी साथी डॉट कॉम के लिंक पर रजिस्ट्रेशन करने का अभियान चलाया। इस अभियान में अंसार खान का कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं बस्तीवासियों ने भी साथ दिया। अंसार खान ने कहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## भाजपा नेता विमल बैठा के निःशुल्क सेवा शिविर में 170 लोगों ने भरा ऑनलाइन फार्म



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के गाधड़ा मैंदान में गुरुवार को भाजपा नेता विमल बैठा की ओर से निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न जगहों से पहुंचे 350 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जबकि 170 लोगों का ही आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, आधार कार्ड, ई श्रम कार्ड, बृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन,पीएम किसान, पीएम विश्वकर्मा योजना समेत अन्य कई तरह के आवेदन पत्र को ऑन लाइन भरा गया। नेटवर्क की समस्या होने के कारण बाकी लोगों का फार्म ऑफ लाइन भर कर जमा लिया गया। विमल बैठा ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इसलिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन कर असहाय लोगों को लाभ दिलाने में मदद कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि अब तक पूरे विधायक क्षेत्र में करीब 12 हजार लोगों को केंद्र सरकार संचालित विभिन्न प्रकार योजनाओं का लाभ दिलाया गया है।

## ईचागढ़ के जिलिंग आदर निवासी बच्चे का विधायक सविता महतो ने कराया टीएमएच से 37 हजार का बिल माफ

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के देवलटांड पंचायत अंतर्गत जिलिंग आदर निवासी सम्बध माहली के बेटा दीपक माहली का सरस्वती पूजा के दौरान चांडिल में एक्सीडेंट हो गया था जिससे वह घायल हो गए थे। परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टाटा मेन अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल काफी हो गया। अस्पताल का बकाया बिल चुकाने में असमर्थ का जताते हुए सम्बध माहली ने इसकी जानकारी विधायक सविता महतो को दिया। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर 37 हजार का बिल माफ कराते हुए अस्पताल से छुट्टी दिलाई। विपदा के समय विधायक के इस नेक कार्य के लिए सम्बध माहली ने विधायक सविता महतो का आभार प्रकट किया। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दिया।

## जेबीकेएसएस का कपाली नगर परिषद क्षेत्र के ताजनगर में हुआ जन आशिर्वाद सभा का आयोजन

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे राजनीतिक पार्टियों में हलचल तेज होने चली है। इन दिनों राजनीतिक दल जगह जगह सभा का आयोजन कर अपने समर्थकों में जोश भरने का काम कर रहे हैं। इसी क्रम में आज चांडिल अनुमण्डल अंतर्गत कपाली के ताज नगर मैदान में झारखण्डी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) द्वारा सम्मान सह जन आशिर्वाद सभा का आय.ोजन समिति के समा परवीन और अजय महतो की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शंकर महतो और हंसमुख भाई ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति के तौर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिजवान अंसारी उपस्थित होकर सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने तमाम सत्तधारी दल झामूमो कांग्रेस आरजेडी पर जमकर बरसे। इस दौरान वे प्रदेश के खनिज संसाधनों का दुरुपयोग करने सहित नौकरी में धांधली करने का आरोप सत्तधारी दल पर लगाया। वहीं आड़े हाथों सांसद संजय सेठ को भी लेते हुए कहा वे नीति विहीन राजनीति करते हैं। वहीं आवाम से ऐसे नेताओं को चिन्हित कर बहिष्कार करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे केंद्रीय उपाध्यक्ष तरुण महतो सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ो की तदाद में कार्यकर्त्ता और समर्थक उपस्थित रहें ।

### उपायुक्त अनन्य मित्तल ने समाहरणालय स्थित कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# साफ-सफाई, ससमय उपस्थिति, अनिवार्य रुप से बायोमीट्रिक अटेंडेंस बनाने के दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने समाहरणालय परिसर के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों से कार्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही स्वीकृत पद के तुलना में कर्मचारियों की उपलब्धता, कार्य का बंटवारा और कार्य निष्पादन में किसी तरह की समस्या आदि के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि तय समय के अनुसार ही सभी पदाधिकारी एवं कर्मी कार्यालय में प्रवेश करें और बायोमिट्रिक अटेंडेंस बनाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था, सामान्य शाखा, नजारत शाखा व अन्य कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कार्यालय परिसर की साफ सफाई पर बल देते हुए कहा कि जिस कार्यालय में हम कार्य करते हैं, उसकी साफ-सफाई सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मियों को न सिर्फ अपने कार्यस्थल को साफ-स्वच्छ रखने, बल्कि अन्य लोगों को भी गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। कार्यालयों की समुचित साफ-सफाई के अलावा फाइलों को विधिवत संधारण के साथ-साथ उसको नियत स्थान पर रखने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधायक मंगल कालिंदी ने शून्यकाल में उठाया डिमना व छोटाबांकी बांध का सौंदर्यीकरण का मामला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुवार विधानसभा में बजट सत्र के शून्यकाल में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डिमना व छोटाबांकी बांध का सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के ठहरने की मांग सरकार से की है। विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डिमना व छोटाबांकी बांध जलाशय में सरकार द्वारा केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन एवं बांध के सौंदर्यीकरण कार्य करने तथा पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था होने से स्थानीय बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। विधायक ने आसन के माध्यम से व्यापक लोकहित में दोनों बांधों में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन, सौंदर्यीकरण तथा पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था करने की मांग सरकार से की है।

## अमलगम स्टील के शिविर में 107 ग्रामीणों की हुई निःशुल्क नेत्र जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** अमलगम स्टील पावर लिमिटेड कांड्रा के सीएसआर टीम की ओर से कांड्रा पंचायत भवन में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के क्षेत्र के काफी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में कुल 107 लोगों की नेत्र जांच की गई। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ अमलगम स्टील पावर लिमिटेड के मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक आरएन प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर के सफल आयोजन में पूर्णिमा नेत्रालय के चिकित्सक डॉ. चंदन, मार्केटिंग कोऑर्डिनेटर राजेश राव, ओपीडी प्रभारी राधिका, अमलगम स्टील के सीएसआर टीम के प्रियेश गौतम, राम महतो, गौरांग साहू, सरोज महतो, धीरेन कालिन्दी, राजेश मंडल, कार्तिक महतो, डाबू महतो, राज किशोर महतो, अखिलेश महतो आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण व परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए 50 किसानों का दल बस से रायपुर हुए रवाना, डीसी-डीडीसी ने दिखाई हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एमआईडीएच राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत राज्य के बाहर पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडो के 50 कृषकों को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी, रायपुर, छतीसगढ़ बस से रवाना किया गया । इस अवसर पर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा किसानों को यात्रा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुभकामनायें दी। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी मौजूद रहीं। इस प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण के दौरान कृषको को टिशू कल्चर बनाना लैब,



वीएनआर अमरूद बगान, प्रगतिशील कृषकों के खेत का भ्रमण कराया जायेगा एवं जैविक खेती, उच्च मूल्य वाली फसलों, सजावटी फसलों, प्रसंस्करण एवं अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में जिले में काफी संभावनायें हैं, पटमदा और बोड़ाम प्रखंड जहां सब्जी उत्पादन में अग्रणी हैं वहीं चाकुलिया और बहरागोड़ा का क्षेत्र चावल उत्पादन के लिए जाना जाता है । गेंदा फूल की खेती में भी कुछ प्रखंड अच्छा कर रहे हैं, जरूरत है कि बाजार की मांग के अनुरूप अन्य सभी प्रखंडों के किसानों को भी उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, इससे जिले में स्वरोजगार के साधन बढ़ेंगे साथ ही किसानों के आय में भी वृद्धि होगी। उन्होने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम में जिले के किसानों को कृषि के क्षेत्र में नई तकनीक की जानकारी के साथ साथ जैविक खेती तथा अन्य वैज्ञानिक पद्धित से खेती किसानी की जानकारी मिलेगी, प्रशिक्षण पाने वाले किसान अन्य किसानों को भी प्रशिक्षित कर सकेंगे जो इस जिले के सभी किसानों के लिए काफी लाभदायक होगा।

## चौड़ा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र में अनियमितता का आरोप, कार्य पर लगा रोक, जांच की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के चौड़ा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य को ग्रामीण ने रोक लगा दिया है।पिछले तीन दिनों से ग्रामीण व निर्माण कार्यकर्ता में लगातार गीज गीज खिंच खिंच के बार निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है।कुकडु प्रखंड के झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो ने बताया कि ग्रामीणों का आरोप था कि चौड़ा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र में गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है।उन्होंने स्थल निरीक्षण किया और बताया कि निर्माण कार्य मे गड़बड़ी है जिसे



सुधारने का हिदायत दिया गया है।वही निर्माण कार्य मे कामधेनु रॉड लगाए जाने पर भी लोगो ने अपत्यि जताई ।वही इंदजीत महतो ने बताया कि ठीकेदार व जेई आने के बाद ही कार्य चालु कराया जाएगा ।

## करीम सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की समीक्षा बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में एक समीक्षा बैठक की गई जिसमें राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एएमडी खासमहल के भूगोल के विद्यार्थियों के भ्रमण पर समीक्षा की गई। सर सीवी रमन की रमन प्रभाव की खोज को चिह्नित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर भूगोल विभाग, करीम सिटी के सेमेस्टर 1, 2 और 5 के छात्रों ने भाग लिया। ए.म.डी. के क्षेत्रीय निदेशक एस.के दास द्वारा सभी अतिथियो एवं विद्याथियो का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का थीम विकसित



भारत के लिए स्वदेशी तकनीक है। सबसे पहले छात्रों ने भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक होमी जे भाभा के जीवन पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी। उन्होंने भारत में परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान की स्थापना में प्रमुख भूमिका निभायी। साथ ही विधार्थियो के बीच वैज्ञानिको ने रेडियो सक्रिय पदार्थो के उपयोगिता कई क्षेत्रों जैसे चिकित्सा, कृषि , ऊर्जा उत्पादन में बताते हुए इससे संबंधित कई भ्रमो को दूर किया एवं जागरूकता फ़ैलाने का प्रयास किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज, करनडीह के प्राचार्य अशोक कुमार झा उपस्थित थे। उन्होंने अपने भाषण में भारत की वैज्ञानिक प्रगति में घरेलू नवाचारों के महत्व को बताते हुए छात्रों को संबोधित कराया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी तकनीक भारत के विकास और कल्याण में योगदान दे सकती हैं। एमडी ने अपने विभिन्न विभागो में विद्याथियो का भ्रमण कराया। एमडी के भौतिकी विभाग में छात्रों ने यूरेनियम सेंसर और डिटेक्टर देखा। भूविज्ञान प्रयोगशालाओं में छात्रों को चट्टानों में परमाणु खनिजों की गणना की प्रक्रिया माइक्रोस्कोप में दिखाई गई। भूवैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों को खेतों पर सर्वेक्षण की विधि एवं चट्टानों का वर्गीकरण भी दिखाया गया।

# वार्षिक उत्सव पर नन्हे बच्चों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को किया आकर्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजनगर :** राजनगर प्रखंड के रेनबो स्मार्ट स्कूल बड़ा कुनाबेड़ा प्रागंण में विद्यालय का पहला वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पद्मश्री चामी मुर्मू, विशिष्ट अतिथि के रूप में सरायकेला प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत, राजनगर थाना प्रभारी सुश्री पूजा कुमारी, बाना पंचायत समिति सदस्य मनोज महतो, जयकान पंचायत समिति सदस्य रानी देवी, समाजसेवी रवि महतो, देवेश्वर महतो, जोगेश्वर महतो एवं अन्य शिक्षा प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने फीता काट कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संस्कृति नाच गान, संगीत, एवं कई प्रकार के प्रतिभाओं से लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान रेनबो स्मार्ट स्कूल के



संस्थापक सह प्रधानाचार्य साधन ज्योतिषी ने कहा पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को उजागर करने का एक मंच देने का प्रयास किया गया जो काफी सफल रहा, इससे बच्चों का उत्साह भी बढ़ता है और पढ़ाई के प्रति रुचि भी जगती है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश महतो, कुंती महतो, कुंदन ज्योतिषी, पिंकी महतो, कृष्णा प्रधान, संजय महतो ,पूजा महतो, स्थानीय पत्रकार रविकांत गोप, विभिन्न स्कूल प्रबंधक एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक प्रतिनिधि ने दो योजनाओं की रखी आधारशिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रखंड प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने गुरुवार को 3.69 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत दो योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। योजनाओं में जिला अनाबद्ध निधि के अंतर्गत 69 लाख रुपये से स्वीकृत खेडुआ पंचायत के कलाझरना के बहाल में बड़ा पुलिया निर्माण तथा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद अंतर्गत करीब 3 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुरूम्बिल से सामरजोबड़ा होते हुए गेरुवाला तक कालीकरण पथ निर्माण



की योजना शामिल हैं। इसके तहत करीब 7 किमी पथ की मरम्मत की जाएगी। पुलिया निर्माण कार्य का कार्य रजनीश कुमार एंटरप्राइजेज तथा पथ निर्माण का कार्य का साई एंटरप्राइजेज द्वारा किया जाना है। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, आनंद महतो, समीर महतो, बिंदु वाला महतो, मुखिया गंगाधर सिंह व गुरुचरण हेम्ब्रम, परीक्षित महतो, दयाल महतो, महेंद्र महतो, मंटू महतो, रफीक अंसारी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मीडिया कप 2024 : कीनन में हुडको, खरकई व दलमा ने जीते अपने मैच

- ग्रुप ए में दलमा टॉप पर, कालीमाटी भी सेमी फाइनल में
- ग्रुप बी के सेमीफाइनलिस्ट टीमों का फैसला आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्त्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट में गुरुवार को हुडको एकादश, खरकई एकादश और दलमा ने अपने मैच जीत लिए। आज कीनन स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में हुडको एकादश ने स्वर्णरेखा एकादश को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते स्वर्णरेखा ने 8 विकेट पर 15 ओवर में 105 रन बनाए। इसमें देवाशीष ने 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान रत्नेश ने तीस रन बनाए। संतोष, सुरेंद्र और चाणक्य ने दो दो विकेट लिए। कप्तान डा संजय पांडे ने 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में हुडको ने दो विकेट पर 11.1 ओवर में 108 रन बना लिए। मैन ऑफ द्र मैच आशुतोष ने 72 रन की शानदार पारी खेली। चाणक्य ने 22 रनों की पारी खेली। मिथुन और देवाशीष को एक एक विकेट मिला। आज ही खेले गए दूसरे मैच में खरकई एकादश ने डिमना को 6 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डिमना की टीम 14 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें शुभदर्शी बंटी ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। प्रियदर्शी ने 13 रन देकर तीन और रणधीर ने 2 विकेट लिए। जवाबी पारी में शमशेर ने तीन चौकों की मदद से 30 रन बनाए। प्रशांत ने 19 और कप्तान राघवेंद्र ने 16 बनाए। दीप पॉल को दो, पशुपति और अंशु को एक एक विकेट मिला। आज खेले गए अंतिम मैच में दलमा एकादश ने कालीमाटी को 9 विकेट से हरा दिया। यह मैच 12 ओवरों का था। पहले बल्लेबाजी करते हुए कालीमाटी एकादश ने कप्तान जयप्रकाश राय की उम्दा बल्लेबाजी की बदौलत 12 ओवर में 5 विकेट पर 85 रन जोड़े। इसमें जयप्रकाश राय के 29 और मुरारी के 16 रन शामिल है। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने दो विकेट झटके। अमजद और प्रभात को एक एक मिला। जवाबी पारी में अभिषेक (51) की नाबाद अर्धशतकीय पारी ने 7.4 ओवर में ही दलमा को 1 विकेट पर जीत की मंजिल तक पहुंचा दिया। उसने 6 चौके और 3 छक्के जड़े। प्रसेनजीत ने 19 रन की पारी खेली। एकमात्र विकेट रन आउट से ललित कुमार का गिरा। ग्रुप ए से दोनों टीमें पहले ही दो दो मैच जीत कर सेमीफाइनल में पहुंची हुई थी। आज की जीत से दलमा ग्रुप ए के शीर्ष पर पहुंच गई। कल होने वाले मैचों के बाद ग्रुप बी से सेमीफाइनल में जाने वाली टीमों का पता चलेगा।

**आज के मैच**

**1 मार्च को पहला मैच सुबह 9 बजे हुड़को बनाम जुबली (कीनन स्टेडियम)**

**दूसरा मैच. 1 बजे दोपहर दोमुहानी बनाम सुवर्णरिखा. (कीनन स्टेडियम)**

**4 मार्च को सेमिफाइनल. 6 मार्च को फाइनल**

## एसडीपीओ ने गिट्टी लदे 4 हाइवा को किया जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला एसडीपीओ दिलीप खलको ने कांड्रा थाना क्षेत्र से गुजर रहे गिट्टी लदे चार हाइवा को जब्त कर थाने को सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि फिलहाल सभी हाइवा में लदे गिट्टी के जांच का निर्देश दिया गया है। यदि अवैध गिट्टी होंगे तो कार्रवाई की जाएगी और वैध होने पर सभी को छोड़ दिया जाएगा। कांड्रा पुलिस सभी हाइवा में लदे गिट्टी और उसके कागजातों की जांच कर रही है। बताया गया है कि गिट्टी लदे हाइवा में एचएलएम का भी हाइवा है, जिसे एसडीपीओ ने जब्त किया है।एसडीपीओ की इस कार्रवाई के बाद हाइवा मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

संपादकीय

# हिन्दू मंदिरों पर टैक्स क्यों?

**कर्नाटक** में कांग्रेस सरकार ने हिन्दू मंदिरों पर टैक्स लगाकर बता दिया है कि वह धार्मिक आधार पर भेदभाव की अपनी नीति पर काम करती रहेगी। कांग्रेस ने सदैव ही सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा दिया है। मुस्लिम और ईसाई समुदाय का तुष्टीकरण और हिन्दू समुदाय के हितों पर कुठराघात, यही सब कांग्रेस के 60 वर्षों से अधिक के शासन में देखने को मिला है। अभी भी जैसे ही कांग्रेस को कहीं सत्ता में बैठने का मौका मिलता है, तो वह इसी नीति का पालन करती है। कांग्रेस के माथे पर लगा 'हिन्दू विरोधी पार्टी' का टीका, अकारण नहीं है। स्वयं कांग्रेस अपने आचार-व्यवहार से हिन्दू विरोधी पार्टी की छाप को गहरा करती रहती है क्योंकि उसे लगता है कि ऐसा करने से अन्य समुदायों के वोट उसकी झोली में आकर गिर जाएंगे। अन्यथा क्या कारण है कि कांग्रेस ने केवल हिन्दू मंदिरों पर ही टैक्स लगाया है? मस्जिद, दरगाह और चर्च की आय पर कांग्रेस सरकार ने टैक्स क्यों नहीं लगाया है? कर्नाटक सरकार के निर्णय की तुलना मुगलिया सल्तनत के जजिया कर से की जा रही है, जिसमें केवल गैर-मुस्लिमों से टैक्स लिया जाता था। केवल हिन्दू मंदिरों से टैक्स वसूलना जजिया कर ही तो कहलाएगा। तथाकथित सेकुलर दृष्टिकोण तो यही कहता है कि यदि सरकार धार्मिक स्थलों की आय पर कर लगाना चाहती है, तो उसे सभी धार्मिक स्थलों को इसके दायरे में लाना चाहिए। लेकिन कांग्रेस की कर्नाटक सरकार ने केवल हिन्दू धर्मस्थलों को निशाना बनाया है। जबकि यही कांग्रेस यह भी कहती है कि मंदिरों के निर्माण में शासकीय धन व्यय नहीं होना चाहिए, तब फिर मंदिरों की आय का सरकार को अन्य कार्यों के लिए क्यों उपयोग करना चाहिए? क्या मंदिरों की आय पर निगाह डालना सेकुलरिज्म के विरुद्ध नहीं है? दूसरी बात यह है कि कांग्रेस सरकार ने विधानसभा में जिस हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक को पारित किया, उसके अनुसार सरकार केवल मंदिरों की आय का 10 प्रतिशत टैक्स ही नहीं लेगी अपितु मंदिर ट्रस्ट में गैर हिन्दुओं को शामिल करने का निर्णय भी किया गया है। देश की जनता इस मामले में भी यही सवाल पूछ रही है कि कांग्रेस ने मस्जिदों की कमेटियों में गैर-मुस्लिमों और चर्च में गैर-ईसाईयों को शामिल करने का कानून क्यों नहीं बनाया? हिन्दुओं की धार्मिक प्रबंधन की व्यवस्थाओं में ही हस्तक्षेप करने की मानसिकता के कारण क्या हैं? कांग्रेस सरकार हिन्दुओं को लक्षित करने और मुस्लिम एवं ईसाई समुदायों का तुष्टीकरण करने में कभी चूक नहीं करती है। यह सब उसकी योजना का हिस्सा रहता है। स्मरण हो कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार कितनी हिंदू विरोधी है उसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि 16 फरवरी, 2024 को राज्य का बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व घाटे का बजट पेश करने के बावजूद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने खुलकर अल्पसंख्यकों के धार्मिक कार्यों के लिए पैसा लुटाया। 3.71 लाख रुपये के इस बजट में वक्फ संपत्तियों के लिए 100 करोड़ रुपये और भव्य हज हाउस के लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इसी तरह ईसाई समुदाय के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। यानी कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में मुस्लिम और ईसाई समुदाय के लिए 330 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। यह कहना ही होगा कि एक तरफ जहां भाजपा की सरकार मंदिरों का कायाकल्प करने का काम निरंतर कर रही है, वहीं कांग्रेस की कर्नाटक सरकार मंदिरों पर टैक्स लगाने का धर्मविरोधी निर्णय ले रही है। हिन्दू समुदाय को यह प्रश्न सामूहिक रूप से और ताकत के साथ उठाना चाहिए कि यदि मस्जिदों की व्यवस्था मुसलमानों के हाथ में है और चर्च की व्यवस्था ईसाई समाज के हाथ में है, तो मठों और मंदिरों की व्यवस्था हिन्दू समाज के हाथ में क्यों नहीं, उन पर सरकारी नियंत्रण क्यों होना चाहिए? अब समय आ गया है जब हम हिन्दू धर्म स्थानों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराएं।

कांग्रेस ने सदैव ही सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा दिया है। मुस्लिम और ईसाई समुदाय का तुष्टीकरण और हिन्दू समुदाय के हितों पर कुठराघात, यही सब कांग्रेस के 60 वर्षों से अधिक के शासन में देखने को मिला है। अभी भी जैसे ही कांग्रेस को कहीं सत्ता में बैठने का मौका मिलता है, तो वह इसी नीति का पालन करती है। कांग्रेस के माथे पर लगा 'हिन्दू विरोधी पार्टी' का टीका, अकारण नहीं है। स्वयं कांग्रेस अपने आचार-व्यवहार से हिन्दू विरोधी पार्टी की छाप को गहरा करती रहती है क्योंकि उसे लगता है कि ऐसा करने से अन्य समुदायों के वोट उसकी झोली में आकर गिर जाएंगे। अन्यथा क्या कारण है कि कांग्रेस ने केवल हिन्दू मंदिरों पर ही टैक्स लगाया है? मस्जिद, दरगाह और चर्च की आय पर कांग्रेस सरकार ने टैक्स क्यों नहीं लगाया है? कर्नाटक सरकार के निर्णय की तुलना मुगलिया सल्तनत के जजिया कर से की जा रही है, जिसमें केवल गैर-मुस्लिमों से टैक्स लिया जाता था। केवल हिन्दू मंदिरों से टैक्स वसूलना जजिया कर ही तो कहलाएगा। तथाकथित सेकुलर दृष्टिकोण तो यही कहता है कि यदि सरकार धार्मिक स्थलों की आय पर कर लगाना चाहती है, तो उसे सभी धार्मिक स्थलों को इसके दायरे में लाना चाहिए।

### राजस्थान ही नहीं संपूर्ण देश में आज ऊंटों की संख्या तेजी से घट रही

# रेगिस्तान के जहाज के उन्नयन और संरक्षण की आवश्यकता !

सुनील कुमार महला

राजस्थान का राज्य पशु( ऊंटों के संरक्षण के लिए राजस्थान सरकार ने इसे साल 2014 में राज्य पशु का दर्जा दिया था) कहलाने वाला तथा राजस्थान की आन-बान और शान समझा वाला, स्तनधारी पशुओं में जिराफ़ के बाद दूसरे नंबर पर आने वाला एवं राजस्थान की जीवनरेखा समझा जाने वाला पशु ऊंट का अस्तित्व भी दिन-ब-दिन खतरे में पड़ता जा रहा है। यह बात कहने में कोई संदेह नहीं होगा कि राजस्थान की पहचान माने वाले ऊंट भविष्य में हो सकता है कि सिर्फ किताबों और चित्रों, इंटरनेट व कल्पनाओं में ही आने वाली पीढ़ियों को नजर आएं।

**रेगिस्तान** के जहाज( द शिप ऑफ डेजर्ट) के नाम से जाना जाने वाला, राजस्थान का राज्य पशु( ऊंटों के संरक्षण के लिए राजस्थान सरकार ने इसे साल 2014 में राज्य पशु का दर्जा दिया था) कहलाने वाला तथा राजस्थान की आन-बान और शान समझा वाला, स्तनधारी पशुओं में जिराफ़ के बाद दूसरे नंबर पर आने वाला एवं राजस्थान की जीवनरेखा समझा जाने वाला पशु ऊंट का अस्तित्व भी दिन-ब-दिन खतरे में पड़ता जा रहा है। यह बात कहने में कोई संदेह नहीं होगा कि राजस्थान की पहचान माने वाले ऊंट भविष्य में हो सकता है कि सिर्फ किताबों और चित्रों, इंटरनेट व कल्पनाओं में ही आने वाली पीढ़ियों को नजर आएं। जानकारी देना चाहूंगा कि थार के मरुस्थल की पाकिस्तान से लगती पश्चिमी सीमा में बॉर्डर गार्डिंग ऊंटों के जरिए होती है,लेकिन यह बहुत ही संवेदनशील है कि आज रेगिस्तानी जहाजों की संख्या लगातार घट रही है। सभी को यह विदित ही है कि राजस्थान में ऊंट की अपनी विशेष उपयोगिता व पहचान रही है और राजस्थान में पशुपालन में इसका विशेष स्थान रहा है। पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में ऊंट आवागमन ही नहीं बल्कि खेती और दूध और आपूर्ति का भी प्रमुख साधन रहा है। राजस्थान ही नहीं संपूर्ण देश में आज ऊंटों की संख्या तेजी से घट रही है। जानकारी के अनुसार गत 47 सालों में साढ़े आठ लाख ऊंट कम हुए हैं। यह बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है कि देश के कई राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में तो ऊंटों की संख्या शून्य हो गई है। इसमें आंध्र प्रदेश, झारखंड, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, चंडीगढ़, अंडमान, लक्ष्यदीप, दादरा नगर हवेली और दमन व दीव शामिल है।नहरी तंत्र के विस्तार से चारागाहों में कमी होना, ऊंटों के परम्परागत चारा-नीरा, फूस और फळगटी कम होने से इनकी कीमत का बढ़ना,कृषि का आधुनिकीकरण व मशीनीकरण होने से ऊंटों की उपयोगिता कम होना, परिवहन में वाहनों का इस्तेमाल करना, बदलते परिवेश के कारण तो कभी ऊंटों में त्वचा संबंधी मेंज बीमारी व अन्य बीमारियों के कारण, ऊंटों की तस्करी आदि के कारण भी ऊंटों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। बढ़ते विकास के कारण एवं चारे-पानी की कमी के कारण पशुपालकों का ऊंट पालन के प्रति मोह भंग होने लगा है। आज सीमा क्षेत्र में



सड़कों का जाल बिछ चुका है, इसके कारण ऊंटों की इतनी आवश्यकता नहीं रही और पशुपालक इसे पालने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे और इन्हें खुले में छोड़ देते हैं।सीमा क्षेत्र में हालांकि सड़कों का जाल बिछा हुआ है। इसके कारण ऊंटों की इतनी आवश्यकता नहीं है,सच तो यह है कि आज समय के साथ ऊंटों की उपयोगिता कम होने के कारण भी पशुपालकों ने ऊंट से मुंह मोड़ना शुरू कर दिया है। पर्यटन के क्षेत्र में भी आज ऊंटों का इस्तेमाल उतना नहीं किया जाता है, जितना कि पहले किया जाता था, क्यों कि पर्यटन में भी आजकल वाहनों का इस्तेमाल होने लगा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज ऊंटों की संख्या कम होने का सबसे बड़ा कारण इसका परिवहन व खेती में उपयोग नहीं के बराबर या बहुत ही होना है। पर्यटन के क्षेत्र में जैसलमेर, जोधपुर के अलावा पश्चिमी राजस्थान में कहीं ऊंट का उपयोग पर्यटन क्षेत्र में आज नहीं हो रहा है। आज कैमल सफारी के आयोजनों में पहले की तुलना में काफी कमी आई है। यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में वर्ष 2012 में ऊंटों की संख्या 3.26 लाख थी, जो घट कर 2.13 लाख रह गई है। राजस्थान के अलावा गुजरात, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भी ऊंट पाए जाते हैं, लेकिन सभी जगह ऊंटों की संख्या में गिरावट आई है। यह दुखद है कि राज्य पशु ऊंट के वध पर निषेध के बावजूद भी इसकी तस्करी जारी है। चोरी छिपे आज ऊंटों को ( तस्करी कर ) आज बूचड़खानों में ले जाया जा रहा है। विगत दशकों में राज्य पशु ऊंट की घटती संख्या चिंता का विषय बनी हुई है। वास्तव में,इसके सामाजिक व आर्थिक पक्ष भी है और इसका सर्वाधिक दुष्प्रभाव उन सामाजिक समूहों पर पड़ा है जिनकी आजीविका का आधार पशुपालन व पशुचारण रहा है।आज से लगभग चार दशक पहले देश में 11 लाख से अधिक ऊंट ( नर व मादा ) थे, जो वर्ष 2019 में घटकर ढाई लाख रह गए। जानकारी देना चाहूंगा कि 20 वीं पशु गणना के अनुसार 1.70 लाख ऊंटनी की तुलना में केवल 80 हजार ऊंट थे। संवेदनशील है कि पशुपालन विभाग द्वारा पशुगणना 2012 की तुलना 2019 में ऊंटों की संख्या में 34.69 फीसदी कमी हुई है। यहां चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 2019 की गणना के अनुसार पशुधन की संख्या में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यहां यह बात गौर करने लायक है कि राजस्थान में पशुधन में 1.66 फीसदी की गिरावट आई है और इनमें ऊंट भी हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1977 में 11 लाख, 1982 में 10 लाख 80 हजार, 1987 में 10 लाख, 1992 में 10 लाख 30 हजार, 1997 में 9 लाख 10 हजार, 2003 में 6 लाख 30 हजार, 2007 में 5 लाख 20 हजार, 2012 में चार लाख, 2019 में की 2 लाख 50 हजार रह गए हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्तमान में देश में करीब ढाई लाख ऊंट हैं। इनमें से 2.12 लाख ऊंट राजस्थान में है, जो कुल ऊंटों का 85% है। यह भी विदित हो कि वर्ष 1983 में राज्य में 7.56 लाख ऊंट थे,जो लगातार घटते चले जा रहे हैं। एक अन्य आंकड़े की बात करें तो इसके अनुसार 1951 में कुल पशुधन के 1.34 प्रतिशत ऊंट थे, जो 2019 में 0.37 प्रतिशत रह गए है। हालांकि इसी बीच हाल ही में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के हवाले से ऊंटों के मामले में एक सुखद व अच्छी यह खबर आई है कि राजस्थान के मेवाड़-वागड़ में 2019 की गणना में 1131 ऊंट बढ़े हैं, जबकि सर्वाधिक 996 ऊंट डूंगरपुर में बढ़े हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में प्रकाशित एक खबर के अनुसार ' वर्ष 1977 से वर्ष 2019 तक के आंकड़ों का आकलन करने पर पता चलता है कि करीब साढ़े आठ लाख ऊंट देश में कम हो गए हैं। यानि ऊंट घटने का प्रतिवर्ष का औसत 50 प्रतिशत से ज्यादा है। यह स्थिति तब है, जबकि ऊंट किसी बड़ी महामारी के शिकार नहीं हुए हैं। जानकारों के अनुसार आंध्रप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र व केरला में गिनती भर के ऊंट हैं।' हाल ही में आई इस खबर में बताया गया है कि हालांकि राज्य के उदयपुर जिले में इनकी संख्या घटी है, लेकिन संभाग के अन्य जिलों में यह संख्या बढ़ रही है।

दृष्टि कोण

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समान नागरिक संहिता की शुरुआत

**हमें** यह समझना होगा कि धरमिक आधार पर अलग- अलग व्यक्तिगत कानूनों के अस्तित्व ने हमारे समाज में अन्याय और असमानता को जन्म दिया है और हमें पूर्ण विश्वास है कि समान नागरिक संहिता का यह प्रयास अपने मार्ग में आने वाले सभी बाधाओं, जटिलताओं और चुनौतियों को दूर करते हुए, समानता, न्याय, सुरक्षा और सद्भाव के अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा। हमने भारतीय राज्य व्यवस्था में सामाजिक-धरमिक समुदायों पर एक समान रूप से लागू होने वाले सार्वभौमिक विधानों की आवश्यकता को हमेशा महसूस किया है और वर्ष 2014 के बाद से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाईं में भाजपा सरकार इस दिशा में अत्यंत गति के साथ आगे बढ़ी है। अब इस कड़ी में, उत्तराखंड ने महत्वपूर्ण पहल की है। दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी की अगुवाईं में उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता के माध्यम से सामाजिक कानूनों के सुधार की दिशा में प्रगतिशील कदम बढ़ाया है। यह संहिता बहुविवाह और बाल विवाह जैसी प्रथाओं के उन्मूलन के साथ ही विवाह की आयु का समानीवृत करती है। वास्तव में, यह एक ऐसी सोच है, जिसमें हमारे पूरे समाज को एक नया आयाम देने की शत्ति है। गौरतलब है कि हमारे समाज में 'समान नागरिक संहिता' को लेकर बीते कईं दशकों से विचार-विमर्श चल रहा है और उत्तराखंड ने उस कल्पना को संपूर्ण भारतवर्ष में सबसे पहले धरातल पर उतारने का महान कार्यं किया है। इसके लिए भाजपा के समस्त नेतृत्व को सादर प्रणाम। उत्तराखंड की पावन धरती पर किया गया यह प्रयास हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्पों और आदर्शों को भी अद्वितीय रूप से मज़बूती प्रदान करेगा। यहाँ मैं इस तथ्य को उजागर करना चाहूँगा कि भारतीय जनता पाटा ने आरंभ से ही, 'जम्मूकश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने', 'अयोध्या में राम मंदिर' निर्माण जैसे कईं बड़े मुद्दों के साथ, 'समान नागरिक संहिता' के मुद्दे की दिशा में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्यं किया और उत्तराखंड में किया गया यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणाओं और मार्गदर्शन को यथार्थ का रूप देना है। इस संहिता को लेकर कईं लोग भाँति-भाँति के आरोप भी लगा रहे हैं कि यह भारत के संवैधानिक मूल्यों की हत्या है। परंतु, मैं विरोधियों के इन आरोपों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूँ। वे लोगों को अकारण भटकाने



की कोशिश कर रहे हैं और वे इसमें कभी सफल नहीं होने वाले हैं। मैं कहना चाहूँगा कि यह कानून किसी भी समुदाय के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह हमारे अपने बच्चों और मातृशत्ति के हित में है। यह एक ऐसी संहिता है, जिसमें भविष्य में हमारे अपने सामाजिक ताने-बाने को एक नया आकार देने की शत्ति है। मैं यहाँ इस तथ्य को उजागर करना चाहूँगा कि भारतीय जनता पाटा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर सदैव धर्मनिरपेक्षता को लेकर निशाना साधने वाली दलें आज यह मानने के लिए बिल्वुल भी तैयार नहीं है कि हमारा संविधान एक धर्मनिरपेक्ष दस्तावेज़ है और यह किसी भी स्थिति में धरमिक भेदभाव की स्वीवृति नहीं देता है। यदि आप इतिहास के पन्नों को पलट कर देखें, तो पाएंगे कि भारतीय जनसंघ ने 1967 के आम चुनाव के दौरान 'समान नागरिक संहिता' के मुद्दे को पहली बार अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किया था और यह वादा किया गया कि यदि वे सत्ता में आते हैं, तो इस कानून को निाति ही लागू किया जाएगा। हालांकि, चुनाव के परिणाम उनके पक्ष में नहीं आने के कारण इस दिशा में कोईं ठोस कार्रवाईं नहीं हो सकी। लेकिन 1980 के दौर में, जब भारतीय जनता पाटा की स्थापना हुईं, तो पाटा ने राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 और समान नागरिक संहिता के मुद्दे को पूरे देश में प्रमुखता के साथ उठाना शुरू कर दिया। और, हाल के वर्षो में राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद 370 जैसे दो मुद्दे लागू हो चुके हैं। वहीं, अब इतने वर्षो के अथक प्रयास के बाद इस समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भी बेहद अनुवूल परिस्थितियाँ हैं। बहरहाल, जो लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह बेहद शांतिपूर्वक ढंग से समझना होगा कि एक ही परिवार में, एक ही समाज में दो लोगों के लिए अलग- अलग नियम और कानून नहीं हो सकते हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आदिवासी समाज के ग्रामीणों ने जन जागरूकता अभियान चलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आदिवासी समाज के ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को हेसला महुआटाड़, कानाटाड़ में जनजागरण अभियान के तहत भूमि अधिग्रहण कानून के बारे में जानकारी दी गई। इसके तहत बेदिया आदिवासियों की रैयती भूमि स्वामी आदि के बारे में बताया गया। अवसर पर इसकी अगुवाई मनोज बेदिया व संचालन शंकर बेदिया ने किया। अवसर पर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 12 के औद्योगिक क्षेत्र झारखंड इस्पात प्राइवेट लिमिटेड हेसला के आस-पास रैयत मूलवासी खतियानी मोसियत बेदिया के जमीनों के बारे में खरीद बिक्री खाता 64, प्लॉट



नंबर 50/ 1013 रकवा दो 2.10 एकड़ जमीन की बातें रखी गई। इसमें चर्चा हुई की रैयती भूमि स्वामी आदिवासी सीएनटी एक्ट 1908 के तहत संविधान धारा 71-ए के तहत बेदिया जाति की जमीन जो अवैध हस्तांतरित हुआ है, उसे वापस करने प्रावधान हैं, क्योंकि हाई कोर्ट में भी आदिवासी और गैर आदिवासी का हस्तांतरण सीएनटी एक्ट की धारा 46 का उल्लंघन माना गया हैं, धारा 71- ए में झूठा शपथ पत्र देकर खरीदी गई जमीन रैयती भूमि स्वामित्व को वापस लौटने का प्रावधान हैं, भूमि अधिकरण कानून 1894 के तहत भूमि अधिकरण मामलों को लागू होते आया है, संविधान की धारा 244 (1) में पांचवी अनुसूची में आदिवासियों की जमीन कानूनी तौर पर सुरक्षित संबंधी आदि बातें रखी गई। साथ ही इसे लेकर आगे आंदोलन की बात हुई। मौके पर अनीता देवी, सुरेश बेदिया, शांति देवी, शंकर बेदिया, उमेश बेदिया, राकेश बेदिया, ऋषि देवी, सुमन देवी, सुरेंद्र बेदिया, सरस्वती देवी, सनी देवी, रीता देवी, फूलना देवी, संजय बेदिया, सोहराय बेदिया, रवि बेदिया, फूल कुमारी देवी, बबलू बेदिया, नरेश बेदिया, गुड़िया देवी, रीना देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## वार्ता में प्रशासन व प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल नहीं हो रही : समसूद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल के सिरका रोड सेल कांटा घर में चक्का जाम आंदोलन के तीसरे दिन गुरुवार को कांग्रेस सदस्य व मजदूर आंदोलन में बैठे रहे। यहां प्रशासन की ओर से रामगढ़ सीओ सत्येंद्र पासवान पहुंचे। इसके बाद अरगड्डा टोंगी क्लब के प्रांगण में प्रशासन, सीसीएल अधिकारियों और आंदोलनकारी कांग्रेस प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। जो तीसरी बार भी असफल हो गया। इस संबंध में सेल सिरका आंदोलन अगुवा कांग्रेस जिला रामगढ़ महासचिव समसूद खान, महिला नेत्री अनु विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी जो मांगे हैं, उस पर सकारात्मक व सम्मानजनक पहल नहीं हो पा रही हैं, जिसके कारण वार्ता का कोई भी परिणाम नहीं निकला, आगे आंदोलन जारी रहेगा। सूत्रों की माने तो वार्ता में कांग्रेस को 10 दंगल दिए जाने की बात सामने आई हैं, जिसे कांग्रेस सदस्यों ने नकारते हुए 100 दंगल की बातें रखी हैं, लेकिन बात नहीं बन पाई हैं, इस तरह वार्ता विफल और आंदोलन चालू रहने की होड़ मची हैं। आगामी दिनो में सेल समिति ने भी सिरका कोलयरी का चक्का जाम करने की घोषणा की हैं। जिससे खूनी संघर्ष होने के आसार बढ़ते जा रहे हैं, दोनों पक्ष एक दूसरे पर शब्दों के बाण मीडीया में चला रहे हैं, लेकिन बेरोजगार और हक अधिकार को लेकर जो मांगे रखी गई हैं, वो मिलने की प्रक्रिया ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा हैं। आंदोलन वार्ता अफलता के कारण आगे बढ़ता ही जा रहा हैं, जिससे सीसीएल प्रबंधन को भी काफी नुकसान हो रहा हैं, तीन दिनों से कोयला लोड कर चुंके ट्रक कांटा के समीप मैदान में आंदोलन समाप्त होने का इंतजार में खड़े हैं। विफलता के बाद रोड सेल सिरका कांटा घर के समीप कांग्रेसियों ने मजदूरों की समस्याओं के निराकरण करने की बातें करते हुए आगे आंदोलन करने की बातें कहीं है। साथ ही इसे ले नारेबाजी किया हैं। मौके पर आंदोलनकारी सिकंदर मुंडा, राहुल सिंह, सूरज प्रजापति, अजय प्रजापति, विक्रम प्रजापति, पिंटू अंसारी, इमरान अंसारी, अमर मुंडा, लल्लू राम, श्याम चौहान, बबलू राम, राहुल प्रजापति, गोविंद प्रजापति आदि सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से झामुमो नेता सोनाराम मांझी ने शिष्टाचार मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सह सयाल साख सहयोग समिति के सचिव सोनाराम मांझी ने गुरुवार को उनके कार्यालय स्थित शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार को क्षेत्र से जुड़ी समस्याओ को उनके समक्ष रखा। सोनाराम ने यह भी कहा कि आपसे मिलकर अच्छा लगा और मैं आशा ही नहीं उम्मीद करता हूं कि जो भी अपराधित समस्याएं आएगी उन्हें आप सही तरीके से निष्पादन करेंगे। वहीं पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार ने सोनाराम मांझी को आस्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की करप्शन से संबंधित अपराधियों पर निश्चित तौर पर कार्रवाई कि जाएगी।

## रामगढ़ की सभी पंचायतों में बनाएंगे सामुदायिक भवन : जयंत सिन्हा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने रामगढ़ के गोला स्थित चाड़ी पंचायत में 28 फरवरी को सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। जिला खनिज मद की 9?1 करोड़ की लागत से यह निर्माण होगा। यहां सभागार, दफ्तर, क्लब, जिम व शौचालय इत्यादि होंगे। जयंत सिन्हा के प्रयासों से जिला खनिज मद से क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र भर की पंचायतों में जनता के लिए सामुदायिक भवन बनवाने का निर्णय लिया है। इनके बनने से क्षेत्रवासियों को अत्यंत लाभ मिलेगा। यहां लोग शादी-विवाह समेत



अन्य सामाजिक आयोजन कर पाएंगे। रामगढ़ की सभी पंचायतों में इन भवनों का निर्माण किया जाएगा। जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग और रामगढ़ वासियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। पहले चरण में रामगढ़ की 40 पंचायतों में सामुदायिक भवन के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा, इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम हजारीबाग और रामगढ़ का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। क्षेत्र के विकास की हमारी यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

## कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ने राजकुमार टुडू को कांग्रेस पार्टी फूल माला पहनकर और नियुक्ति पत्र देकर शामिल किया

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक रखी गई बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो और संचालन मोहम्मद मिस्टर आलम ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है वही मांडू प्रखंड के बूमरी पंचायत निवासी राजकुमार टुडू ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी का दमन थामा वही प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो ने राजकुमार टुडू को माला एवम नियुक्ति पत्र देकर प्रखंड उपाध्यक्ष पद एवं छोटेलाल मुर्मू को मांडू प्रखंड मीडिया प्रभारी नियुक्त किया । वहीं सागर महतो ने कहा कि देश में केंद्र की सरकार जिस तरह से आदिवासियों का शोषण कर रही है और उनके हक और अधिकार को कुचल ने का काम कर रही है इससे पूरे देश के आदिवासी समुदाय के लोग मायूस और जिस तरह से जन-जन के नेता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल गांधी आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा इससे पूर्व भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से आदिवासियों के बातों को सुनने का काम कर रहे हैं । इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष जावेद हुसैन, प्रखंड सचिव फायदा हुसैन, प्रखंड सचिव अनिरुद्ध सिंह, प्रखंड महासचिव अखिल प्रसाद, भाग 01 मंडल अध्यक्ष प्रभात कुमार,भाग 03 मंडल अध्यक्ष संदीप कुशवाह, वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद मोबीन,वरिष्ठ कांग्रेसी असलम खान,रोहित महतो, अजय कुमार, रंजीत यादव,बिरजू हेमरॉम, छोटेलाल मांझी,राहुल कुमार, रविंद्र कुमार मुरमू आकाश ओझा एवं सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

## सेवानिवृत्त आचार्य मृत्युंजय को समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर सिरका के प्रांगण में गुरुवार को आचार्य मृत्युंजय कुमार झा को 28 वर्षों के बाद सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। सभी ने आचार्य के स्वस्थ जीवन व उज्जवल भविष्य की कामना किया। अवसर पर विद्यालय के सचिव सतीश कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष एसएन तिवारी, प्राचार्य शंभू कुमार सिंह ने शांल ओढ़ा, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर आचार्य मृत्युंजय कुमार झा को सम्मानित किया। इस दौरान आचार्य सुशील कुमार सिंह, भूपेश मणि तिवारी, विनोद कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मीकांत यादव ने किया। मौके पर आचार्य आरएन तिवारी, विश्वनाथ दुबे, संजय कुमार ठाकुर, अरविंद प्रसाद, विनोद प्रसाद, जनक देव कुमार, अर्चना मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, विभेश चंद्र पांडे अजय चक्रवर्ती, भुवन प्रसाद, कर्मचारी देवनंदन, महेश, राजेश आदि विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## ग्रामीण पथ विभाग के द्वारा बनाया जा रहा प्रखंड कार्यालय समीप आवास का निरीक्षण कर जन-प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

### कहा, चारदीवारी के निर्माण में घटिया सामग्री का किया जा रहा उपयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय समीप ग्रामीण पथ विभाग के द्वारा लगभग 6 करोड़ की लागत से हो रही आवास व चारदीवारी निर्माण में अनियमित बरती जानी शुरू हो गई है। उक्त बातें पत्थलगड़ा के बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजू यादव, मुखिया प्रतिनिधि संजय दांगी, उप मुखिया प्रतिनिधि भोला दांगी, वार्ड सदस्य संतोष रजक, राजेश दांगी, भीम दांगी, प्रदीप कुमार, मोहम्मद इसराइल सहित अन्य ने हो रहे आवास व चारदीवारी निर्माण स्थल पर पहुंच निरीक्षण कर कही है। इस दौरान कहा गया कि चारदीवारी की नींव भी कम गहराई में खोदी गई है जबकि यह बात सुनकर संवेदक मुकेश शाह के द्वारा बताया गया कि ये खुदाई पूरी हुई है और इसमें 3 इंच बालू, 3 इंच ईट और 3 इंच ढलाई किया गया है। वहीं सभी जनप्रतिनिधियों सहित अन्य ग्रामीणों ने इस पर कहा कि यह तो जांच का विषय है अगर जांच करवाएं तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। सभी के द्वारा आगे गिट्टी, बालू व बन रहे मसाले को भी देखा गया। निरीक्षण कर सभी जनप्रतिनिधियों ने बन रहे मसाले, कॉलम की खुदाई व ढलाई, बालू में पूरी तरह मिट्टी का अंश और गिट्टी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए संवेदक मुकेश शाह को चारदीवारी व आवास निर्माण कार्य में गुणवत्ता युक्त सामग्री में किसी भी प्रकार की कटौती नहीं करते हुए निर्माण कार्य करने की बात कही है। इस पर जब पत्रकारों के द्वारा स्थल पर मौजूद लोगों से पूछा गया तो जमुना प्रसाद व रितेश कुमार के द्वारा बताया गया कि हम लोग दोनों ही इंजीनियर हैं, उनसे आगे जब पूछा गया तो जमुना प्रसाद ने कहा हम पेटीदार हैं और रितेश कुमार करने ने कहा कि हम यहां साइट इंचार्ज है। उनके द्वारा आगे कहा गया कि हम यहां पर पेटीदार व साइट इंचार्ज हैं हम लोग ही सारा काम करवा रहे हैं क्योंकि हम लोगों के पास इतनी जानकारी है। चहारदीवारी का निर्माण जब से हुआ है तब से अभी तक है यहां जई नहीं पहुंचे हैं आपको जो भी बात करनी है वह आप संवेदक से करें। जबकि जिला परिषद सदस्य के द्वारा संवेदक मुकेश शाह से दूरभाष पर बरती जा रही अनियमित को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही गिरी हुई घटिया किस्म की बालू को उठाव करवा दिया जाएगा, बाकी सारे जनप्रतिनिधि लोगों से हमारी यह मामला को लेकर बात पूरी हो चुकी है। आपको बताते चलें की देखरेख के अभाव में यहां सरकारी धन का दुरुपयोग होता दिखाई देने लगा है। वही निर्माण स्थल पर निर्माण से संबंधित अभी तक कोई बोर्ड भी नहीं लगाई गई है।

## आयुष्मान आरोग्य आयुष के तहत शिविर का किया गया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव में स्थित दुर्गा मंडप के समीप बृहस्पतिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष के अंतर्गत निशुल्क प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुरुआत मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया।जहां काफी संख्या में ग्रामीण इलाज करवाने पहुंचे। डॉ निरंजन कुमार ने कई प्रकार का इलाज किया।जैसे जोड़ों में दर्द मांसपेशियों में दर्द घुटनों में दर्द पैरों में सूजन अन्य सभी प्रकार का निशुल्क इलाज किया। तथा निशुल्क दवा दिया गया। मौके पर डॉ श्यामा खान सुनीता कुमारी योगा टीचर योग प्रशिक्षक प्रियंका कुमारी गौरीशंकर प्रसाद दांगी शंकर कुमार सहीया उषा देवी बेबी देवी विकास कुमार बीकू एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में खुलेगा राइस मिल



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में राइस मिल खुलेगा। सिमरिया के लोकप्रिय विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के शून्य काल के दौरान सदन के माध्यम से सरकार से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में राइस मिल खोलने की मांग की है। गौरतलब है कि चतरा जिला में धान की खेती बड़े पैमाने पर होती है।लेकिन यहां के किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए झारखंड के सीमावर्ती जिलों या बिहार में जाकर धान बेचना पड़ता है जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और उन्हें धान का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के किसानों के हितों का ध्यान में रखते हुए सदन के माध्यम से सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में राइस मिल खोलने की मांग सरकार से की है। राइस मिल खुल जाने से सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को धान का उचित दाम मिल सकेगा जिससे उनके जीवन में आर्थिक और सामाजिक जीवन में प्रगति होगा।

## वन प्रमंडल के कर्मियों ने किया अवैध तरीके से लदा बालू ट्रैक्टर जप्त, ड्राइवर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिंदवारी कला में अवैध तरीके से लदा बालु की जानकारी गुप्त सूचना के आधार पर चतरा वन प्रमंडल के प्रशिक्षु आई अफ़एस पवन शालिग्राम को मिली। और ट्रैक्टर को जप्त किया।ट्रैक्टर गिद्धौर के कटघरा गांव का बताया गया।बताया गया कि सिंदुआरी कला वन क्षेत्र के अंदर अवैध बालू का खनन कर ट्रैक्टर पर लोड कर ले जा रहा था।जबकि चालक धनेश्वर भुइयां गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। साथ ही ट्रैक्टर मालिक राजू दांगी पर वन अधिनियम के साथ प्रात्थमिकी दर्ज किया गया।जब्त वाहन को वन प्रक्षेत्र कार्यालय चतरा लाया गया। वन विभाग की इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है। इस टीम में प्रभारी वनपाल कमल किशोर एवं रोहित प्रसाद यादव, वनरक्षी प्रकाश राणा,अनुज कुमार, राजेश कुमार,राकेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, गोपाल गंझू तरूण रंजन, मुकेश कुमार सिंह, गृह रक्षक के जवान तथा चालक अब्दुल सलाम शामिल थे।

## साइबर ठग वाले ने किया 50 हजार की ठगी

➲कृषि विभाग बन ट्रक्टर देने के नाम पर मांगा था एक लाख रुपये, दिया 50 हजार

➲मामले को लेकर भुक्तभोगी देवलाल गंझू ने साइबर क्राइम ब्रांच में दिया आवेदन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** साइबर ठगी करने वाले ने एक बार फिर सीधे साधे देवलाल गंझू को बनाया अपना चारा। अपने विश्वास में लेकर कहा एक लाख दो तुम्हारा कृषि विभाग से ट्रक्टर पास हुआ है। भुक्त भोगी देवलाल गंझू ने आनन फानन में 50 हजार उसका गूगल पे में डाल दिया। सतर्क तब हुआ जब उक्त ठग ने कहा आज और बाकी के 50 हजार नहीं डालोगे तो तुम्हारा रुपया डूब जाएगा। भुक्तभोगी ने इस मामले को अपने करीबी साथियों को बताया तब बाकी के 50 हजार और देने से बच गया। यह मामला सिमरिया थाना के शिला पिकेट के करीब चौपे गांव के देवलाल गंझू का है। ठगी को लेकर देवलाल गंझू ने चतरा साइबर क्राइम थाना में एक आवेदन देकर ठगी का शिकार होने को लेकर उक्त ठग के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि एक व्यक्ति अचानक मेरा मोबाइल में 7364873280 और 7865059131 से फोन कर कहा कि मैं कृषि विभाग से बात कर रहा हूँ आपका पीएम किसान योजना से ज्यादा रुपया जा चुका है। और कृषि विभाग से आपको एक ट्रक्टर मुफ्त दिया जा रहा है। जिसे लेकर रजिस्ट्रेशन को लेकर 1 लाख रुपया जमा करना होगा और फ्री में आपको एक ट्रक्टर दिया जाएगा। विश्वास में लेने के लिए एक आधार का फोटो, एक पेन कार्ड का फोटो मेरे वाट्सएप्प पर भेज दिया। जबकि आधार और पेन कार्ड नितिन कुमार सिंह, पिता जंग बहादुर सिंह, विकास नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के नाम से अंकित है। भुक्तभोगी ने साइबर क्राइम निरोधक कार्यालय से उक्त ठग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। हालांकि दिया गया उक्त ठग द्वारा आधार और पेन कार्ड किसी अन्य व्यक्ति का है।

## भाजयुमो ने फूंका चंपई सोरेन का पुतला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में केशरी चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फूंका गया। निवर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा झारखंड में गठबंधन की सरकार सिर्फ और सिर्फ युवाओं को, महिलाओं, किसानो को और जनता को, ठगने का काम किया। जनता ने इस बार ठान लिया है गठबंधन की सरकार को हटाएंगे और भाजपा को लाएंगे।युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी ने कहा झारखंड मे झामुमो और गठबंधन की सरकार लगातार जनता को ठगने का काम कर रही है। कुछ दिन पहले राज्य सरकार ने 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट फ्री करने की बात कही थी मगर यहां सरकार बिजली में बढ़ोतरी कर 6 रुपया 30 पैसे की जगह 6 रुपया 55 पैसा कर दिए। बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दिए। बहुत जल्द जनता इस सरकार को जवाब देगी और गद्दी से हटाने का काम करेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप नीवर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, निर्भय ठाकुर, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य,ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित साहू, भाजपा नेता सुशील सिंह, शिवकुमार चौबे, बसंत यादव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री दीपक शर्मा, जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, ए सी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश पासवान, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी चंदन केसरी, नगर महामंत्री जुगल ठाकुर, अनिरुद्ध मिश्रा, गोविंद पासवान, शंकर सोनी, गोपाल सोनी, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज सोनी, बबलू सिंह, भाजयुमो नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, राजा कुमार मालाकार, अभय वर्मा, आलोक तिवारी, कुंदन कुमार, धीरज सिन्हा, मनजीत राणा, काली यादव महिला मोर्चा अध्यक्ष नीरा देवी, चंपा देवी, मनीष खंडेलवाल प्रदीप रावत दुलेश्वर साहू सहित उपस्थित रहे।

## वार्ड सदस्यों को करवाया जा रहा है तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ कार्यालय सभागार में बृहस्पतिवार को वार्ड सदस्यों को पंचायतीराज के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में उपस्थित वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षक सुभाष जगने, अमित सिंह ने पंचायतीराज अधिनियम, ग्राम सभा में भागीदारी की जानकारी, कार्यकारणी की जानकारी, सतत विकास का लक्ष्य सहित अन्य का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कई वार्ड सदस्य शामिल थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड सभागार में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज की अध्यक्षता में की गई। जहां बीडीओ ने अभियान को सफल बनाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान करते हुए सरकारी गैर सरकारी मौजूद कर्मियों पंचायत प्रतिनिधियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। उन्होंने मौजूद कर्मियों को निर्देशित करते हुए बताया कि कार्यक्रम अगले एक माह तक तिथिवार साईकिल रेस, मानव श्रृंखला, पेंटिंग, मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करें। वहीं उन्होंने कर्मियों को आज से लगभग पुरे महीने रात्रि चौपाल करने को निर्देशित किया है। मौके पर बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार सिंह छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, कर्मी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु चलाए जाएंगे विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर दिनांक 29 फरवरी 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वीप कोषांग के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर गठित स्वीप कोषांगों के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त से कोषांग द्वारा अब तक किए गए विभिन्न कार्यो की जानकारियों से अवगत हुई। बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि स्वीप कैलेंडर के तहत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न संस्थानों के साथ मिल कर मैराथन, हस्ताक्षर अभियान, सोशल मीडिया कैंपेन, प्रभात फेरी, जिंगल, कॉन्सर्ट, प्रतियोगिता आदि कराया जाएगा। साथ ही इस कार्य में जिला प्रशासन सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा सके। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु उपायुक्त ने सभी संस्थान से आए प्रतिनिधियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने आगामी लोक सभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को गति देने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा स्वीप का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि जिस भी बूथ में कम वोटिंग प्रतिशत रहती है वहाँ स्वीप द्वारा ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि यूनिक, इनोवेटिव कार्ययोजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित करते हुए आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताएं। उपायुक्त ने डीईओ को स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। ईएलसी के जरिए अधिक से अधिक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप गठित करने और अपनेङ्कअपने स्तर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी की भूमिका एवं सहभागिता महत्वपूर्ण है इसलिए सभी बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले एवं लोगों को भी प्रेरित करें कि ज्यादा से ज्यादा लोग वोट करें।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो0 परवेज, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, जेएसएलपीएस डीपीएम, माइनिंग कॉल कंपनियों के प्रतिनिधि, पोस्ट ऑफिस के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ रांची मुख्य पथ पर चोरझरिया घाटी के समीप गुरुवार की सुबह जब एक अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत हो गई । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यमराज लोहरा 28वर्ष पिता अमरेश लोहरा ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी अपने घर से निजी कार्य हेतु नगर मंदिर की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन उसे धक्का मारकर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर द्वारा जांचोंउपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई गोविंद लोहार ने बताया कि मृतक का विवाह महज तीन वर्ष पूर्व चंदवा में हुआ था ।वही घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।इधर घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## सीआरपीएफ के 11 वीं बटालियन ने मनाया 64 वां स्थापना दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के किनामाड़ स्थित सीआरपीएफ 11वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 64 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का उद्घाटन सीआरपीएफ 11 बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया इस मौके पर कमांडेंट ने कहा कि युवाओं को देश भक्ति का गीत सुनकर देशभक्ति के लिए प्रेरित होना चाहिए जवानों का हौसले आफजाई करते हुए कहा कि सीआरपीएफ कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। सीआरपीएफ ने अपने स्थापना काल से ही देश एवं समाज की सुरक्षा की जिम्मेवारी अपने कंधों पर उठा लिया है। लातेहार में तैनाती के दौरान यह वाहिनी अति नक्सल क्षेत्रों में अपनी सराहनीय ड्यूटी का लोहा मनवा चुकी है। कई नक्सलियों की धरपकड़ एवं इन काउंटर्स साथ ही सरेंडर कराने में अहम भूमिका निभाई। श्री त्रिपाठी के द्वारा मेले का उद्घाटन किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के आगमन के पश्चात मंच पर दीप प्रज्वलन स्वागत गीत से हुई बटालियन के कार्मिकों एवं उनके बच्चों तथा केंद्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस दौरान बाल कलाकार एवं जवानों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं ने देश भक्ति गीत पर डांस प्रस्तुत किया कार्यक्रम के अंत में कमांडेड श्री त्रिपाठी व अन्य सीआरपीएफ अधिकारियों ने पुरस्कारों का वितरण किया इस अवसर पर विनोद कुमार कनौजिया द्वितीय कमान अधिकारी प्रणव आनंद झा अप कमांडेड सूबेदार मेजर राजा सिंह तोमर निरीक्षक जितेंद्र कुमार पांडे रमाकांत सिंह उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह और बटालियन के जवान एवं उनके परिवार जन उपस्थित थे।

### विकसित भारत-मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का हुआ शुभारंभ

## यह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा : पंकज सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को विकसित भारत-मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान शुरू हुआ। अभियान की शुरुआत पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अभिनेश कुमार सिंह ने किया। अभिनेश सिंह ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है।साथ ही उन्होंने जाति जनगणना के सवाल पर कहा कि राज्य सरकार कभी 1932 के खतियान, कभी सरना धर्म कोड तो कभी जाति जनगणना कराने जैसी बातें कर लोगों को मुल मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है पर यह सरकार नहीं जानती है की जनता सब जानती है। क्योंकि इस चार साल में केवल लूट, भ्रष्टाचार, अपराध, महिलाओं का शोषण, किसान की दुदर्शा के अलावे कुछ नहीं किया। इन्होंने तो अपने घोषणा पत्र में किए वादे तक को पूरा नहीं किया।आकांक्षा संग्रह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा॰ पंकज सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि आकांक्षा संग्रह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा उन्होंने बताया की भाजपा की सरकार ने 99 फीसदी संकल्प पत्र के मुद्दों को पूरा किया। 70 साल पहले एक देश एक कानून बनाने का वादा किया गया था और जब भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया गया। इसी तरह राम मंदिर का वादा भी पूरा किया गया। उन्होंने लोगों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव देने की अपील करते हुए कहा कि मंडलों तक में यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अन्य पार्टियों को चुनौती देते हुए कहा कि उनमें हिम्मत है तो संकल्प पत्र के साथ बैठे और बहस कर लें। भाजपा की सरकार ने 99 फीसदी संकल्प पत्र के मुद्दों को पूरा किया है। मोदी है तो गारंटी है। जिलाध्यक्ष ने विकास के मुद्दे पर भी चर्चा करते हुए कहा कि गरीब परिवारों को 5 किलोग्राम अनाज दिया गया , 5 लाख रुपए तक के इलाज की भी व्यवस्था की गई। घरों तक बिजली पहुंचाई गई, घरों में शौचालय बनवाए गए। अब शुद्ध पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।इस अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाओं, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लांच की गई है। साथ ही पार्टी ने एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया है।मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजेंद्र मंडल, जिप अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, राकेश दुबे, राजीव रंजन पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक आज 3:00 बजे

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव एवं प्रखंड के अन्य शिव मंदिरो में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक आज शुक्रवार 3:00 से किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने प्रखंड के तमाम पंचायत प्रतिनिधियों व गण्यमान प्रबुद्ध लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की है ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूर्व आचार्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली के पूर्व आचार्य करुणेश कुमार मिश्रा के आकस्मिक निधन होने से गुरुवार को विद्यालय में शोकसभा का आयोजन हुआद्य विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पूर्व आचार्य करुणेश कुमार मिश्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया द्य उन्होंने कहा आचार्य करुणेश कुमार मिश्रा एक मृदुभाषी एवं कर्तव्यनिष्ठ आचार्य थे द्य स्व मिश्रा विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।उनका इलाज रांची के एक अस्पताल चल रहा थाद्य इलाज के दौरान ही गत 28 फरवरी को उनका निधन हो गया द्य पूर्व आचार्य करुणेश कुमार मिश्रा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली से विगत साल हीं सेवा निवृत हुए थे द्य पूर्व आचार्य करुणेश कुमार मिश्रा के आकस्मिक निधन से आज विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर राजीव रंजन एवं आचार्य बंधु- भगिनी ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

### मोदी की गारंटी इस देश की जनता का विश्वास है : विनय महतो धीरज



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा भारत की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो घोषणा पत्र नहीं बल्कि संकल्प पत्र जारी करती है। विकसित भारत प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है उक्त बातें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने सिल्ली स्थित समाधान केन्द्र में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान के शुरूआत के दौरान कही। धीरज महतो ने कहा कि मोदी की गारंटी पर देश को विश्वास है ।इसी लक्ष्य के साथ हमने राष्ट्रीय स्तर पर संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुरुआत किया है।हम अपने संकल्प पत्र में आम जनता से सुझाव वो उनके विचारों को लेने और उसे शामिल कर रहे हैं ताकि 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूर्ण हो। इतने बड़े संकल्प को पूर्ण करने के लिए आम जनता की सहभागिता सबसे आवश्यक है। सुझाव संग्रह करने के लिए विभिन्न चरणों में कई कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसमें हॉट मिलन एवं संवाद, एलईडी प्रचार वाहन, मिस्ड कॉल और नमो ऐप के माध्यम से ये कार्य किया जाएगा। यह संवाददाता सम्मेलन सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लिए है जहां कई स्थानों पर सुझाव पत्तियां लगाई जाएगी इसके अलावे आम जनता 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके एवं नमो ऐप पर अपना सुझाव दे सकते हैं। धीरज महतो ने आम जनता से आग्रह किया है यह अभियान सिर्फ बीजेपी का अभियान नहीं है यह जन जन का अभियान और देश का अभियान है। अभियान के अंतर्गत पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव उनके आकांक्षाओं और विचारों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता व संचालन सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू ने किया। मौके पर सृष्टिधर प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद सांई, शैलेन्द्र बड़ाईक, अमित कुमार महतो,गुलाब सिंह,अम्बुज रजक, पांडेय महतो, मिथुन महतो एवं पंकज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

### खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सदन में पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग रखी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने झारखण्ड विधान सभा के सदन में शून्यकाल के माध्यम पत्रकारों पर ना सिर्फ फर्जी मामले दर्ज किये जा रहे हैं बल्कि आए दिन समाचार संकलन करने पर हमले भी हुए हैं। पत्रकार समाज का आईना है जो सच्चाई को दिखाने के लिए अपनी जान की परवाह बिना किए अपने कर्तव्य निर्वाह करते हैं। खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने आसन के माध्यम सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार आयोग का गठन, निःशुल्क बीमा, पेंशन, एक्रीडेशन और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता की मांग किया।

## पांच अफीम सौदागर गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोहसिंघना थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के ओकनी तालाब के पास से पांच अफीम तस्करों को गिरफ्तार है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना दी गई कि ओकनी तालाब के पास चतरा से कुछ तस्कर अफीम लेकर घूम रहे हैं। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी शिवशीष कुमार ने छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया। इस क्रम में पांच तस्कर बाइक पर बैठे हुए थे। पुलिस को देख तस्कर भागने लगे। पुलिस ने पांचों तस्करों को खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़ने के बाद इनकी तलाशी ली गई तो इनके पास से 3.20किलो ग्राम अफीम बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि चतरा से अफीम लेकर तस्कर हजारीबाग से कहीं और बेचने वाले थे। पकड़े गए तस्करों में सुखराम मुंडा, हरीश कुमार, अभिषेक कुमार, निकेतन कुमार, लकराइ मुंडा का नाम शामिल है। सभी तस्कर चतरा जिले के पथलगड्डा के बताए गए हैं। इनके पास से पुलिस ने तीन बाइक, पांच मोबाइल, एक वेट मशीन बरामद की है। छापेमारी दल में सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी शिवाशिष कुमार, लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार सहित कई जवान शामिल थे।

## पीजीटी अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से शीघ्र परीक्षा फल जारी कर नियुक्ति की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आए हुए पीजीटी अभ्यर्थियों ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पीजीटी के सभी 11 विषयों का परीक्षा परिणाम प्रकाशित करते हुए अंतिम रूप से नियुक्ति प्रदान करने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले वर्ष अगस्त सितंबर माह में परीक्षा ली गई थी।जेएसएससी के परीक्षा कैलेंडर के अनुसार नवंबर माह में रिजल्ट प्रकाशित कर नियुक्ति प्रदान किया जाना था। 20 दिसंबर को दो विषयों फिजिक्स और केमिस्ट्री एवं 10 जनवरी को बायोलॉजी एंड ज्योग्राफी का प्रथम सूची प्रकाशित कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का कार्य कराया गया उसके पश्चात आज तक ना इन चारों विषयों का अंतिम सूची और ना ही अन्य सात विषयों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाया गया है।

## बेबसी और लाचारी के आगे जीने को मजबूर आसमान मांझी का परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत हलमाद पंचायत के रामपुर के रहने वाले आसमान माझी अपनी लाचारी और बेबसी के आगे जीने को मजबूर है इनका रहने का ठीक से घर भी नहीं है। कई तरह की समस्याओं के कारण इनकी लाचारी बनी हुई है। इस क्षेत्र के झामुमो कार्यकर्ता संतोष साव ने जब उनके घर पर गया तो उनके परिवार के लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उनकी समस्याओं को लेकर संतोष साव ने इन्हें हर तरह की मदद दिलाने का अशवासन दिया है और मदद करते भी है। सरकार की तरफ से कई कार्यक्रम की योजनाओं का लाभ इन गरीबों तक जल्दी पहुंच नहीं पाती है जिनके कारण इनकी लाचारी बनी हुई है।

## झामुमो का कार्यकर्ता मिलन समारोह, जदयू के कई कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन खिरगांव टैक्सी स्टैंड में आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता यासीन अंसारी एवं मंच संचालन संयोजक मंडली सदस्य सह पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो ने की।शुरुवात झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झामुमो हजारीबाग के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया को बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में झारखंड को बरबाद किया। आज जब महागठबंधन कि सरकार गरीब मजदूर किसान और झारखंड को संवारने का काम क ररही है. जनहित में लगातार फैसले लिए जारहे हैं. सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है महिला स्ट,स्झ एवं महिलाओं को 50 वर्षो में पेंशन दिया जा रहा है आवास विहीन एवं गरीबों के लिए 2 लाख अबुआ आवास स्वीकृत हो चुका है और आने वाले समय में 8 लाख आवास स्वीकृत किए जाएंगे। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है बाहरी सांसद और विधायक को हजारीबाग बक्सर और बलिया भेजना होग। कार्यक्रम में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर दर्जनों लोग झामुमो में शामिल हुए जिसमे प्रमुख रूप से यासीन अंसारी, नजरूला अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद इकबाल, मो जमालुद्दीन, लाल खान, तराना प्रवीण, नजराना प्रवीण,मंगल तुरी, शंभू ठाकुर. कार्यक्रम में जिला श्रमिक संघ के सचिव सह बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह संजय सिंह, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष राजा मोहमद, नईम राही,बालकुमार महतो,मिडिया प्रभारी महताब हुसैन,निसार अहमद, संजय पासवान उपस्थित थें।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने मशाल जलाकर इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों में समावेशी विकास के मद्देनजर शिक्षा के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है। ऐसे में सभी विभागों के विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग खेल के मैदान में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क और स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक गतिविधियों सहित अन्य कार्यों में हिस्सेदारी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। डीएसडब्ल्यू डॉ एसआर रथ ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से परंपरागत और स्थानीय खेलों को भी वार्षिक खेलकूद के जरिए बढ़ावा दिया जा रहा है।

## पंचमाधव बसरिया रिलायंस पेट्रोल पंप के पास माँ गौरी लाइन होटल का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धोबीयाडीह पंचमाधव बसरिया रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में माँ गौरी लाइन होटल का उद्घाटन स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप एवं बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम ने संयुक्त रूप से फीता काट किया गया। उदघाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। मौके पर पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर राम, समाजसेवी नागेश्वर रजक, राजु रजक, मंटू यादव, छोटन यादव, मनोज यादव,बसंत रजक गणेश रजक, द्वारिका रजक, मंटू यादव, छोटी ठाकुर, टिंकू आलम, शिवा निषाद, मिथलेश साव, पिंटू ठाकुर छोटू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रिंस सिंह, सिक्की यादव, पंकज सिंह,अमन साव, अमित चंद्रवासी, मनोज केशरी, कीनू रजक, संतोष ठाकुर आदि कई अन्य लोग शामिल हुए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया बड़कागांव में लभ्यार्थी संपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव चौक के अलावा आसपास के गॉवो में भाजपाइयों ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपाइयों ने लाभार्थियों से संपर्क कर मोदी सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया गया। इस मौके पर तमाम लाभार्थियों ने कहा कि मोदी के माध्यम से कई छोटी बड़ी योजनाओं का लाभ हम सबको प्राप्त हो रहा है। प्रधानमंत्री की वजह से ही आज गांव व शहर सशक्त व मजबूत हुआ है। आज हम सबके जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है हम सभी मोदी के आभारी हैं। डोर टू डोर लाभार्थियों से संपर्क अभियान के पूर्व भाजपाइयों ने पश्चिमी पंचायत भवन के सभागार में बूथ व शक्ति केंद्रों के कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक बैठक कर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई तथा शक्ति केंद्र व बूथ संयोजक व मंडल पदाधिकारियों को बुकलेट उपलब्ध कराये गए। पर्ची का वितरण भी किया गया। वही बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि अबकी बार लोगो का रुझान देखकर सहज चुनाव में 400 से अधिक एनडीए के प्रत्याशी जीतकर दिल्ली जाएगी। चुनाव तक हमारे कार्यकर्ता आराम से बैठने वाले नही है। मौके पर आदित्य सोनी को बड़कागांव पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी। लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, लोकसभा विस्तारक दिनेश बाल्मीकि, कार्यक्रम प्रभारी मूलचंद साव, रामपति राम, कार्यक्रम सयोजक मनीष पांडे, सह सयोजक शिवशंकर मेहता, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, इंद्र भूषण, सुमन गिरी, बेचन साव, अवधकिशोर यादव, राजेश कुमार यादव, विजय यादव, जमुना महतो, लालमणि महतो, सुनीता देवी, मोहमद नोशाद, तिलानाथ साव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज कराटे के 09,गतका के 06 और साइक्लिंग के 01 खिलाड़ी को समाहरणालय सभाकक्ष में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी सम्मानित खिलाड़ियों से बातचीत की और उन्हें भविष्य में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में सफल होने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, अपनी ओर से हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उपायुक्त द्वारा कोच अमित सिंह को भी सम्मानित किया गया। आज इस मौके पर अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज्या पांडेय,कुजरा कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन मेनका प्रजापति और सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बीएड महाविद्यालय ने निकाली रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना(एन.एस.एस.)तत्वाधान में मिनिस्ट्री ऑफ एडुकेशन के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया। रैली बनासो गाँव मे जाकर स्वंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक कर जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया गया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय के द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि %जागरूकता रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए उत्साहित एवं प्रेरित करने का लक्ष्य है%। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव गौरव पटेल ने प्रशिक्षुओं के मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाया और कहा कि %मतदान सभी का अधिकार है। सभी को मतदान और मतपत्र की जानकारी होनी चाहिये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जनमानस में जागरूकता आती है ।राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्र ने कहा कि मतदान देश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को अभिव्यक्त करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,शशि भूषण देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज कुमारी श्रीवास्तव,चंदन कुमार, राजेश कुमार वर्मा,भुवनेश्वर कुमार महतो,प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार ,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,नाजरा खातून,सुनीताशर्मा,आजाद एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## भारत सरकार नीति आयोग से अपर मिशन निर्देशक ने आकांक्षी प्रखंड मांडर का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अपर मिशन निर्देशक श्री आनंद शेखर, नीति आयोग, भारत सरकार ने किया आज आकांक्षी प्रखंड मांडर , रांची का भ्रमण किया। प्रखंड कार्यालय में सबसे पहले उन्होंने सभी प्रखंड स्तर के अधिकारियों से बात की । आकांक्षी कार्यक्रम के सभी सूचकांकों पर उन्होंने गहन विवेचन किया और सभी पर जमीनी स्तर से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सहयोग, अभिषरण और मिल कर एक टीम की तरह काम करना ही इस कार्यक्रम की आधारशिला है । इस बैठक में निर्देशक ङ्क जिला ग्रामीण विकास अभिकरण रांची, प्रखंडस्तरीय विभिन्न अधिकारी, फिलिप सहाय एक्का ङ्क प्रखंड प्रमुख, अमानत अंसारी ङ्क उप प्रमुख, दिवाकर शर्मा ङ्क कार्यक्रम निर्देशक पीरामल फाउन्डेशन, संतोष मालिक ङ्क सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, मोहसिन हाशमी कार्यक्रम प्रबंधक, संजय गुप्ता कार्यक्रम प्रबंधक, इमोनदास सीनियर प्रोग्राम लीड, शाफिकर रहमान प्रोग्राम लीड, आशीष कुमार आकांक्षी प्रखंड फेलो, और पीरामल फाउंडेशन गांधी फेलो निखिल सिंह, सत्यम, दिव्याभारती और शिवानी सदस्य शामिल हुए । बैठक के बाद श्री आनंद ने रेफरल अस्पताल एवम एमटीसी मांडर जा कर उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल कर्मियों, और मरीजों से भी बात की। उन्होंने अस्पताल में अपना बीपी टेस्ट भी करवाया। अस्पताल की व्यवस्थाओं से वह काफी खुश हुए और इसी तरह बेहतर कार्य करने के लिए हौसला अफजाई की। इसके बाद वह +2 उच्च विद्यालय उचरी में भी गए जहा उन्होंने पंचायत के सदस्यों, आंगनवाड़ी और एसएचजी समूह के सदस्यों के साथ भी बैठक की। स्कूल के आईसीटी लैब, पुस्तकालय और अन्य व्यवस्थाओं का भी उन्होंने निरीक्षण किया। पीरामल फाउण्डेशन के सदस्यों ने बताया कि पूरे प्रखंड में पुस्तकालय स्थापित करने और एफएलएन पर उनकी टीम कार्यरत है। फाइलेरिया उन्मुक्तिकरण अभियान की जानकारी भी स्वास्थ सहियाओं ने दिया। ज्ञात हो की माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के लिए रांची जिले में मांडर ही एकमात्र ऐसा प्रखंड है जिसे चुना गया है। यह कार्यक्रम प्रखंड के सतत विकास के तेजी से बढ़ने के लक्ष्य के साथ जन जन तक विकास पहुंचाने के उद्देश से शुरू किया गया है।

## संयुक्त अभियान में रांची, रामगढ़ व बोकारो में प्रतिबंधित सामग्री की पड़ताल की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राहक चेतना ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर, पुलिस अधिकारियों के साथ एक संयुक्त अभियान में झारखंड के कई बाजारों में 12-18 फरवरी, 2024 को प्रतिबंधित सामग्री की पड़ताल की गई। राँची, रामगढ़ और बोकारो में 28 आउटलेट पर प्रतिबंधित सामग्री पाए जाने पर कार्रवाई की गई। रामगढ़ जिले में पिंटो पान शॉप पर विभिन्न ब्रांडों के प्रतिबंधित सिगरेट पैक जब्त किए गए और उस पर एक मामला दर्ज कर लिया गया। प्रतिबंधित सामग्री बेचने वाले अन्य लोगों और दुकानों को चेतावनी दी गई।इस छापेमारी के बारे में ग्राहक चेतना ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी सुरेश कौशिक ने बताया, इन मामलों में हमारे द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करने और आगे बढ़ने के लिए हम कानून प्रवर्तन संस्था की सराहना करते हैं। इस कार्रवाई से ग़ैरक़ानूनी सप्लाई चेन को रोकने में मदद मिलेगी। हम भारत में अवैध नकली/ प्रतिबंधित वस्तुओं के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता और शिक्षा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सिगरेट का ग़ैरक़ानूनी व्यापार जन स्वास्थ्य और समाज के लिए एक गंभीर व बढ़ता हुआ खतरा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होता है, वैधानिक व्यवसायों को नुकसान पहुँचता है, और उपभोक्ता ऐसे उत्पादों के संपर्क में आते हैं, जो किसी नियम के दायरे में नहीं। इसलिए, सिगरेट के गैरकानूनी व्यापार को रोका जाना और कड़े कदम उठाकर इस खतरे को दूर किया जाना बहुत जरूरी है।

## फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट मामले में आईपीसी व आईटी एक्ट के तहत दर्ज हुई प्राथमिकी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीसी रामगढ़ एवं उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने एवं पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जाने संबंधित मामले में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा रामगढ़ थाना में आईपीसी की धारा 419 एवं 420 तथा सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 66 सी एवं 66 डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा सभी से अपील की जाती है कि वे साइबर ठगों एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है।

## 70 बच्चों ने डे बोर्डिंग सेंटर के लिए ट्रायल दिया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलकूद युवा कार्य निदेशालय, झारखंड राँची द्वारा संचालित डे बोर्डिंग बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ हेतू सिद्धू कान्हु स्टेडियम, रामगढ़ में फुटबॉल सेन्टर के 09 खिलाड़ियों के रिक्तियों को भरने हेतु चयन ट्रायल 29 फरवरी 2024 को किया गया जिसमें कुल-70 बालक प्रतिभागियों ने भाग लिया। चयन में मारकस हेमरोम जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ ने बच्चों को मनोबल बढ़ाते हुए हमेशा इसी तरह खेल में आगे बढ़ने एवं खेलते रहने की बात कही। उक्त प्रतियोगिता हेतु मुस्तफा आजाद, सचिव रामगढ़ ज़िला फुटबॉल संघ, अजय डीसुल्वा, भोलानाथ महली, रेखा कुमारी, प्रकाश, सूरज एवं अन्य उपस्थित थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इकाई रामगढ़ के टायर मोड, रामगढ़ मे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गयी । इस बैठक में मुख्य रूप हजारीबाग लोकसभा के रामगढ़ प्रभारी, प्रवेक्षक, सह प्रभारी, संयोजक तथा जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित हुए ।बैठक में मुख्य रूप से कहा गया कि हजारीबाग लोक सभा में पार्टी के द्वारा जिसको भी टिकट दिया जायेगा, सभी को तन, मन, धन से साथ देना होगा । झारखंड का विकास जैबीकेएसएस के सुप्रीमो आदरणीय टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। तथा इनके विचारों को जन जन तक पहुँचचाने की जरूरत है । बाकी बचे पंचायत मे जहा पर कमेटी विस्तार नही हुआ है, वहाँ पर सभी को मिलकर जल्द से जल्द कमेटी विस्तार करने का निर्णय लिया गया । इस बैठक में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, हजारीबाग लोकसभा के रामगढ़ प्रभारी सतेंद्र कुमार, सह प्रभारी लालू प्रसाद, प्रवेक्षक कौलेश्व महतो, संयोजक प्रदीप महतो, प्रवीण कुमार, सूबेदार चौधरी, सुरेंद्र कुमार के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ थाना पुलिस ने 750 एमएल का 320 पीस शराब जब्त की








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के द्वारा गठित टीम को दिनांक 29.02.2024 को संध्या में गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़ से भारी मात्रा में अवैध शराब को वाहन पर लोड कर चोरी-छिपे बिहार में खपाने हेतू ले जाया जा रहा है। मिली गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू थाना में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ रामगढ़ पटले चौक ओभर ब्रीज के समीप वाहन चेकिंग के क्रम में दो संदिग्ध वाहन को चेक किया। जिस पर भारी मात्रा में शराब का पेटी लोड पाया। पकड़ाये वाहन चालकों से नाम-पता पुछते हुए वाहन पर लदा शराब से संबंधित कागजात की मांग की गयी। परंतु वाहन चालकों के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया तथा बताया गया कि वाहन पर लोड शराब नकली शराब है। रामगढ़ के शराब कारोबारी के द्वारा अवैध रूप से नकली शराब को बनाकर बोतल में पैककर नकली स्टीकर लगाकर उसे उंचे दामों पर बेचने हेतू बिहार भेजा जा रहा था। पकड़ाये दोनो वाहन एवं उसपर लदा शराब का जांच किया गया तो पाया कि दोनो वाहन पर Night Girl (नाईट गर्ल) कंपनी का व्हिस्की (whsky) 750 एमएल का बोलत करीब 320 पीस तथा जिसे विधिवत् जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया।गिरफ्तारी अपराधकर्मी में 1.संजु सिंह पिता रामअनेक सिंह पता-दाउदनगर, मदारीपुर बिदुपुर जिला वैशाली , 2. अभितोष कुमार पिता-वशिष्ट नारायण सिंह सा0-दाउदनगर बिदुपुर जिला वैशाली के रहने वाले हैं।इस छापामारी में बरामद सामान में 1. स्वीफट डिजायर कार नं0 BR01Q-3988 , 2. सुमो विक्टा नं0 BR01PA-4611, 3. नाइट गर्ल (Night Girl) कंपनी का व्हिस्की (whsky) 750 एमएल का बोलत करीब 320 पीस ।इस छापामारी दल में शामिल परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़। पु नि सह थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, रामगढ़ थाना। पुअनि सुमन्त कुमार राय, रामगढ़ थाना। सअनि मालती कुमारी, रामगढ़ थाना। रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल।

*इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन ने खिजरी विधायक के पत्रकार सुरक्षा कानून मांग पर दी बधाई*

## लोकतंत्र के प्रतिनिधि यदि चौथे स्तंभ की मांग व रक्षा करें तो देश की गति चौतरफा बढ़ेगी : रविकांत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन(ईरा) ने गुरुवार को प्रदेश के खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून व अन्य सुविधाओं के मामलो को झारखंड विधानसभा में गुरुवार को उठाने पर स्वागत और बधाई दी हैं। इसे लेकर इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन(ईरा) के प्रदेश महासचिव रविकांत , ईरा जिला रामगढ़ कार्यकारिणी अध्यक्ष तपन बनर्जी, ईरा जिला रामगढ़ सदस्यता प्रभारी कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान कर जानकारी दिया हैं। अवसर पर कहां गया कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप जैसे जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश के कहे जाने वाले चौथे स्तंभ पत्रकारों के लिए सुरक्षा कानून, पत्रकार आयोग का गठन, निशुल्क बीमा, पेंशन, एक्रीडेशन व पीएम आवास योजना में प्राथमिकता की बातें उठाते हुए विधानसभा के शुन्य काल में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष के समक्ष रखा हैं, जो कई पत्रकार संगठनों व राज्य के हर कोने के पत्रकारों की मांग हैं। ईरा महासचिव रविकांत ने कहां कि राज्य सरकार खिजरी विधायक राजेश कच्छप के द्वारा उठाए गए पत्रकार हितों को लेकर ठोस कदम उठाए, जिसका लाभ पूरे प्रदेश के ग्रामीण सुदूर कस्बे, कोयलांचल के हर कोने के पत्रकारों को मिलना सुलभ हो पाए, जिससे पत्रकार के हितों और भविष्य की रक्षा हो पाए। लोकतंत्र के प्रतिनिधि यदि चौथे स्तंभ की मांग व रक्षा करें तो देश की गति चौतरफा बढ़ेगी। आशा और विश्वास जताया है कि राज्य सरकार के कांग्रेस विधायक खिजरी राजेश कच्छप के द्वारा उठाए गए पत्रकार मांगों को अवश्य ही पूरा कर धरातल पर उतरा जाएगा, जो बरसों से राज्य झारखंड के पत्रकारों का सपना रहा हैं, साथ ही जिसका लाभ हर सुदूरवर्ती पत्रकारों को मिलना चाहिए, जिसकी लड़ाई इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन भी लड़ रहा हैं। इसे लेकर आगामी दिनों में इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन की टीम विधायक समेत विभिन्न मंत्रियों, सीएम से भी मुलाकात करेंगी। मौके पर ईरा परिवार के युवा पत्रकार मोहम्मद शाहिद, सुरेंद्र राम, दीनानाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित समिति के लोगों ने नए ओपी प्रभारी को क्षेत्र की समस्याओं से रुबरु कराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** विस्थापित समिति उरीमारी ने गुरुवार को उरीमारी ओपी में नव पदस्थापित प्रभारी रामकुमार राम से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। यहां विस्थापित समिति के दशई मांझी ने ओपी प्रभारी को उरीमारी क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ से रूबरू कराया। दशई मांझी ने कहा कि उरीमारी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।बाहरी क्षेत्रों के अंजान चेहरे उरीमारी क्षेत्र में विचरण करते रहते हैं। वहीं दशई मांझी ने यह भी कहा कि आजकल कम उम्र के बच्चे बाइक पर तीन लोड सवार होकर सड़क परिवहन के नियम की अवहेलना कर रहे हैं। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने दशई मांझी को आस्वस्त करते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उरीमारी क्षेत्र में बाहर से आकर उत्पात मचाने वाले लोगों को पकड़ा जाएगा। बाइक राइडर्सो पर नकेल कसा जाएगा। और कानून को अपने हाथों में लेने वालो पर ससमत कार्यवाही की जाएगी। ओपी प्रभारी से मिलने वालों में विस्थापित समिति के दशई मांझी,सुखू मांझी, रैना टूडू, नकुल प्रजापति, कृष्णा सोरेन,तालों हांसदा, मनोज सिंह, शिकारी टुडू,राजू पावरीया,दीपक मरांडी,देवा उरांव, राजेश पटवा आदि लोग मौजूद थे।

## साइबर ठगों से रहे सावधान, ठगी का शिकार होने के उपरांत पीड़ित द्वारा रजरप्पा थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से बार-बार लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने के प्रति जागरूक किए जाने के बाद भी साइबर ठगी के मामलें सामने आ रहे है। हाल ही में साइबर ठगी का शिकार हुए गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत श्री प्रेम दीप कुमार महतो ने रजरप्पा थाने में 1 लाख रुपए के साइबर ठगी से संबंधित मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रेम दीप कुमार महतो बताते हैं कि उपायुक्त रामगढ़ के फेक अकाउंट से उन्हें सुमित कुमार, सीआरपीएफ ऑफिसर नाम के व्यक्ति को खुद का मित्र बता कर एवं सुमित कुमार का ट्रांसफर होने के उपरांत उनके घर के सामान बेचे जाने से संबंधित मैसेज प्राप्त हुआ। जिसके उपरांत उन्हें 7978244036 से फोन आया कि मैं सुमित कुमार सीआरपीएफ ऑफिसर रांची से बोल रहा हूं। मेरा तबादला रांची से जम्मू हो गया है। मैं अपने घर का सारा सामान बेच रहा हूं, रामगढ़ के उपायुक्त, महोदय मेरे मित्र हैं और उन्होंने कहा है कि मेरा सारा सामान आप (प्रेम दीप महतो) 1लाख 25 हज़ार रुपए में खरीदेंगे। उपायुक्त महोदय का मित्र समझकर मैंने बारी-बारी से कुल 1 लाख रुपए, 50 हज़ार रुपए गूगल पे नंबर 9957194583 एवं 50 हज़ार रुपए फोन पे नंबर 9861183852 पर भुगतान कर दिया। मेरा सामान कब पहुंचेगा यह पूछने पर मुझे 45500 रुपए का भुगतान करने को कहा गया। जिसके उपरांत मुझे एहसास हो गया की मैं किसी फ्रॉड के चक्कर में फंस गया हूं। अपना पैसा वापस मांगने पर सुमित कुमार के द्वारा बताया गया कि मुझे कोई सामान नहीं मिलेगा और सुमित कुमार अपनी ड्यूटी करने जम्मू जा रहे हैं और उनका फोन आगे से ऑफ रहेगा। इसके साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि मेरा पैसा 6 महीने बाद मिलेगा।उपरोक्त मामले के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा पुनः सभी से अपील की जाती है कि वे इस तरह के किसी भी साइबर ठग एवं साइबर ठग द्वारा दिए गए किसी भी प्रलोभन से सावधान रहें। जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों व आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक, ङ्ग(twitter) एवं इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें।

## स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर चितरपुर प्रखंड मुख्यालय में हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय चितरपुर में महिला प्रवेक्षिका नसीमा खातून व विभिन्न पंचायतों से आए साहिया,सेविकाएं के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से प्रखंड मुख्यालय में आने जाने वाले मतदाताओं के बीच आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सत प्रतिशत मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस के द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका महिला संगठन के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर उपस्थित सभी महिला मतदाताओं को मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण भी दिलाया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निर्वाचन विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से ईवीएम वीवीपीएटी डेमो मशीन से महिला मतदताओं को मतदान की सही प्रक्रिया को डेमो के माध्यम से बताया गया। इस दौरान कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों में जेएसएलपीएस की दीदीओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया साथ ही सभी ने सत प्रतिशत मतदान करने और आसपास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प भी लिया।

झारखण्ड सरकार
अधीक्षक, उपकारा रामगढ़ का कार्यालय
गृह (कारा एवं आपदा प्रबंधन) विभाग
ग्रा०-चाहा,पो०-जमीरा,जिला-रामगढ़,पिन कोड-825101
E-mail – sj.ramgarh@gmail.com

**कार्यालय आदेश**

एतत् द्वारा सूचति किया जाता है कि उपकारा रामगढ़ द्वारा प्रथम त्रैमासिक निविदा हेतु आमंत्रित अल्पकालिन ई0 निविदा सूचना–PR 319562 Ramgarh(24-25) D है के लिए Pre Bid Meeting Date दिनांक–04.03.2024 को अपराह्न 02.00 बजे अपर समाहर्ता रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में रखी गयी है।

ह0/–
अधीक्षक,उपकारा, रामगढ़

PR 320901 Home, Prison And Disaster Management(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।
ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/F₂-28/2023-24
पत्रांक –183 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | छटियारी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखण्ड–नौडीहा बाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 61.658 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 320798 District(23-24)D

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग - 825301
Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com

मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीट पर नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखण्ड, रांची के पत्रांक–1551 दिनांक–23.11.2023 एवं राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक–4827 दिनांक– 22.12.2023 एवं पत्रांक–4836 दिनांक–22.12.2023 के द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले नामांकन को ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से कराने के निमित पोर्टल तैयार किया गया है, जिसका Web Address - rtehazaribag.in है।

शैक्षणिक सत्र 2024–25 में 25 प्रतिशत सीट पर होने वाले ऑनलाईन नामांकन के लिए दिनांक–01.03.2024 से 16.03.2024 तक तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदन सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

संबंधित सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चों के नामांकन के लिए निर्धारित अवधि में ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे। विशेष परिस्थिति में श्रीमती सुनीला लकड़ा, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (8789967077), श्री राहुल कुमार सिन्हा, लिपिक (9431366897) एवं श्री आशीष कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर (9304362467) से संपर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 320973 School Education and Literacy(23-24).D

कार्यालय, झारखण्ड गो सेवा आयोग,राँची
(पशुपालन भवन, द्वितीय तल, हटिया, हेसाग, राँची-834003)
Email ID:- jhgosewaayog@gmail.com

अति अल्पकालीन ''इच्छा की अभिव्यक्ति''
(Expression of Interest)

झारखण्ड गो सेवा आयोग, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था से राँची जिले के चयनित 10 प्रखण्डों में गोबर आधारित प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित प्रस्ताव दिनांकः–07.03.2024 अपराह्न 02:00 बजे तक सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची, द्वितीय तल, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची– 834003 के पते पर मुहर बन्द लिफाफे आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे तक कार्यालय झारखण्ड गो सेवा आयोग में समिति के समक्ष इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित प्रस्ताव खोला जाएगा। इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्तावेज कार्यालय झारखण्ड गो सेवा आयोग, राँची से दिनांकः–01.03.2024 से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालय के सूचना पट्ठ पर देखा जा सकता है।

सचिव,
झारखण्ड गो सेवा आयोग,राँची

PR 320853 Animal Husbandry(23-24).D

e-Procurement Cell
JHARKHAND STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD., RANCHI

Very Short Term e-Procurement Notice Date- 29-02-2024

| Sl. No | Tender Reference No. | Work Name | Amount in (Rs) | Completion Time | Call | Advt PR. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JSBCCL/102 /2023-24 | Construction of Synthetic Hockey Field with Lighting at Swami Vivekanand Sports Complex, Gumla | 22,81,51,203/- | 12 Months | 2nd | 317039 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on Website | 07.03.2024 at 11:00 AM |
| 3 | Start Date of Submission of Bids | 07.03.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Last Date/Time of Submission of Bids | 21.03.2024 at 05:00 PM |
| 5 | Date/Time of opening of Bid | 22.03.2024 at 05:00 PM |
| 6 | Name & Address of office Inviting tender | e-Procurement Cell, Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi. |
| 7 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2446259 |
| 8 | e-mail ID | jsbccljharkhand@gmail.com |

**Note :- Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
Any change can be seen on Website **http:// Jharkhandtenders.gov.in.**
Any other information can be seen on **http:// Jharkhandtenders.gov.in.**

Manager(Technical)
Jharkhand State Building Construction Corporation Ltd., Ranchi.

PR 320805 Jharkhand State Building Construction Corp. ltd.(23-24)#D

## हर्ल हेलीपैड व बरवाअड्डा के आस-पास आज नो फ्लाई जोन घोषित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने हर्ल हेलीपैड सिंदरी एवं बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आसपास के क्षेत्र को 1 मार्च 2024 को नो फ्लाई जोन घोषित करने का आदेश दिया है।इस संबंध में उन्होंने कहा कि आगामी 1 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री, भारत सरकार का धनबाद के सिंदरी हर्ल एवं बरवाअड्डा हवाई पट्टी में कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री जिस हेलीकॉप्टर से पधारेंगे उसकी लैंडिंग हर्ल हेलीपैड सिंदरी एवं बरवाअड्डा हवाई पट्टी पर की जाएगी। इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से दोनों स्थल के आसपास ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून एवं अन्य संबंधित गतिविधियों को निषेध करते हुए हर्ल हेलीपैड सिंदरी तथा बरवाअड्डा हवाई पट्टी के आसपास के क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया जाता है।

## सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को उपहार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को कतरास क्षेत्र में कार्यरत मनोज वोरा, वरीय सहायक एवं अन्य 22 सेवानिवृत होनेवाले महिला / पुरुष कर्मियों को महाप्रबंधक, कतरास क्षेत्र, एम. एस. दूत सर की अध्यक्षता में कतरास क्षेत्रिय सभागार में



सभी को कम्पनी प्रदत्त उपहार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर कतरास क्षेत्र के सभी सम्मानित ए.सी. सी.सदस्यगण, महाप्रबंधक (उत्खनन), कैलाश कुमार,क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक, रामानुज प्रसाद, एच. पी. दीक्षित, क्षेत्रिय प्रबंधक (वित्त),प्रबंधक (कार्मिक), राणा एस.के.सिंह,एमडी फैज़ल, सुहानी सागर,रामरूप गोप, दिनेश चंद्र पाण्डेय, सत्यवान, दिलीप रवानी,बनमाली तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जन आशीर्वाद यात्रा का तैयारी पर दिया गया जोर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंडी भाषा खातियान संघर्ष समिति की बैठक गुरुवार को बाघमारा विधानसभा में किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता बाघमारा विधानसभा सह प्रभारी दीपक कुमार महतो ने



किया। बताया गया कि बाघमारा विधानसभा अंतर्गत जन आशीर्वाद यात्रा एक से 6 मार्च तक 47 पंचायत और सात नगर निगम वार्डों में जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ होने जा रहा है। जिसका जोरदार तरीके से तैयारी की जा रही है। यात्रा में पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे विधानसभा में हर पंचायत जाकर आशीर्वाद लेते हुए सबका अभिवादन करेंगे। मौके पर केंद्रीय सचिव प्रदीप महतो, केंद्रीय सदस्य अशोक महतो, केंद्रीय सचिव टेकलाल महतो, मुरली कुमार महतो, महेंद्र रविदास, दुलाल देशवाली, आशा देवी, मालती देवी, मीरा देवी, अनीता देवी, सुषमा देवी, फूलमनी देवी, पूनम देवी आदि मौजूद थे।

## मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा ने 19 नेत्र मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति धनबाद शाखा की अध्यक्ष संजू डालमिया ने बताया कि शाखा द्वारा ए.एस. जी. आई हॉस्पिटल में 19 मरीज़ों का निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवा दवाई चश्मा दिया



गया एवं दो मरीज़ों को पावर का चश्मा लगवाया गया।साथ ही सभी मरीज़ों को फ़ूड पैकेट दिया गया। मौक़े पर कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल अरुणा भगानिया शारदा बजाज सुधा खेतान अनीता मुकिम किरण अग्रवाल बबिता पोद्दार किरण हेलिवाल उपस्थित थीं।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अशोक निषाद का आकस्मिक निधन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तेतुलमारी निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अशोक निषाद आकस्मिक निधन की खबर सुनकर उनके आवास पहुंच कर अन्तिम दर्शण किया तथा पिडित परिवार से मिलकर उनको ढाढस दिया इनके निधन से पार्टी को अपुर्णिय क्षति हुई हे जो निकट भविष्य में पुरा नही किया जा सकता है प्रभु अपने श्रीचरणो में स्थान दे तथा इस विकट परिस्थिति मे उनके परिवार के सभी सदस्य को सहन करने की हिम्मत दे तथा मेरी और किसान मोर्चा की और से भावभिनी श्रंधाजलि शिव प्रसाद महतो जिलाअध्यक्ष किसान मोर्चा झामुमो साथ मे अशोक चोहान,उतम महतो,बिरजू निषाद अयोध्या यादव शंकर दास सहित काफ़ी संख्या मे लोग अंतिम दर्शण के लिए पहुंच कर श्रंधाजलि दिया।

## जहानाबाद स्टेशन पर पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दानापुर मंडल के जहानाबाद स्टेशन पर गाड़ी सं. 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है । दिनांक 01.03.2024 से गाड़ी संख्या 22349 पटना-रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 07.34 बजे जहानाबाद स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 07.36 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह गाड़ी संख्या 22350 रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस 21.25 बजे जहानाबाद स्टेषन पहुंचेगी तथा यहां से 21.27 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी

# आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को आंख दिखाने वाले शख्स को बक्शा नहीं जाएगा : मंटू महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** आजसू पार्टी धनबाद जिला समिति द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पार्टी के केन्द्रीय सदस्य मनीष सिंह के ऊपर बैंक मोड़ थाना (भूली ओपी) कांड संख्या- 22/2024 में झूठा आरोप लगाकर स्स्र/स्ट का मुकदमा दर्ज किये जाने के विरोध में आजसू पार्टी के बैनर तले धनबाद डीआरएम कार्यालय से लेकर रणधीर प्रसाद वर्मा चौक तक न्याय मार्च निकाल एवं एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर पुलिस के वरीय पदाधिकारियों से उक्त मामले की निष्पक्ष जांच की मांग किया गया। धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मंटू महतो एवं संचालन जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी ने कीया। अध्यक्षता भाषण में मन्टू महतो ने कहा कि मनीष




सिंह के ऊपर लगाये आरोप बिलकुल निराधार एवं असत्य है। महतो ने कहा कि मनीष सिंह का बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विरोधीयों द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत स्स्र/स्ट के मामले में मनीष सिंह को फसाने का कार्य किया गया है। केन्द्रीय महासचिव राधेश्याम गोस्वामी ने कहा कि आजसू पार्टी का एक-एक सिपाही आम लोगों के बीच उपस्थित होकर हर सुख - दुख में सहयोग प्रदान करती है। जो आजसू पार्टी कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मंच के माध्यम से पुलिस के वरीय अधिकारियों से मांग करते हैं कि उक्त कांड का निष्पक्ष जांच कराया जाए एवं मनीष सिंह को दोष मुक्त करार दे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य रूप से केन्द्रीय सचिव अवधेश यादव, केन्द्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी, रतिलाल महतो , हीरा लाल महतो , राकेश गयाली , विकाश सरकार , सुनिल शर्मा , संतोष कुशवाहा , जितन नापित , संजय महतो, गोत्तम गोप, राजीव सिंह , बमबम सिंह , प्रेम कुमार तिवारी , डब्लू सिंह , आशीष तिवारी , मुकेश कुमार, राजेश उरांव , अमरेन्द्र पासवान , मिना सिंह , उषा देवी , सुनिता वर्मा , सिमा देवी , जमाल अंसारी , रोहित शर्मा, आनन्द दे , विक्रम पासवान इत्यादी शामील थे।

## गिरिडीह में टेलीकॉम कंपनियों के साथ बैठक में एलडीसी ने दिए दंड शुल्क जमा करने के निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** पपरवाटांड स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में गुरुवार को अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मोबाइल टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित किया गया जिसमें बैठक के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा मोबाईल टॉवर मैनेजमेंट से सम्बंधित किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया जिसमें अपर समाहर्ता ने ऑनलाइन टॉवर मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा बैठक करते हुए बताया कि विभिन्न सेक्टर के टेलीकॉम कंपनियों के टॉवर अधिष्ठापन संबंधी प्रक्रिया में किसी भी तरह की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित कर लें और योजनाओं को जनता तक तकनीकी धंग से पहुंचाये और एक नया क्रांति लाये।

# जन वितरण प्रणाली से त्रस्त ग्रामीणों ने किया प्रखंड मुख्यालय घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड मुख्यालय मे गुरुवार को जन वितरण प्रणाली से त्रस्त ग्रामीण का आक्रोश देखने को मिला ग्रामीण अब सड़क पर उतर आए । झारखंड यूथ फोर्स के बैनर तले हजारों की संख्या में ग्रामीण जमुआ अंचल कार्यालय में तालाबंदी करने पहुंचे. जमुआ प्रखंड में जन वितरण प्रणाली में हुए गबन व दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने जनवरी, फरवरी माह का राशन सही तरीके से डीलरों को आवंटित करते हुए गरीबों के राशन वितरण सुनिश्चित करने समेत अंचल कार्यालय में जमीन म्युटेशन जाति प्रमाण पत्र समेत तमाम कागजी प्रक्रिया व प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में हजारों की संख्या में महिला पुरुष रैली की सकल में प्रखंड कार्यालय पहुंचे और राशन कालाबाजरी समेत प्रशासन और सरकार के विरुद्ध में जमकर नारेबाजी की । पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत पुलिस बल भी काफी संख्या में मौजूद थे. इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के




लिए पुलिस को काफी मशक्कत का सामना भी करना पड़ा । गिरिडीह जिले में 87 हजार क्विंटल अनाज घोटाला की बात सामने आई थी ।अनाज घोटाले को लेकर जांच की जा रही है खाद्य आपूर्ति विभाग के अपर सचिव अनिल कुमार सिंह अपनी टीम के साथ कई बार जिले का दौरा कर चुके हैं आपूर्ति कार्यालय में अनाज घोटाले को लेकर बारी-बारी से कागजातों की जांच भी की गई है । इस दौरान विभिन्न सहायक गोदाम प्रबंधक, डोर स्टेप के संवेदकों से भी पूछताछ हुई साक्ष्य जुटाए गए ।

# धनबाद में प्रधानमंत्री आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री प्रो विनीता कुमारी के नेतृत्व में परिषदन भवन में बैठक आयोजन किया गया । धनबाद में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन कोयलांचल की धरती धनबाद पर हो रही है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं एवं आम जनता में हर्ष का माहौल है। वही विनीता कुमारी ने बताया कि गिरिडीह के लोग बहुत ही उत्साहित हैं और पूरी तरह से मोदी को सुनने और देखने के लिए आतुर हैं। जिसमें ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो इसपर विचार विमर्श किया गया। महिला बहनों के लिए बसों एवं विंगर की



व्यवस्था की गई है। 2024 चुनाव नजदीक है और इस बार 400 पार का नारा को साकार करना है और फिर से एक बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में मोदी लाना है। इस बैठक का संचालन महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संगीता सेठ ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजू देवी, जिला महामंत्री सावित्री भारती, जिला मंत्री गुड़िया देवी, जिला उपाध्यक्ष सोनिया कौशिक शालिनी वैश्यखियार, कविता राज, नीतू शोला,लता वर्मा,किरण पांडेय रीना मंडल, पिंकी सिंह आदि महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धनबाद के जोगता थाना के रवि बने नए थानेदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** जोगता थाना में नए थानेदार रवि कुमार सिंह ने बुधवार को योगदान दिया। थाना के अधीनस्थ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। थानेदार रवि ने कहा कि पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करना पहली प्राथमिकता है। थाना क्षेत्र में किसी तरह के अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा। पुलिसिया व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि



लंबित कांडों का जल्द निष्पादन किया जाएगा। बता दें कि 2018 बैच के रवि ने देवघर के रिखिया, सोनारायढाटी तथा देवीपुर थाना क्षेत्र में अपना योगदान दे चुके हैं।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दंपती को असर्फी अस्पताल में मिला नया जीवन, सर्जरी के बाद पत्नी हुईं स्वस्थ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक दंपती को इलाज के बाद नया जीवनदान मिला है। यह घटना 30 जनवरी की है। कोलकाता के राजारहाट निवासी शुभम सरावगी अपनी पत्नी अनमोल केडिया के साथ धनबाद अपने किसी रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह में भाग लेने के बाद वे दोनों अपनी कार से सड़क मार्ग होकर कोलकाता वापस लौट रहे थे। निरसा थाना क्षेत्र के देवियाना मोड़ के समीप एनएच-टू पर छाई लदा एक हाइवा के यू टर्न लेते समय इनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतना भयंकर था कि यह



दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में इस दंपती को असर्फी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। शुभम सरावगी को कम चोट लगी थी। इमरजेंसी वार्ड में फर्स्ट एड के बाद शुभम सरावगी को छोड़ दिया गया। वहीं अनमोल केडिया गंभीर रूप से घायल हुई थीं तथा आंत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ था। वह पूरी तरह बेसुध थीं।असर्फी हॉस्पिटल में उनकी चिकित्सा शुरू हुई। डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय के नेतृत्व में उनकी टीम ने अनमोल केडिया के आंत का सफल सर्जरी किया। सर्जरी के बाद धीरे-धीरे उनकी हालत सुधरती गई। डॉक्टर के सलाह पर उन्हें चौदह दिनों तक अस्पताल में भर्ती रखा गया। हालत में पूरी तरह सुधार होने पर डॉक्टर ने यह कहकर डिस्चार्ज किया कि बीच में एक दिन आकर दिखाना है। अनमोल केडिया 28 फरवरी बुधवार को असर्फी हॉस्पिटल दिखाने आई थीं। स्वास्थ्य का चेकअप करने पर उन्हें सामान्य पाया गया। डॉक्टर कृष्ण कुमार पांडेय ने सिर्फ एक स्टिच कर उन्हें घर वापस भेज दिया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। विदा होते समय उन्होंने डॉ. कृष्ण कुमार पांडेय समेत असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ हरेन्द्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं अनमोल के स्वस्थ होकर विदा होते समय उनके पिता आनंद केडिया और पति शुभम सरावगी के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी।

# झंडा को पकिस्तानी झंडा बता कर किया विडिओ वाइरल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जामाडोबा बड़कीटाड़ मुहल्ला के एक आवास के छत पर लगी धार्मिक झंडा को गलतफहमी में पाकिस्तानी झंडा बता कर धनबाद के एक अखबार में समाचार प्रकाशित होने पर गुरुवार को लोगों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक बैठक कर खबर को गलत बताया गया है। बैठक कि अध्यक्षता करते हुए जामाडोबा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आरिफ सिध्कि ने कहा कि खबर छपने के बाद मुहल्ले के लोगों ने जांच किया तो जिस झंडा को पाकिस्तान का झंडा बताया गया है वह वास्तविक में धार्मिक



झंडा है। असामाजिक लोगों ने क्षेत्र को अशांत करने के उद्देश्य से मीडिया में भ्रामक खबर को छपवाया है। उन्होंने कहा कि हमलोग भारतीय मुस्लिम है और हमसब को भारतीय होने पर गर्व है। हम लोगों को पाकिस्तान एवं उसके झंडा से कोई लेना देना नही है। आज भी लगा है वो धार्मिक झंडा उसे उतरा नहीं गया। यहां के लोग हमेशा से ही एक दुसरे कि धर्म का सम्मान करते हुए भाईचारा कि एकता बनाने में लगे रहते हैं। उन्होंने ऐसे किसी भी समाज विरोधी कि हरकतों से क्षेत्र के लोगों को सावधान रहने कि अपील किया है। बैठक में आरिफ सिद्धिक, तनवीर अंसारी, गुड्डुन अंसारी, राजा अंसारी, मजीद अंसारी, फरीद फरीदी, अजहर अंसारी, रियाज अंसारी आदि थे।

# प्रधानमंत्री से की गई वायु प्रदूषण के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** कोयलांचल में व्याप्त जानलेवा वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न पर्यावरण संकट, बढ़ रही गंभीर बीमारियां, घट रहा औसत उम्र, लाखों लोगों के जिंदगी पर संकट को लेकर एस.एस.के.एम ट्रस्ट के अध्यक्ष सह अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के झारखण्ड उपाध्यक्ष अशोक कुमार मुखर्जी ने भारत के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की माँग की है।पत्र में कहा गया है कि झरिया कोयलांचल में घनी आबादी के चारों तरफ से कोयला खनन के मलवे का पहाड़ बना दिया गया है जो पर्यावरण संरक्षण के विरुद्ध है। जबकि स्स्ध्क्ष्त्रष्ठ ड्डष्ह्ल 1957 के नियम है कि खनन कार्य से पूर्व प्राप्त पर्यावरण स्वीकृति के नियमों के अनुसार कोयला उत्पादन के पश्चात बैक फिलिंग तथा रिक्लेमेशन जरुरी है जिससे जमीन की पुनरुद्धार कर वहां पेड़-पौधा लगाने या पुनः निवास योग्य जमीन बनाया जा सके। बीसीसीएल में अगर रिक्लेमेशन विधि अपनाया गया होता तो यहाँ न तो विस्थापन का समस्या पैदा होता और




न ही पुनर्वास के लिए अरबों रुपये खर्च होते। वहीं कोयले का आग भी इतना बढ़ नहीं पाता। वायु प्रदूषण का दुष्प्रभाव लोगों पर पड़ रहा है।वहीं वायु प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन से जुड़े डॉ मनोज सिंह एवं अखलाक अहमद ने कहा कि कोयला मंत्रालय भारत सरकार, कोयला सचिव भारत सरकार, कोल इंडिया अध्यक्ष, डीजीएमएस, बीसीसीएल सीएमडी, अध्यक्ष- नेशनल ग्रीन ट्यूबनल, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं धनबाद उपायुक्त को भी आवेदन दे कर प्रदूषण नियंत्रण के लिए अनुरोध किया गया है।

# भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा ठगी की शिकार हुई महिलाएं : सीता राणा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी/धनबाद :** पूर्वी टुंडी प्रखंड महिला कांग्रेस कमिटी द्वारा पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष ममता कुमारी के नेतृत्व में सुंदर पहाड़ी में नारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष सीता राणा, टुंडी विधानसभा प्रभारी नूतन विश्वकर्मा और जिला सचिव हेमंती जयसवाल शामिल हुई। ममता कुमारी ने फूलमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि पिछले एक दशक में सबसे ज्यादा महिलाएं ठगी गई। महिला सुरक्षा, महिला सम्मान को लेकर भाजपा का काला चेहरा सब के सामने आ गया जब देश की बेटियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला भाजपा नेता मोदी जी के साथ संसद में साथ खड़ा हुआ। भाजपा का काला चेहरा तब सामने आया जब मणिपुर की महिलाओं को नंगा घुमाया गया और प्रधानमंत्री गृहमंत्री ने चुप्पी साध ली। भाजपा का काला चेहरा तब सामने आया जब बुलडोजर बाबा की पुलिस एक बेटी को रात के अंधेरे में जला दिया। महिलाओं अब जागना होगा



और अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा। सीता राणा ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए बूथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ने और कांग्रेस की विचारधारा को बताने का काम सभी बहनों को करना है।जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करें। अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक करें। आगामी लोकसभा चुनाव न्याय और अन्याय के बीच है और हम न्याय के साथ खड़ा रहना है। राहुल गांधी जी पुरे देश को जोड़ने के लिए और महिलाओं युवाओं के अधिकार के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे। हमे अपने अपने बूथ पर लोगों को कांग्रेस की विचारधारा बतानी है और उन्हें कांग्रेस से जोड़ना है। टुंडी विधानसभा प्रभारी नूतन विश्वकर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भूमिका अहम होगी। हम महिलाओं को संगठित होकर एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा। राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करना होगा। झूठे वादों के लिए न्याय के योद्धा राहुल गांधी जी के साथ खड़ा होना होगा। हमारी ईमानदारीपूर्ण कार्य ही हमे हमारा अधिकार दिला सकता है।कार्यक्रम में महिलाओं ने ममता कुमारी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस का दामन थामा। जिलाध्यक्ष सीता राणा ने सभी महिलाओं को माला पहनाकर स्वागत किया।मौके पर कांग्रेस के पूर्वी टुंडी प्रखंड अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक, जिला सचिव अब्दुल मजीद, जेयती देवी, जितनी देवी , चंपा देवी, सुनीता देवी , आदो देवी, रेखा देवी, चांदमुनी देवी, पूजा कुमारी साव, प्रीति देवी, उपासी देवी, सुरुजमुनि देवी, लुखी देवी, चांदमुनी माझियान, मुदरी माझियान, वहामुनी देवी, सुकुरमुनी देवी, सनोढी देवी, सोनामुनी देवी, सोनाली माझियान, धूमु देवी, पोतोल माझियान, नमिता देवी, सोडामुनी देवी, लिलमुनी देवी, सोनाली देवी, फुलमुनी देवी आदि मौजूद थी।

## दस वर्षों में धनबाद को भाजपा सरकार ने कुछ नहीं दिया : ब्रजेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के अध्यक्ष, पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी के सदस्य और जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की नरेंद्र मोदी का धनबाद आगमन केवल जनता से वोट के लिए है क्योंकि जिस फैक्ट्री के उद्घाटन के नाम पर वह आ रहे हैं वह तो लगभग 1 वर्ष पूर्व से ही चालू है। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने सिंदरी को बसाया था और स्वयं आकर फैक्ट्री का उद्घाटन भी किए थे। लेकिन वह फैक्ट्री तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में बंद कर दी गई थी। आगे उन्होने कहा की मोदीजी धनबाद अवश्य आएं लेकिन धनबाद को नई चीजों का सौगात क्या देंगे, इसकी भी



घोषणा करके जाएं।धनबाद में यहां की जनता की मांग रही है कि यहां एयरपोर्ट होना चाहिए, अच्छा अस्पताल होना चाहिए, ट्रेनों की बहुत कमी है। आजादी के 70 वर्ष बाद भी अभी तक धनबाद से बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, दिल्ली, चेन्नई ऐसी जगह के लिए आज तक एक भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं है जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि छोटी-छोटी जगह से हवाई अड्डा और हर जगह के लिए रेल गाड़ियां उपलब्ध हैं।

## गिरिडीह में झामुमों ने हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर किया पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की रिहाई को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा सदर प्रखंड पूर्वी भाग के द्वारा पूजा अर्चना की गई. कार्यकर्ताओं ने उदनाबाद के जमबाद स्थित हनुमान मंदिर में हवन अनुष्ठान कर पूर्व सीएम की जेल से रिहाई के लिए प्रार्थना किया। मौके पर काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित हो कर इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया. बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को साज़िश के तहत ईडी के माध्यम से गिरफ्तार कराया गया है, जिससे कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। कार्यकर्ता किसी भी हालात में पूर्व सीएम की रिहाई चाहते हैं. इसी उद्देश्य के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर पूजा अर्चना की जा रही है। मौके पर सचिव दिलीप रजक, भरत यादव, अक्षय कुमार, धनेश्वर मल्लाह, रवि सिंह, बॉबी यादव, गुड्डु तिवारी, प्रेम यादव, रामेश्वर यादव समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# अरुण उरांव ने मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान के शुभारंभ को लेकर की प्रेस वार्ता, कहा

## भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा बख्शीडिपा में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर झारखंड भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरुण उराँव प्रेस को संबोधित किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उराँव एवं मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस उपस्थित रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए अरुण अरूण उराँव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है। और इसे पूरा करने का वादा भी किया है आजादी का यह अमृत काल चल रहा है या भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है। जिसका उद्देश्य जन जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी जी तक पहुंचाना ताकि वह भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सके आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु एक करोड़ से अधिक लोगों का सुझावों उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान सुझाव पत्र पेटी का भी लॉन्चिंग किया गया। और बताया कि इस कार्यक्रम का लॉन्चिंग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के द्वारा दिल्ली कार्यालय में किया गया था सुझाव एकत्रित करने हेतु पेटी में मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई। साथी बताया कि जन-जन का सुझाव पत्र एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार गाड़ी भी क्षेत्र में भ्रमण करेगी। सुझाव पेटी भाजपा के छोटी-छोटी बैठकों में भी रखी जाएगी वहां पर कार्यकर्ताओं एवं आमजन का सुझाव पत्र संग्रह किया जाएगा। सुझाव पत्र सादे कागज एवं सुझाव पत्रक के द्वारा पेटी में रखे जा सकते हैं। मौके पर मीडिया बंधुओं के माध्यम से पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी झारखंड में 14 की 14 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी सीटों की निर्धारण एवं नाम की घोषणा केंद्रीय समिति बोर्ड के द्वारा की जाती है वह एक अलग प्रक्रिया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ लीडरों के द्वारा भाजपा पर ऑपरेशन लोटस का आरोप लगाने पर कहा कि हम किसी भी चुनावी प्रक्रिया में अन्य पार्टियों किसी प्रकार का ऑपरेशन नहीं कह सकते क्योंकि एक पार्टी की जिम्मेवारी होती है कि वह अपने कार्यकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों को समेट कर रखें यह कांग्रेस की अपनी कमजोरी है कि वह अपने लोगों को समेट नहीं पा रहे हैं और और दूसरे पार्टी पर दोषारोपण कर रहे हैं।जबकि आपसी नाराजगी दूर नहीं कर पा रहे हैं। मौके पर जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, मंत्री अनिल उराँव, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र महतो उपस्थित हैं।

# खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, केवल तराशने की आवश्यकता : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुड़ू-लोहरदगा :** कुड़ू प्रखंड के ग्राम बारीडीह में यूथ क्रिकेट क्लब हुरहद द्वारा आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि नेसार अहमद प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि शामिल हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े,कुड़ू प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष हाजी सदरुल अंसारी,यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी एवं संगीता उरांव शामिल हुई। अतिथियों के द्वारा दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट के फाइनल मैच का शुभारंभ किये इस टूर्नामेंट में कल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें जोंजरो की टीम और मेलानी की टीम फाइनल में जगह बनाने में कामयाब हुई। दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक था मिलनी टीम के गेंदबाज ने आखरी बॉल पर जोंजरो के खिलाड़ी को बोल्ड कर इस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं आए हुए हजारों दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोहरदगा जिले के ग्रामीण युवाओं में भी क्रिकेट के प्रति काफी दिलचस्पी बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें तराशने की आवश्यकता है। खिलाड़ी अनुशासन के साथ लगन और मेहनत से उचित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, तो वे अपने प्रतिभा को राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतियोगिताओं के लिए चयन हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा खिलाड़ियों को नौकरियों में भी महत्वपूर्ण अवसर दिए जा रहे हैं। वर्तमान में खिलाड़ियों के लिए अच्छा अवसर है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर आयोजन कर्ताओं को भी बधाई दिया अंत में विजेता उपविजेता समेत व्यक्तिगत तौर पर अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक अरशद फैज, मुनीम अंसारी, हारुन अंसारी, सद्दाम अंसारी, जौहर अंसारी, सनामुल अंसारी, युनुस अंसारी, हाजी अब्दुल मजीद, मुमताज अंसारी समेत हजारों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# भाजपा एकमात्र पार्टी जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की : विमला प्रधान

## विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के निमित्त भाजपा ने किया प्रेस कांफ्रेंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है और यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है जब देश विकास में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है। और इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारम्भ करने जा रही हैं जिसका उद्देश्य है जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी जी तक पहुँचाना ताकि वे भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र हेतु 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है।इस अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है पहले चरण अभियान लॉन्च किया गया एवं दूसरे चरण में सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां चलाई जाएंगे लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई है।जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई है।

## राज्य सरकार के द्वारा बिजली युनिट में बढ़ोतरी से उपभोक्तओ की बढ़ी और मुश्किलें

# 125 युनिट बिजली मुफ्त देने की चम्पई सोरेन सरकार की घोषणा निकला झूठ का पुलिंदा : सुरज मोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** राज्य मे महंगी हो गई बिजली,आम विद्युत उपभोकताओ को बढ़ गई मुश्किले,चम्पई सोरेन सरकार का वादा निकला झूठ का पुलिंदा। ग्रामीण क्षेत्र मे 50 पैसे एवं शहरी क्षेत्र मे 35 पैसे प्रति यूनिट की बढोतरी से जहाँ एक और चम्पई सोरेन सरकार ने आम लोंगो की मुश्किले बढा दी है,वही 125 युनिट बिजली मुफ्त देने की चम्पई सोरेन सरकार की घोषणा राज्यवासियो से किया गया वादा झुट साबित हूआ। उक्त बाते प्रेस को बताते हुए लोहरदगा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने कहा कि झामुमो कांग्रेस के गटबन्धन वाली पुर्व की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियो को 100 युनिट बिजली मुफ्त देने की बात कही थी,अब चम्पई सोरेन सरकार कुछ दिन पहले 125 युनिट मुफ्त देने की बात अब बिजली युनिट मे बढोतरी से मुख्यमंत्री द्वारा किया गया वादा बेकार साबित हो रहा है, यह सरकार की कहती कुछ हैं, और करती कुछ हैं। साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र उपभोकताओ को पहले 5.80 रुपये प्रति युनिट बिजली मिलती थी अब 01 मार्च आज से 6.30 रूपये भुगतान करना होगा, वही शहरी क्षेत्रो मे 6.30 रुपये प्रति युनिट के बजाय अब आज से 6.65 रूपये प्रति यूनिट शहर वासियों को भुगतान करना होगा। साहू ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पेश की गई बजट से आम लोगो की आशा, अपेक्षा, आकांक्षाओं की पुरा करने की बजाय चम्पई सोरेन सरकार ने भी लोगो पर अतिरिक्त खर्च का बोझ डालकर लोगो की मुश्किले और बढ़ा दिया है।

# स्वीप कार्यक्रम को लेकर बीडीओ सीओ ने की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता जागरूकता हेतु सामान्य स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में बीडीओ रंजीत सिन्हा,सीओ दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में सभी सुपरवाइजरों संग की बैठक की। आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित कर स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं।निर्देश में उल्लेखित है कि स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु तत्काल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एक स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है । इसके साथ-साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नवप्रवेशित नये छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु प्रेरक कार्यक्रम चलाया जाये जिसमें कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का विशेष सहयोग लिया जाए। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु प्रखंड स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी/ स्टेट आईकन के संदेशों का रिकार्डेड मेसेज (ऑडियो-विडियो) का प्रसारण स्थानीय सिनेमाघरों, स्थानीय केबल टीवी, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा प्रचारित किया जाए। साथ ही ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचार कराया जाये।निर्वाचन से संबधित प्रमुख तिथियों एवं मतदान करने हेतु प्रेरक संदेशयुक्त पोस्टर डिजाइन तैयार कर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर, बैनर, स्टैण्डी, होर्डिंग्स का प्रयोग किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी अरबिंद सिंह, धर्मदास भगत, गौरव गौरीश, बीणा कुमारी, सहित कई लोग मौजूद थे।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त स्टेटिक सर्विलांस टीम को दी गई प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त फ्लाइंग स्क्रायड और स्टेटिक सर्विलांस टीम को आज समाहरणालय परिसर स्थित अभिलाषा कक्ष में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा और जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त आवश्यक दिशा-निर्देशों के पालन के बारे विस्तार से बताया गया। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम अंतर्गत शराब, नगदी, समेत अन्य का वितरण के दौरान मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग व कार्रवाई हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही रिपोर्टिंग व उसकी डेटा इंट्री सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इंट्री किये गये रिपोर्ट की किन-किन स्तर पर समीक्षा की जानी है, उसकी जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईएसएमएस पोर्टल व मोबाईल एप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में ईएसएमएस एप व पोर्टल एवं सी-सिविल एप द्वारा रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग की जानकारी मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दी गई।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से छह एजेण्डा पर चर्चा हुई और मुआवजा संबंधी निर्णय लिये गये। इसमें पानी में डूबने से दो मामले, सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान के 11 मामले, आगजनी से मृत्यु का एक मामला, आगजनी से मकान क्षतिग्रस्त होने के दो मामले (आंशिक क्षति), अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के लाभुकों को मुआवजा भुगतान के 50 मामले, वज्रपात से मृत्यु के 07 मामले और सर्पदंश से मृत्यु के मामले में विचारोपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# हिंडाल्को ने किया जांच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को जिला एड्स कंट्रोल सोसायटी लोहरदगा एवं हिंडालको सीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी, एसटीआई एवं सिफ्लिस की जांच मजदूर, चालक, सह चालकों का किया गया। मौके पर एचआईवी से बचाव की जानकारियां भी जिला समन्वयक अर्चना प्रसाद की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मी मो.आबिद, बिंदेश्वर भगत आदि विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा दी गई। शिविर में कुल 64 लोगों का जांच किया गया। मौके पर नीरज कुमार ने कहा कि एचआईवी एक भयावह बीमारी है। इससे बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। अतः इस शिविर का लाभ जागरूकता प्राप्त कर आप सभी लें। कार्यक्रम का संचालन भास्कर सिन्हा ने की। कार्यक्रम में हिंडाल्को सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के अलावे सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, रवि भूषण सिंह, मनोज सिंह, भास्कर दास गुप्ता, मृणाल कुमार, आकाश कुमार, मलय कुमार के अलावा ट्रक चालक, मजदूर, सह चालक आदि उपस्थित थे।

# निर्माण कार्य मे गुणवत्ता का अभाव देख ग्रामीण भड़के



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विकास कार्य में गुणवत्ता का अभाव को देखते ही ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का बहिष्कार कर मुखिया एवं जिला परिषद को अवगत कराया यह मामला अरु पंचायत के बांधटोली में देखने को मिला। अरु पंचायत में एन एच 143 ए मुख्य पथ से लगभग 15 किलोमीटर तक पथ निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य भारद्वाज कंट्रक्शन द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे काली कारण तथा जगह जगह पर पीसीसी पथ निर्माण किया जाना है। इस निमित अरु बांधटोली में पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा था। जिसमे अनियमितता को देख ग्रामीणों ने कार्य को गुणवत्ता का अभाव बताते हुए निर्माण कार्य को बंद कराने का गुहार लगया और बुधवार शाम जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में काम रूकवाने का कार्य किया गया। परंतु निर्माण कार्य मे गुणवत्ता के अभाव को सुधारने की बात पर कार्य आरम्भ किया गया। इसके अलावे पूर्व से पथ के किनारे लगया गया साइज पत्थर को संवेदक के द्वारा निकाल कर पुल पुलिया में लगाने की बात सामने आई है जो कार्य स्थल पर स्पष्ट नजारा देखने को मिल रहा है। आखिर इन लापरवाही के पीछे किन अधिकारी की

# लाख जतन के बाद शुरू हुए कुडू सरना टोली सड़क निर्माण पर फिर लगा ग्रहण

## गोलीचालन के तीसरे दिन सड़क निर्माण कार्य रहा बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुडू ब्लॉक मोड़ से सुंदरू होते हुए सरना टोली मोड़ तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य मे लगे जेसीबी ऑपरेटर पर की गई फायरिंग के बाद तीसरे दिन सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह बंद रहा। लोगो में चर्चा है कि गोलीचालन की घटना से मजदूरों में दहशत है इसी को लेकर कोई भी काम पर नही लौटा है। हालांकि काम बंद होने की असली वजह जानने के लिए संवेदक के मुंशी राजेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ मुखिया से मोबाइल पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नही हो पाई। ज्ञात हो कि सोमवार 26 की शाम काम से वापस लौट रहे जेसीबी ऑपरेटर धीरज सिंह को तीन की संख्या में पहुंचे अज्ञात उग्रवादियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका ईलाज रिम्स रांची में चल रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद मौके पर माओवादी के नाम पर चार पर्चे भी छोड़े थे। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कुडू ब्लॉक मोड़ से सरना टोली मोड़ तक जाने के लिए पक्की सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। लगभग आठ किलोमीटर तक होने वाली यह सड़क सड़क लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाना है। इसके लिए बिहार की चरण महादेव कन्स्ट्रक्शन एजेंसी को यह ठेका दिया गया है। दर्जनों गांव को जोड़ने वाली इस लाइफ लाइन मानी जाने वाली सड़क का ग्रामीणों के लंबे अरसे की मांग और इंतजार के बाद 20 जनवरी 2022 को विधायक सह राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव,स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत,राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सामूहिक रूप से शिलान्यास किया था। लेकिन दुर्भाग्यवश शिलान्यास के करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पाया। इधर शिलान्यास के बाद से ही एजेसी पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा काम मे लेटलतीफी का आरोप लगाया जाता रहा। जनप्रतिनिधियों और आम लोगों द्वारा स्थानीय विधायक सह मंत्री तक से शिकायत की लेकिन इस रोड पर कई माह तक निर्माण कार्य ठप पड़ा रहा। जिसके नतीजे में तय सीमा पूरी होने के बाद भी काम अभी तक पूर्ण नही हो पाया और न ही आवागमन आसान हो पाया।

# गश्ती में गई पुलिस बल पर जानलेवा हमला मामले में 3 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा पुलिस पर जानलेवा हमला मामले में बड़ी कारवाई करते हुए 3 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी शशि शंकर कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस के साथ हुई घटना हिंसक घटना थी, भीड़ इतनी अक्रोशित थी की कोई भी बड़ी घटना घट सकती थी, उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ मारपीट करने, जानलेवा हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने, हथियार छीनने, गाली गलौज करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। फिलहाल घटना के बाद वायरल वीडियो के आधार पर 3 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। अज्ञात लोगों की पहचान कर दोषियों पर कड़ी कारवाई की जायेगी। ज्ञात हो कि मंगलवार को जलडेगा थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी शशि शंकर कुमार सिंह, एसआई दुर्गेश कुमार और एएसआई किशोर महतो अपने पुलिस जीप में जवानों को साथ लेकर थाना क्षेत्र के लम्बोई बाजार का गश्ती करने निकली थी। पुलिस को बाजार में देखते ही अवैध शराब की बिक्री और चुलाई करने वालों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस अपनी कारवाई कर शराब कारोबारियों को खदेड़ने लगी। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया जिसमे एक बच्चे को चोट लगने का आरोप लगाकर ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस कुछ समझ पाती तब तक गुस्साई भीड़ ने अचानक पुलिस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों इतने आक्रोशीत थे की किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते थे। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने जवानों के हथियार को भी छीनने का प्रयास किया था। भीड़ द्वारा ने बीच बाजार में पुलिस को बंधक बना कर पीटा जा रहा था, कोई लाठी पकड़ा था, तो कोई हाथ से पिटता दिखाई दे रहा था। पूरा बाजार एक तरफ और पुलिस एक तरफ, ग्रामीणों का पलड़ा भारी होता देख पुलिस को जान बचाने के लिए अपना हथियार लेकर भागना पड़ा। लेकिन फिर भी भीड़ ने महेश पासवान नामक एक जवान को पकड़ रखा था और हर कोई उसे बेरहमी से पीट रहा था। थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह, एसआई और एएसआई ने उस जवान को भीड़ से निकालने का कोशिश किया लेकिन भीड़ ने सभी को पकड़ कर पीटा। इस पूरे घटना का वीडियो वहां का हर एक युवक बना रहा था लेकिन पुलिस को बचाने के लिए सामने कोई भी नही आया। सभी लोग मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे थे। इधर घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## चलते चलते एक नजर

### अवैध खनन मामले में भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की आदलत में गुरुवार को अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी भगवान भगत की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। साहिबगंज में 1250 करोड़ की अवैध खनन मामले में भगवान भगत एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने इसीआईआर 4/2022 दर्ज किया है। भगवान भगत अपनी कंपनियों के जरिए पत्थर का कारोबार करता था। वह मामले के एक अन्य आरोपित पंकज मिश्रा का काम देखता था। आठ जुलाई 2022 को ईडी की हुई छापेमारी में भगवान भगत के घर से 28.50 रुपये मिला था।

### दशम फॉल थाना प्रभारी बने प्रशांत गौरव

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने दो इंस्पेक्टरों को पोस्टिंग दी है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित प्रशांत गौरव को दशम फॉल का थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही मांडर थाना में पदस्थापित कृष्ण कुमार तिवारी को पुंदाग ओपी प्रभारी बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार को एसएसपी ने आदेश जारी कर दिया है।

### महाशिवरात्रि मेला का आयोजन दो मार्च से 12 मार्च तक

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के पिठोरिया स्थित बाडू नवा टोली के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दो मार्च से 12 मार्च तक भव्य महाशिवरात्रि द्वादस ज्योति लिंगम मेला सह शिव समर्पण अलौकिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में लोग एक छत के नीचे देश के 12 ज्योतिर्लिंग का प्रारूप का दर्शन एक साथ कर सकते हैं। साथ ही सात मार्च को विशेष समर्पण विवाह समारोह सह भंडारा में आकर अपने जीवन को धन्य बना सकते हैं। इस भव्य महोत्सव के लिए संस्था कि सचालिका बी के राजमती ने कहा कि यह मेला निशुल्क है । झारखंड के कोने कोने से लोग इस महोत्सव में शामिल होने आ रहे हैं। शिव की महिमा अपरंपार है। इस दस दिवसीय कार्यक्रम में आकर भगवान शिव की भक्ति में अपने को रमने का प्रयास करे।

### 2021 से फरार विवेक शर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डोरंडा थाना क्षेत्र से विवेक शर्मा नामक युवक को डोरंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । डोरंडा थाना प्रभारी आनंद ने बताया कि अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में 2021 से विवेक शर्मा फरार चल रहा था, पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


### बीआरपी सीआरपी महासंघ करेगा पांच से आंदोलन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीआरपी सीआरपी महासंघ, झारखंड ने अपनी सेवा शर्त नियमावली और मानदेय वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। महासंघ के अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि धुर्वा स्थित झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यालय पर पांच मार्च से 72 घंटे का घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## करटेकारो को संत मरियम विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** काठमांडू नेपाल में आयोजित इन्डो-नेपाल कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम स्कूल के बाल कराटेकारों ने अपने वेट- कैटेगरी में शानदार फाइट करते हुए दो गोल्ड मेडल एवं तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किया इनका बेहतरीन प्रदर्शन के लिए गुरुवार को संत मरियम छात्रावास परिसर में विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने इन सभी कराटेकारों को हौसला बढ़ाया साथ ही इन्हें सम्मानित भी किया। विदित हो की विजयी प्रतिभागियों में आनंद कुमार और शिव दयाल सिंह को गोल्ड मेडल वहीं अयान सिद्दीकी, उज्ज्वल राज , आदित्य उरांव को सिल्वर मेडल और मिक्सड- मार्शल -आर्ट्स टाईगर्स एकेडमी के रवि नयन को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। इस आयोजन के दौरान शानदार प्रदर्शन हेतू कराटेकार आनंद कुमार को बेस्ट फाईटर का अवार्ड दिया गया । यह चैम्पियनशिप नेपाल शोतोकान कराटे डू- एसोसिएशन के तत्वावधान में बाल श्रीजानालय स्कूल जोरपटी काठमांडू नेपाल में 22-23 फरवरी को किया गया था । पूरी टीम कराटे टीम मुख्य मार्शल- आर्टस प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में नेपाल गया था । शानदार उपलब्धि के लिए संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार एंव बाल कराटेकारो को बहुत- बहुत बधाई देते हुए कहा कि यह होनहार बच्चे देश के भविष्य हैंऔर मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे चलकर पलामू जिला ,झारखंड राज्य सहित देश का नाम रौशन करेगे ।विद्यालय परिवार हमेशा से ऐसा प्रतिभावान बच्चों के साथ है और साथ रहेगी । मौक़े मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, हॉस्टल इंचार्ज उत्कर्ष देव, समस्त शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।



## मुख्यमंत्री से सीसीएल के सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी ने मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड विधानसभा में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी. वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से उन्होंने कोयला के उत्पादन एवं प्रेषण में 2023-24 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मार्गदर्शन का आग्रह किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने अवगत कराया कि उत्पादन एवं प्रेषण लक्ष्य प्राप्त होने से राज्य को राजस्व की प्राप्ति में वृद्धि होगी।

**मुख्यमंत्री से मिले टाटा स्टील के उपाध्यक्ष :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## कांके वधशाला शुरू, अब मिलेगी हाइजेनिक मीट की सुविधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अब रांची वासियों के लिए हाइजेनिक मीट की सुविधा मिलेगी। कांके अंचल अंतर्गत तैयार की गयी अत्याधुनिक वधशाला इसमें मददगार होगी। इसके संचालन का जिम्मा रांची नगर निगम ने अर्श एंड एलहन लिवस्टॉक एक्सपोर्टर्स, रांची और माइक्रो ट्रांसमिशन सिस्टम नोएडा (ज्वाइंट वेंचर) को दिया है। इसका व्यावसायिक उपयोग (मांस काटा जाना) शुरू किया जायेगा ।इस वधशाला के शुरू होने से मेडिकल जांच के बाद वध किये गये खस्सी का स्वस्थ मांस लोगों को उपलब्ध होगा। यहां शहर के मांस विक्रेता भी लाभ ले सकते हैं। बकरों (जो पशु सरकार द्वारा वध के लिए निषेधित ना हो) को 100 रुपये भुगतान पर कटवाया जा सकता है। हर दिन 1000 पशु वध यहां संभव है। रांची नगर निगम के मुताबिक, नियमों के अनुसार शहर में खुले में पशुओं का वध करना वर्जित है। बिना मेडिकल जांच के पशु वध कर उसका उपयोग सेहत के लिए हानिकारक है। ऐसे में कांके में शुरू की गयी वधशाला का उपयोग फायदेमंद होगा। अब जो लोग इधर उधर फुटपाथ दुकान लगाकर खस्सी काट रहे हैं उसके लिए भी अब कांके वधशाला से ही मांस लाकर बिक्री करनी होगी।

## अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को सीधे मिलेगी सरकारी नौकरी



**एजेंसी**

**देहरादून :** प्रदेश सरकार हरियाणा राज्य की तर्ज पर उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता को 5400 ग्रेड पे व अन्य ग्रेड पे पर सीधे नौकरी देगी। विधानसभा के पटल पर हरी झंडी मिल गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस ऐतिहासिक क्षण की प्रदेश के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।उत्तराखंड विधानसभा में खिलाड़ियों के हित में एक विधेयक पास हो गया है, जिसमें राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, ताकि रोजगार के लिए उनका पलायन रुके जिसे विधानसभा के पटक पर खिलाड़ियों के हित में पास किया गया है।खेल मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी मिलने से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे उत्तराखंड को खेलभूमि के नाम से भी जाना जाएगा। उत्तराखंड पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधे नौकरी देने वाला देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में खेल एवं खिलाड़ियों के लिए केंद्र व राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। आज हमारे खिलाड़ियों ने विश्वस्तर पर भारत देश का मान और सम्मान बढ़ाया है।राज्य सरकार भी खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति योजना,आउट ऑफ टर्न जॉब की व्यवस्था,खेल मैदानों को सुदृढ़ करने की व्यवस्था सहित कई अन्य सुविधाएं की हैं।उन्होंने चार प्रतिशत आरक्षण को लागू किये जाने को लेकर कहा कि यह हमारे खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक पल है। लंबे समय से हमारे खिलाड़ी सरकारी नौकरी में चार प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे थे जिसके लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया गया जो सफल भी हुआ है।

## मानवदेवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज में वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी छोटी सी लापरवाही हमसे हमारा जीवन छीन सकती है या हमें जीवन भर के लिए अपाहिज बना सकती है। इन नियमों को जानते तो सभी हैं लेकिन पालन करना जरूरी नहीं समझते। इसी के मद्देनजर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट गिलहरी प्रयास कर रहा है।

लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का। अभी तक विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में लगभग पच्चीस हजार बच्चों के बीच यह अभियान चलाया जा चुका है। सभी बच्चों से टीम वरदान अपील करती है कि वो कम से कम पांच लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। इस तरह टीम वरदान का यह जागरूकता अभियान लाखों लोगों के बीच पहुंचता है !संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि हमारे इस अभियान से अगर एक भी जीवन बच जाए तो यही हमारी बड़ी उपलब्धि होगी। इसी क्रम में टीम वरदान ने मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज पोखराहा में हजारों बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।

मौके पर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती श्वेता कुमारी, वरदान की सचिव शर्मिला वर्मा, राखी सोनी, फरहा नाज, रिनू शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ और मयूरेश द्विवेदी सहित स्कूल के शिक्षकगण उपस्थित रहे। श्वेता कुमारी ने अपने छात्रों को टीम वरदान द्वारा दी गई नसीहत पर अमल करने की अपील की। शर्मिला वर्मा ने छात्रों को हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा। रिनू शर्मा और राखी सोनी ने गीत के जरिये बच्चों को जागरूक किया। अंत में प्राचार्य श्वेता कुमारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सबों की जिम्मेवारी है। सड़क पर जब भी वाहन चलाएं, सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन जरूर करें।

## लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोक सभा चुनाव 2024 की तैयारियों के लिए सभी जिलों से आये एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट, बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 फरवरी से गुरुवार 29 फरवरी तक झारखंड शिक्षा परियोजना के सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिले से आये पदाधिकारियों को न केवल पीपीटी के माध्यम से सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया बल्कि ठीक उसी प्रकार प्रैक्टिकल भी करवाया गया जैसा उनसे अपने कार्यक्षेत्र में निर्वाचन के दौरान अपेक्षित है। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित कई प्रशिक्षकों ने लोक सभा चुनाव से सबंधित विभिन्न विषयों और कर्तव्यों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

## गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए दी 3549.48 करोड़ रुपये की मंजूरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए 3549.48 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। उन्होंने गुरुवार को अपने एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात के लिए प्रस्तावित निर्माण से शहर के यातायात को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आशा जताई कि इन परियोजनाओं से शहर में वाणिज्यिक यातायात की आवाजाही को रोकने से दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।गडकरी ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीहोर और रायसेन जिलों में हाइब्रिड वार्षिकी मोड के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग-146 बी के 41 किलोमीटर लंबाई वाले खंड को 4-लेन करने के लिए 776.19 करोड़ रुपये के आवंटन की मंजूरी दी गई है। यह प्रस्तावित परियोजना कोरिडोर जबलपुर, भोपाल, बैतूल और इंदौर शहरों तक पहुंचने के लिए यात्रा के समय को कम करेगा और राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग नेटवर्क और अन्य महत्वपूर्ण शहर सड़कों से जुड़कर विभिन्न शहरी नोड्स (यात्री टर्मिनल, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, बस टर्मिनल, लॉजिस्टिक प्लेटफॉर्म और सुविधाएं और माल ढुलाई टर्मिनल सहित बंदरगाह) को जोड़ेगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश, भोपाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-146 पर रत्नागिरी तिराहा तक 6-लेन की सर्विस रोड बनाने के लिए 1238.59 करोड़ रुपये के आवंटन की मंजूरी दी गई है। प्रस्तावित संरेखण राष्ट्रीय राजमार्ग-146 और राष्ट्रीय राजमार्ग-46 को जोड़ता है। इसके साथ भोपाल हवाई अड्डे को भी कनेक्टिविटी देता है। इस मार्ग को 6-लेन बनाने से अयोध्या बाईपास व भोपाल शहर में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पैकेज-1 के अंतर्गत 1534.70 करोड़ रुपये की लागत से हाइब्रिड एन्यूटी मोड के तहत 34 किमी लंबे चासले 6 लेन इंदौर वेस्टर्न बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

## सेना ने सालाना अभ्यास में दागी 260 से अधिक मिसाइलें



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सेना की पूर्वी कमान ने सिलीगुड़ी के पास तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में सालाना कमांड स्तरीय प्रशिक्षण अभ्यास किया। इसमें इन्फैंट्री और मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया।

वन मिसाइल वन टैंक के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। युद्ध के मैदान पर सामरिक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए गोलीबारी की गई, जिसमें टैंकों ने प्रमुख भूमिका निभाई है।पश्चिम बंगाल के उत्तर में एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का यह कमांड स्तर का प्रशिक्षण अभ्यास 20 से 28 फरवरी तक चला।

फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय पैदल सेना और मशीनीकृत पैदल सेना बटालियनों की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने अभ्यास में भाग लिया। पूर्वी कमान के त्रिशक्ति कोर के तत्वावधान में गोलीबारी की गई। वन मिसाइल वन टैंक के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गई। हेलीकॉप्टरों से भेजी गई टुकड़ियों ने लक्ष्यों पर हमला करने का भी अभ्यास किया।त्रिशक्ति कोर के तहत यह अभ्यास उन सामरिक परिदृश्यों पर केंद्रित था, जहां टैंक महत्वपूर्ण हैं।

इनमें हाल ही में शामिल किए गए स्वदेशी लाइट स्ट्राइक वाहन सहित विभिन्न वाहनों से गोलीबारी और जमीन पर स्थित टुकड़ियों की गोलीबारी शामिल थी। त्रिशक्ति कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल वीपीएस कौशिक ने गोलीबारी देखी और सैनिकों के पेशेवर उत्कृष्टता की सराहना करते हुए उनसे इस महत्वपूर्ण हथियार प्रणाली में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि एटीजीएम टुकड़ियों ने विभिन्न तरीकों से गोलीबारी की, जिन्हें उन्हें सामरिक स्थिति के आधार पर अपनाना पड़ सकता है।

## हेमंत सोरेन को न्याय मिलने तक सड़क से सदन तक हमारा संघर्ष रहेगा जारी : झामुमो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 14 वें दिन गुरुवार को गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर गढ़वा जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि आज उपवास कार्यक्रम में गढ़वा जिला से हम सभी आए हुए हैं। रांची जिला समिति भी साथ में है। पूरे राज्य में न्याय यात्रा भी निकल रही है। और आपने देखा होगा कि दो दिन पहले ही संकल्प सभा का भी आयोजन रांची में हुआ था। इसमें काफी संख्या में लोग जुटे थे। हमारे निर्दोष नेता हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर साजिश के तहत जेल भेजा गया है। हम सभी उनके न्याय के लिए ही यहां पर उपस्थित हैं। जब तक उनको न्याय नहीं मिलता है। पार्टी के सारे नेता सड़क से लेकर सदन तक इसी तरीके से अपना विरोध जताते रहेंगे।

## उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को लेकर सोशल मीडिया पर चलाया गया महाअभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन के लिए तीन मार्च से 10 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को प्रदेश स्तर पर #AdmissionToSOE हैशटैग के साथ सोशल मीडिया महाअभियान चलाया गया। इस महाअभियान को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), कू आदि) पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दोपहर एक बजे तक हैशटैग #AdmissionToSOE राष्ट्रिय स्तर पर ट्रेंड करने लगा। एक्स पर हैशटैग #AdmissionToSOE के तहत चार हजार से अधिक पोस्ट किये गए। एक्स के अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम और कू एप पर भी लोगों ने इस हैशटैग के साथ हजारों पोस्ट किये।

**विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अभियान को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया, एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ट्रेंड हुआ #AdmissionToSOE**




**एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे अभिभावकत्न** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु अभिभावक ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। राज्य शिक्षा परियोजना ने उत्कृष्ट विद्यालयों में एडमिशन के लिए वेब पोर्टल (https://www.soeadmission.in) भी लांच किया है। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से छात्र और अभिभावक 10 मार्च तक शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरकर जमा कर सकते है।

**आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं उत्कृष्ट विद्यालयत्न** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित उत्कृष्ट विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएससी) द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। ये उत्कृष्ट विद्यालय स्मार्ट क्लास, खेल-कूद एवं तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ विज्ञान विषय के लैब, पुस्तकालय, प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक, लैंग्वेज लैब समेत कई आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं। इन विद्यालयों में राज्य सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना और सूचना प्रौद्योगिकी के मजबूत ढांचे से युक्त उत्कृष्ट विद्यालयों में 10 मार्च तक नामांकन के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।